नीति के अंतर्गत लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष असाधारण मामलों में सीधे हस्तक्षेप करने के लिए प्राधिकृत हैं। इसके अलावा, व्हिसल ब्लोअर नीति के अंतर्गत किसी शिकायत की जांच करते समय, शिकायत की विषय वस्तु को छोड़ कर शिकायतकर्ता / सूचना देने वाले की पहचान को जांच करने के लिए नामित एजेंसी द्वारा लेखापरीक्षा समिति को अध्यक्ष को भी प्रकट नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा, आपकी कंपनी ने धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी को रोकने, पता लगाने और उसके शीघ्र निपटान के लिए धोखाधड़ी निवारण नीति बनाई है। अपनाई जाने वाली प्रणाली को सभी स्तरों पर उचित रूप से सूचित किया गया है और इसे कंपनी की वेबसाइट http://www.gailonline.com/final site/pdf/others/ Drfat Policy2012.pdf पर प्रदर्शित किया गया है।

लेखापरीक्षा समिति व्हिसल ब्लोअर तंत्र के तहत प्राप्त शिकायतों तथा धोखाधड़ी की स्थिति की समीक्षा करती है। समीक्षा के अंतर्गत वर्ष के दौरान व्हिसल ब्लोअर तंत्र तथा धोखाधड़ी निवारण नीति के अंतर्गत कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई।

ख. पणधारक संबंध समिति

i. विचारार्थ विषय

समिति के विचारार्थ विषयों में अन्य बातों के साथ–साथ कंपनी के सुरक्षा धारकों की शिकायतों तथा रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आर एंड टीए) से संबंधित मामलों पर ध्यान देना सम्मिलित है। इसके अलावा, समिति डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने को भी स्वीकृति देगी।

पणधारकों की संबंध समिति की भूमिका समय–समय पर यथा संशोधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार है।

ii. संरचना

31 मार्च, 2018 के अनुसार, पणधारक संबंध समिति में श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष के रूप में, डॉ. आशुतोष कर्नाटक, श्री पी.के. गुप्ता और श्री राहुल मुखर्जी (12.01.2018 से) सदस्यों के रूप में शामिल थे। कंपनी सचिव कंपनी के अनुपालन अधिकारी के तौर पर कार्य करते हैं।

iii. बैठक और अन्य विवरण

2017–18 के दौरान समिति की बैठक 27 नवम्बर, 2017 को आयोजित की गई जिसमें सभी सदस्यों अर्थात् श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव, श्री आशुतोष कर्नाटक और श्री पी. के. गुप्ता ने भाग लिया।

सेबी / स्टॉक एक्सचेंज / एमसीए / डिपॉजिटरियों / अन्य सांविधिक प्राधिकारियों के द्वारा प्राप्त शेयरधारकों के पत्रों को शिकायत के रूप में माना जाता है। शेयरधारकों से प्राप्त दिन–प्रतिदिन के अनुरोधों पर एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, आर एंड टीए द्वारा सीधे कार्रवाई की जाती है तथा इन्हें शिकायतों में सम्मिलित नहीं किया जाता है। संबंधित तिमाही के दौरान प्राप्त शिकायतों तथा समाधान की गई शिकायतों की स्थिति लेखापरीक्षा समिति और निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

वर्ष 2017–18 के दौरान शेयरधारकों / सेबी से 12 शिकायतें सेबी / स्टॉक एक्सचेंज और अन्य वैधानिक निकायों के माध्यम से प्राप्त हुईं, जो कि लाभांश, वार्षिक रिपोर्ट इत्यादि की प्राप्त न होने से संबंधित थीं और सभी 12 शिकायतों का समाधान हो गया था।

कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई प्रकार के उपाय किए हैं कि शेयरधारकों से संबंधित मामलों / विषयों को उचित प्राथमिकता प्रदान की जाए तथा आर एंड टी द्वारा उन्हें एक उचित समयावधि के अंदर निपटाया जाए।

सदस्य(यों) को अपने अनुरोध, यदि कोई हैं, पंजीकृत कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए आर एंड टीए / कंपनी की नामित ई–मेल पता admin@mcsregistrars.com और shareholders@gail.co.in. हैं। इसके अलावा, कंपनी की वेबसाइट www.gailonline.com 'निवेशक क्षेत्र' पर शेयरधारकों की जागरुकता के लिए एक समर्पित खंड है जिसमें वार्षिक रिपोर्टें, वित्तीय सूचनाएं, शेयरधारिता पैटर्न, लाभांश घोषणा, निवेशक की शिक्षा और सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) स्थानांतरण, अदत्त लाभांशों आदि के बारे में नवीनतम घटनाक्रमों और अद्यतन जानकारी दी गई है।

ग. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

गेल एक सरकारी कंपनी है इसलिए पूर्ण–कालिक निदेशकों का पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। अंश–कालिक निदेशक(कों) (सरकारी नामितियों) को कंपनी से किसी प्रकार का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं होता है। इसके अलावा, अंश–कालिक गैर सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों को उनके आकस्मिक खर्चों के अतिरिक्त निदेशक मंडल एवं समिति की प्रत्येक बैठक में उपस्थित होने के लिए क्रमशः 40,000 रुपए और 30,000 रुपए का भुगतान सिटिंग फीस के तौर पर किया जा रहा है।

i. विचारार्थ विषय

इस समिति के विचारार्थ विषय हैं : –

क. कर्मचारियों को निष्पादन संबंधित वेतन (पीआरपी) पूल और पीआरपी के वितरण की नीति पर विचार करना और निर्णय लेना।

ख. निदेशक मंडल द्वारा विचार करने से पूर्व पीआरपी के अलावा वेतन और परिलब्धियों से संबंधित मामलों की जांच पड़ताल करना।

ग. अर्हताओं, सकारात्मक विशेषताओं तथा निदेशक की स्वतंत्रता के लिए मानदंडों को निर्धारित करना तथा निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कार्मिकों के पारिश्रमिक के संबंध में नीति को निदेशक मंडल को प्रस्तुत करना। स्वतंत्र निदेशकों तथा बोर्ड के मूल्यांकन के लिए मानदंडों को निर्धारित करना तथा निदेशक मंडल की विविधता पर निदेशक मंडल द्वारा एक नीति तैयार करना, ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने की योग्यता रखते हैं तथा जो निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किए जा सकते हैं तथा निदेशक मंडल को उनकी नियुक्ति और बर्खास्तगी की सिफारिश करना।

नामांकन और पारिश्रमिक समिति की भूमिका समय–समय पर यथा संशोधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015; कंपनी अधिनियम, 2013 तथा केन्द्रीय लोक क्षेत्र उद्यम 2010 निगमित शासन के दिशानिर्देशों के अनुसार है।

ii. निदेशक मंडल का निष्पादन मूल्यांकन

गेल एक सरकारी कंपनी है इसलिए उनका मूल्यांकन भी नियुक्ति प्राधिकारी होने के नाते भारत सरकार द्वारा किया जाता है। इसके अलावा, नैगम कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कंपनियों को निदेशक मंडल तथा इसकी समितियों के निष्पादन मूल्यांकन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के प्रावधानों का पालन करने से छूट प्राप्त है। तदनुसार, कंपनी ने सेबी को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत दी गई छूट के मुताबिक निष्पादन मूल्यांकन से संबंधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के प्रावधान से छूट देने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, एक मसौदा नीति तैयार की गई है जिसे इस संबंध में नियामक निकाय से किसी विशेष निर्देश प्राप्त होने पर बोर्ड की मंजूरी के लिए माना जाएगा।

iii. संरचना

31 मार्च, 2018 को कंपनी की नामांकन और पारिश्रमिक समिति में श्री राहुल मुखर्जी अध्यक्ष के रूप में, श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव और श्री जयंत नारायण चौधरी सदस्य के रूप में शामिल थे। निदेशक (वित्त) और निदेशक (मानव संसाधन) नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठकों में स्थायी आमंत्रिती हैं।

iv. बैठक और अन्य विवरण

2017–18 के दौरान नामांकन और पारिश्रमिक समिति की 4 (चार) बैठक 2017 में 22 सितम्बर और 10 अक्तूबर तथा 21 दिसम्बर और 2018 में 26 फरवरी को आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

क्र. सं.	सदस्य	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
1.	डॉ. राहुल मुखर्जी (12.01.2018 से)	1	0
2.	श्री दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव (23.05.2017 से)	4	4
3.	श्री जयंतो नारायण चौधरी (12.01.2018 से)	1	1
4.	डॉ. अनूप के. पुजारी (23.05.2017–12.01.2018)	3	3
5	श्री संजय टंडन (12.01.2018 तक)	3	3

v. निदेशकों को पारिश्रमिक

2017–18 के लिए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक का विवरण नीचे दिया गया है :

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	निदेशक का नाम	वेतन एवं भत्ते	पीएफ में अंशदान	अन्य लाभ और परिलब्धियां	निष्पादन से संबंधित भुगतान	कुल*
1.	श्री बी.सी. त्रिपाठी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	54.51	7.62	10.73	18.99	91.85
2	डॉ. आशुतोष कर्नाटक निदेशक (परियोजना)	50.06	6.51	16.72	12.15	85.44
3	श्री सुबीर पुरकायस्थ निदेशक (वित्त)	43.42	6.45	6.65	12.02	68.54
4	श्री पी.के.गुप्ता निदेशक (मानव संसाधन)	48.29	6.51	7.42	13.16	75.38
5	श्री गजेन्द्र सिंह निदेशक (विपणन) (05.04.2017 से)	49.89	6.48	9.19	9.64	75.20

*अवधि के दौरान भुगतान की गई सेल्फ लीज़ की राशि शामिल है

पूर्ण–कालिक निदेशकों को किए गए भुगतानों में एएस–19 के अनुसार अवकाश, उपदान और सेवानिवृत्ति के उपरांत के लाभ के प्रावधान सम्मिलित नहीं हैं क्योंकि इनका निर्धारण व्यक्तिगत कर्मचारी के लिए नहीं किया गया था (वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण की नोट सं. 47 का संदर्भ लें)। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने कोई स्टॉक–विकल्प योजना प्रारम्भ नहीं की है।

पूर्ण–कालिक निदेशकों का सेवा अनुबंध पांच साल अथवा सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो, के लिए है। सेवा छोड़ने की स्थिति में इसके एवज में तीन महीने की नोटिस अवधि अथवा वेतन जरूरी है। अंश–कालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों को भारत सरकार द्वारा प्रायः तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है। अंश–कालिक निदेशक (सरकारी नामिति) जो भारत सरकार के प्रशासनिक मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्हें बोर्ड और इसकी समितियों द्वारा निष्पादन मूल्यांकन के संबंध में को–टर्मिनस आधार अथवा अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, निदेशक मंडल में उनके सम्मिलित होने की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है।

कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों को औपचारिक नियुक्ति पत्र जारी किए हैं। इसके अलावा, सूचीकरण विनियमन – 2015 के विनियमन 46 द्वारा आवश्यक, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के नियम और शर्तें कंपनी की वेबसाइट पर http://www.gailonline.com/IZIndependentDirector.html. पर उपलब्ध हैं।

2017–18 के दौरान अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों को भुगतान की गई सिटिंग फीस, जिसमें कंपनी के निदेशक मंडल और समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए कंपनी द्वारा वस्तु एवं सेवा कर को छोड़कर रिवर्स चार्ज तंत्र द्वारा भुगतान किए गए हैं जो निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	स्वतंत्र निदेशक (कों) का नाम	भाग ली गई बोर्ड की बैठकों की संख्या	भाग ली गई समितियों की बैठकों की संख्या	राशि (लाख रु. में)
1.	श्री एस. के. श्रीवास्तव	15	24	13.20
2.	श्री अनुपम कुलश्रेष्ठ	15	23	12.90
3.	श्री संजय टंडन	12	18	10.20
4.	श्री दिनकर पी श्रीवास्तव	14	14	9.80
5.	डॉ. अनूप के. पुजारी	10	10	7.00
6.	श्री जयंत नारायण चौधरी	09	03	4.50
7.	डॉ. राहुल मुखजी	05	00	2.00

vi. निदेशक द्वारा धारित इक्विटी शेयर

नीचे उल्लेख किए गए को छोड़कर, कंपनी के किसी भी व्यक्ति को अपने स्वयं के नामों पर कंपनी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार कंपनी में कोई भी इक्विटी शेयर नहीं हैं :

क्र. सं.	निदेशक (कों) का नाम	धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2018 को)
1.	श्री पी के गुप्ता	533

घ. निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) समिति

I विचारार्थ विषय

इस समिति के विचारार्थ विषयों में अन्य बातों के अलावा सीएसआर नीति तैयार करना तथा निदेशक मंडल को इसकी संस्तुति करना, समय–समय पर कंपनी की सीएसआर नीति पर होने वाले व्यय की राशि की संस्तुति करना तथा इसकी निगरानी करना तथा निदेशक मंडल द्वारा सौंपी गई अन्य जिम्मेदारी को पूरा करना। सीएसआर समिति की भूमिका समय–समय पर यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013, लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार है।

ii. संरचना

31 मार्च, 2018 को कंपनी की सीएसआर समिति में श्री बी. सी. त्रिपाठी अध्यक्ष के रूप में, श्री पी.के. गुप्ता, श्री आशीष चटर्जी, श्री अनुपम कुलश्रेष्ठ और श्री संजय टंडन सदस्यों के रूप में शामिल थे।

iii. बैठक और अन्य विवरण

2017–18 के दौरान सीएसआर समिति की 03 (तीन) बैठकें वर्ष 2017 में 19 मई, 6 जुलाई और 27 सितम्बर को आयोजित की गईं। बैठकों में उपस्थिति निम्नानुसार रही :

क्र. सं.	सदस्य	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
1.	श्री बी.सी. त्रिपाठी	3	2
2.	श्री पी.के. गुप्ता	3	3
3	श्री अनुपम कुलश्रेष्ठ	3	3
4	श्री संजय टंडन	3	1
5	श्री आशीष चटर्जी	1	0

सीएसआर गतिविधियों और उन पर किए गए व्यय का विवरण निदेशक मंडल की रिपोर्ट / प्रबंधन विचार–विमर्श एवं विश्लेषण में दिए गए हैं।

4. महा निकाय की बैठकें

i. स्थान और समय – पिछली तीन वार्षिक आम बैठकें

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों के स्थान, समय और पारित विशेष संकल्पों का विवरण नीचे दिया गया है, जो निम्नानुसार है :

वित्तीय वर्ष	2014-15	2015-16	2016-17
एजीएम	31वीं	32वीं	33वीं
तिथि एवं समय	16.09.2015 को 10:30 बजे	23.09.2016 को 10:30 बजे	12.09.2017 को 10:30 बजे
स्थान	मानेकशॉ सेन्टर, परेड रोड, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली–110010	मानेकशॉ सेन्टर, परेड रोड, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली–110010	मानेकशॉ सेन्टर, परेड रोड, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली–110010
पारित विशेष प्रस्ताव	अगली एजीएम के सम्पन्न होने तक 2500 करोड़ तक के प्रतिभूत / अप्रतिभूत, विमोचन योग्य, कर योग्य गैर– परिवर्तनीय बांड द्वारा निजी प्लेसमेंट आधार पर एक या अधिक हिस्सों में आईएनआर ऋण लेना।	अगली एजीएम के सम्पन्न होने तक 2500 करोड़ तक के प्रतिभूत / अप्रतिभूत, विमोचन योग्य, कर योग्य गैर– परिवर्तनीय बांड द्वारा निजी प्लेसमेंट आधार पर एक या अधिक हिस्सों में आईएनआर ऋण लेना।	(1) प्राधिकृत शेयर पूंजी में 5,000 करोड़ रुपए को बढ़ाने के लिए (पांच हजार करोड़ रुपए) 500 करोड़ (पांच सौ करोड़) के शेयरों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक 10 (2) समेकन करने के लिए सक्षम प्रावधान को शामिल करने के लिए अनुच्छेदों में संशोधन करने के लिए सेबी परिपत्र संख्याः सीआईआर / आईएमडी / डीएफ –1 / 67 / 2017, 30 जून, 2017 (3) के अनुसार निदेशक मंडल की मंजूरी के अधीन, प्रतिभूत / अप्रतिभूत के माध्यम से ऋण का उधार, निजी नियुक्ति के आधार पर एक या एक से अधिक शाखाओं में, अगले एजीएम के समापन तक 25,000 करोड़ रु. तक रिडीम करने योग्य, कर योग्य गैर–परिवर्तनीय बॉन्ड।
विवरण	2500 करोड़ रुपए तक के प्रतिभूत, कर योग्य, विमोचन, गैर– परिवर्तनीय बांड गैर– परिवर्तनीय ऋणपत्र स्वरूप और विदेशी करेंसी बांड (एस बांड संबंधी) के द्वारा 750 मिलियन यूएसडी तक के माध्यम से राशि जुटाने के लिए प्रस्ताव (वों) या आमंत्रण (णों) करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत करने हेतु कंपनी के शेयरधारकों का अनुमोदन प्रदान किया गया।	2500 करोड़ रुपए तक के प्रतिभूत, कर योग्य, विमोचन, गैर– परिवर्तनीय बांड गैर– परिवर्तनीय ऋणपत्र स्वरूप राशि जुटाने के लिए प्रस्ताव (वों) या आमंत्रण (णों) करने के लिए निदेशक मंडल के प्राधिकृत करने हेतु कंपनी के शेयरधारकों का अनुमोदन मांगा गया।	1) कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी कंपनी की बहिनियमा–वली में संशोधन के लिए मांगी गई थी: (i) अधिकृत शेयर पूंजी में 5,000 करोड़ रुपए (पांच हजार करोड़ रुपए) में 500 करोड़ रुपए (पांच सौ करोड़) शेयरों में विभाजित 10 रुपए प्रत्येक (ii) समय–समय पर जारी करने के लिए अपनी समिति समेत निदेशक मंडल को प्राधिकृत करने, पुनः जारी करने आदि को सुगठित करना आदि। कंपनी की ऋण प्रतिभूतियों सहित इस तरह से जुड़े संरचित / बाजार और इस तरह के नियमों और शर्तों पर फिट समझा जा सकता है। (2) 2500 करोड़ रुपए तक के प्रतिभूत कर योग्य, विमोच्य, गैर–परिवर्तनीय आईएनआर बांड गैर–परिवर्तनीय ऋणपत्र के स्वरूप के और विदेशी करेंसी बांड (एस बांड संबंधी) के माध्यम से निधियां जुटाने के लिए पेशकश या आमंत्रण करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत करने के लिए कंपनी के शेयरधारकों का अनुमोदन।

वर्ष 2017–18 के दौरान सदस्यों की विशेष सामान्य आम बैठक आयोजित नहीं हुई। डाक मतपत्र के माध्यम से कोई प्रस्ताव पारित करने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव नहीं है। अपेक्षित आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में किसी भी कारोबार में डाक मतपत्र के माध्यम से संकल्प पारित करने के लिए लेनदेन करने का प्रस्ताव नहीं है।

ii. डाक मतपत्र

वर्ष के दौरान, शेयरधारकों ने 1:3 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने के लिए साधारण प्रस्ताव के माध्यम से प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी, अर्थात मौजूदा प्रत्येक 10/–रुपए के 3 (तीन) इक्विटी शेयरों के लिए पूर्ण प्रदत्त 10/– रुपए का 1 (एक) बोनस शेयर जारी करना।

तदनुसार, बोनस शेयर रिकार्ड तारीख अर्थात् दिनांक 29.03.2018 को पात्र शेयरधारकों को आबंटित किए गए थे। 31.03.2018 को कंपनी द्वारा बोनस शेयर आबंटित किए गए थे। चूंकि बोनस शेयर 1:3 के अनुपात में जारी किए गए थे, अतः कुछ शेयरधारक थे जिनकी पात्रता विभाजित रूप में आई तथा इस तरह के विभाजित शेयरों को समेकित किया गया और खुले बाजार में बेच दिया गया था। संबंधित शेयरधारकों के बीच की लागत और व्यय का समायोजन करने के बाद बिक्री आय संबंधित शेयरधारकों के बीच वितरित की गई थी।

5. संचार के माध्यम

वित्तीय निष्पादन पर संबंधित एवं विश्वसनीय सूचना का समय पर प्रकटन अच्छे शासन का मूल मंत्र है। इसके लिए उठाए गए मुख्य कदम इस प्रकार हैं :

- **तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणाम** : कंपनी के लेखापरीक्षा न किए गए तिमाही परिणाम और लेखापरीक्षित वार्षिक परिणाम संबंधित तिमाही की समाप्ति के अंत में घोषित कर दिए जाते हैं। वर्ष 2017–18 के दौरान कंपनी के वित्तीय परिणामों को अधिकाधिक शेयरधारकों तक पहुंचाने के लिए इसे नीचे दिए गए अनुसार प्रमुख अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया जिनका परिचालन पूरे देश भर में है :

समाप्त तिमाही परिणामों के प्रकाशन की तिथि	समाचार पत्र		
	इकोनॉमिक टाइम्स (अंग्रेजी)	बिजनेस स्टैंडर्ड (हिन्दी)	इकोनॉमिक टाइम्स (हिन्दी)
30.06.2017	10.08.2017	-	10.08.2017
30.09.2017	16.11.2017	16.11.2017	-
31.12.2017	14.02.2018	-	14.02.2018
31.03.2018	25.05.2018	25.05.2018	-

इसके अलावा, इन्हें कंपनी की वेबसाइट http://www.gailonline.com/final_site/financial_result.html पर भी डाला गया है।

- **एनईएपीएस (एनएसई इलेक्ट्रॉनिक एप्लीकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम) और बीएसई कॉर्पोरेट अनुपालन और सूचीयन केंद्र** – एनएसई और बीएसई ने कॉर्पोरेटों के लिए वेब आधारित एप्लीकेशन विकसित की हैं। एनईएपीएस और बीएसई सूचीयन केंद्रों पर वित्तीय परिणाम, शेयरहोल्डिंग पैटर्न आदि जैसे आवधिक अनुपालन इलैक्ट्रॉनिक रूप में फाइल किए जाते हैं।
- **नए रिलीज़, प्रस्तुति आदि** : सरकारी समाचार/प्रेस विज्ञप्तियां और निवेशकों/ विश्लेषकों को की गई प्रस्तुति समय–समय पर कंपनी की वेबसाइट पर लगाई जाती हैं तथा इनकी सूचना स्टॉक एक्सचेंजों को भी दी जाती है।
- **वेबसाइट** : कंपनी की वेबसाइट www.gailonline.com में समर्पित खंड निवेशक ज़ोन है जिसमें शेयरधारकों के लिए वांछित सूचना अद्यतन की जाती है।
- **वार्षिक रिपोर्ट** : वार्षिक रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ–साथ लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, समेकित वित्तीय विवरणियां, निदेशकों की रिपोर्ट, प्रबंधन के विचार–विमर्श और विश्लेषण, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट सदस्यों और इसके लिए अन्य पात्रों के लिए परिचालित की जाती है। इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाता है।
- एजीएम में अध्यक्ष के भाषण की प्रति मौजूद सभी सदस्यों को वितरित की जाती है। इसे शेयरधारकों की जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट पर भी होस्ट किया जाता है।
- **एससीओआरईएस (सेबी शिकायत निवारण प्रणाली)** : सेबी निवेशकों की शिकायतों को एक केंद्रीकृत वेब आधारित शिकायत निवारण प्रणाली, अर्थात एससीओआरईएस में संसाधित करता है। तथापि, इस प्रणाली के द्वारा कोई शेयरधारक कंपनी के विरुद्ध अपनी शिकायत को दर्ज करा सकता है, कंपनी शिकायत पर की गई कार्रवाई इस पर अपलोड करती है जिसे शेयरधारक द्वारा देखा जा सकता है। कंपनी और शेयरधारक सेबी के माध्यम से ऑनलाइन स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं।
- प्रत्येक वर्ष शेयरधारकों को अदत्त/दावा न किए गए लाभांशों का दावा करने के लिए नियमित अनुस्मारक भेजे जा रहे हैं।
- **हरित पहल–शेयरधारकों को ई–मेल के जरिए महत्वपूर्ण सूचना देना।** नैगम कार्य मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ की गई हरित पहल के अनुसार, सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा दस्तावेज भेजने की सेवा के लिए आपकी कंपनी द्वारा पिछले कुछ सालों से विभिन्न सूचनाएं/दस्तावेज, जैसे वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक आम बैठक की सूचना, एनईसीएस सूचना आदि ऐसे शेयरधारकों को ईमेल द्वारा भेजे जा रहे हैं जिन्होंने अपने ईमेल डीपी/आर एंड टीए के पास पंजीकृत कराए हैं।

6. सामान्य शेयरधारक सूचना

- **आगामी वार्षिक आम बैठक – तिथि, समय और स्थान**

कंपनी की 34वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, **11 सितम्बर, 2018** को प्रातः **10.30 बजे मानेकशॉ केंद्र, परेड रोड, दिल्ली कैंटोनमेंट, नई दिल्ली–110010** में आयोजित की जानी निर्धारित की गई है।

- **लाभांश का विवरण :**

2017–18 के दौरान निदेशक मंडल द्वारा लाभांश के भुगतान को स्वीकृति प्रदान की गई जिसके लिए रिकार्ड तारीख/ बही बंदी और लाभांश भुगतान तिथियां निम्न विवरणों के अनुसार निर्धारित की गई हैं :

क्र. सं.	घोषित लाभांश	लाभांश के अनुमोदन की तारीख	लाभांश (प्रतिशत)	रिकॉर्ड/बही खाता बंद करने की तारीख	लाभांश भुगतान तिथि
1.	अंतरिम लाभांश	बोर्ड-12.01.2018	76.5 (7.65 रु. प्रति शेयर)	20.01.2018	23.01.2018
2.	अंतिम लाभांश (प्रस्तावित)	शेयरधारक, यदि आगामी एजीएम में अनुमोदित किया जाता है– 11.09.2018	14.44 (1.44 रु. प्रति शेयर)	01.09.2018 से 11.09.2018	-

- **निवेशक शिक्षा और सुरक्षा निधि (आईईपीएफ)**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के अनुसार, भुगतान की देय तारीख से सात वर्ष की अवधि के लिए दावा न किए गए और भुगतान न किए गए लाभांश खातों को केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किए गए आईईपीएफ में उनकी ओर से अंतरित करना जरूरी है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 20.49 लाख रुपए तथा 9.24 लाख रुपए की राशि आईईपीएफ में अंतरित की जो क्रमशः वित्तीय वर्ष 2009–10 के लिए दावा / भुगतान न किए गए अंतिम लाभांश तथा वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए अंतरिम लाभांश के लिए थी। अब तक 2.92 करोड़ रुपए की राशि आईईपीएफ में अंतरित की जा चुकी है। निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धन वापसी) नियम, 2016 की धारा 124 (6) और नियम 6 (5) की आवश्यकता के अनुसार, लगातार सात वर्ष या उससे अधिक समय से जिन सभी शेयरों के संबंध में लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है या दावा नहीं किया गया है उन्हें आईईपीएफ प्राधिकरण खाते में स्थानांतरित किया जाए। इस संबंध में, वर्ष 2016–17 के दौरान, 25,763 शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के खाते में स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

बाद के वित्तीय वर्ष के लिए आईईपीएफ प्राधिकरण खाता को दावा/भुगतान न किए गए लाभांश अंतरित करने की आगामी देय तारीखें निम्नानुसार हैं:

वित्त वर्ष	लाभांश का प्रकार	लाभांश (प्रतिशत)	भुगतान न किए गए लाभांश का दावा करने की अंतिम तारीख	आईईपीएफ में अंतरण की निर्धारित तिथि
2010-11	अंतिम	55	06.10.2018	06.11.2018
2011-12	अंतरिम	30	22.02.2019	22.03.2019

आईईपीएफ को दावा/भुगतान न की गई राशियां अंतरित करने के बाद, कंपनी/आर एंड टीए के पास कोई दावा नहीं बचेगा। जिन सदस्यों ने अपने लाभांश वारंटों को अभी तक भुनाया नहीं है वे इन वारंटों के बदले आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मांग ड्राफ्ट जारी कराने के लिए आर एंड टीए/कंपनी के पास जा सकते हैं। परन्तु, जिन शेयरधारकों के अदावाकृत/ अदत्त लाभांश आईईपीएफ को अंतरित कर दिए गए हैं, वे कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा भारत सरकार द्वारा इस संबंध में बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसे दावों के संबंध में रिफंड प्राप्ति के पात्र होंगे। अधिक जानकारी www.gailonline.com /Investor Zone पर उपलब्ध हैं।

कंपनी ने आईईपीएफ (अदत्त और अदावाकृत राशियों के संबंध में सूचना अपलोड करना) नियम, 2012 के अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर 33वीं वार्षिक आम बैठक की तारीख तक दावा या भुगतान न किए गए लाभांशों के संबंध में सूचना अपलोड कर दी है।

- **अन्य विवरण**

पते/बैंक विवरणों/लाभांश आदेश/ई–मेल आईडी में परिवर्तन, यदि कोई हो, के लिए सदस्य इन से संपर्क कर सकते हैं :–

i) यदि शेयर आर एंड टीए/कंपनी के पास भौतिक रूप में हैं।

ii) यदि शेयर अपने डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) के पास इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं आर एंड टीए/कंपनी इस प्रकार के किसी अनुरोध, यदि कोई है, पर विचार नहीं करेगी।

बैंक खाता विवरण और उनके बैंकर का एमआईसीआर कोड, जैसा उनके डीपी के रिकार्ड में दर्ज है, लाभांश/वॉरंटों पर प्रिंट करने के लिए अथवा नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस, जहां लागू हो, के माध्यम से लाभांश भेजने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। लाभांश संबंधी गतिविधियों पर एक विस्तृत संदर्भ टिप्पणी कंपनी की वेबसाइट पर 'निवेशक ज़ोन' के अंतर्गत भी उपलब्ध है।

- **स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों का सूचीकरण**

स्टॉक एक्सचेंज और पता	प्रतिभूति कोड	सुरक्षा का प्रकार
बीएसई लिमिटेड (बीएसई) पहली मंजिल, फिरोज़ जीजीभाई टॉवर दलाल स्ट्रीट मुंबई–400001	532155	इक्विटी शेयर
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. एक्सचेंज प्लाजा, 5 वीं मंजिल, प्लॉट नं सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051	गेल–ईक्यू	इक्विटी शेयर
लंदन स्टॉक एक्सचेंज रेगुलेटरी न्यूज़ सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनसी) 10, पेटरनॉस्टर स्क्वायर लंदन ईसी4एम7एलएस	गेड लीगैली यूएस	जीडीआर

इसके अलावा, कंपनी के अपरिवर्तनीय विमोचन योग्य बॉन्ड–सीरीज़ 1, (8.80:), बॉन्ड सीरीज़–1, 2012 (9.14:) और बॉन्ड सीरीज़–1, 2015 (8.30:) एनएसई की थोक ऋण मार्केट (डब्ल्यूडीएम) पर सूचीबद्ध हैं। आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसिज़ लिमिटेड, एशियन बिल्डिंग, भूतल, 17, आर. कमानी मार्ग, मुंबई–400001 (दूरभाष नंबर 022–40807000) उपर्युक्त बांड सीरीज के लिए बांड ट्रस्टी हैं।


वर्ष 2017–18 के लिए आपकी कंपनी के सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और बॉन्डों के लिए वार्षिक सूचीबद्धता फीस का भुगतान संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों की मांग पर कर दिया गया है। आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसिज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को वार्षिक कस्टडी फीस का भुगतान भी कर दिया है।


वर्ष 2017–18 के दौरान, कंपनी की प्रतिभूतियों को व्यापार करने से नहीं रोका गया था।

- **बाजार मूल्य आंकड़े:**

माह	बीएसई			एनएसई			बाजार पूंजीकरण (करोड़ रु. में)		बाजार सूचकांक	
	उच्च (रु. में)	निम्न (रु. में)	मात्रा (शेयरों की संख्या)	उच्च (रु. में)	निम्न (रु. में)	मात्रा (शेयरों की संख्या)	बीएसई	एनएसई	सेंसेक्स	निफ्टी
अप्रैल	425	377	4662345	425	377	3778812	71669	71703	30184	9367
मई	434	365	3013871	434	366	7712717	70299	70020	31255	9650
जून	415	347	4443638	415	347	1359544	61056	61640	31523	9709
जुलाई	392	356	5024415	393	356	1916744	63711	63720	32673	10115
अगस्त	390	356	6731030	391	356	4316561	63982	63982	32686	10138
सितंबर	428	376	12571600	429	375	15174614	70883	70874	32524	10179
अक्टूबर	480	423	12964925	479	422	2770041	78637	78679	33340	10385
नवंबर	480	442	6162375	479	441	5701317	79271	79221	33866	10490
दिसंबर	518	449	5507821	520	449	3904128	84092	84506	34138	10552
जनवरी	506	447	3316427	507	447	2470120	80895	80946	36444	11172
फरवरी	496	440	3143949	496	439	3198891	77301	77377	36257	11117
मार्च	464	311	3034416	464	309	9038392	74102	74090	34279	10526

टिप्पणी : बोनस शेयर, शेयरधारक डेटा के आधार पर पात्र शेयरधारकों को रिकॉर्ड तिथि अर्थात् 29 मार्च, 2018 को आबंटित किए गए थे।





- **शेयर अंतरण प्रणाली**

आपकी कंपनी के शेयरों का व्यापार अनिवार्यतः डीमैटीरियलाइज्ड रूप में किया जा रहा है तथा ये भारत में दोनों डिपॉजिटरियों, अर्थात एनएसडीएल और सीडीएसएल के अंतर्गत व्यापार के लिए उपलब्ध हैं। एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड डिपॉजिटरी इंटरफेस और कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट हैं।

शेयर हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए और सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 40(2) के अनुसार, कंपनी ने शेयर हस्तांतरण के अधिकार को शेयर हस्तांतरण समिति को सौंप दिया है जो शेयरों के हस्तांतरण/संचरण, पुनर्मूल्यांकन आदि पर विचार करती है। केवाईसी मानदंडों के पालन के बाद सभी स्थानांतरण /रिमैट / ट्रांसमिशन अनुरोधों पर आर एंड टीए द्वारा निर्णय लिया जाता हैं। भौतिक रूप में प्राप्त शेयरों को ठहराव की तिथि से निर्धारित अवधि के भीतर परिवर्तित किया जाता है और उन्हें सभी मामलों में वैध और पूर्ण होने वाले दस्तावेजों के अधीन हस्तांतरित किया जाता है।

- **शेयरधारिता का वितरण**

कंपनी की शेयरधारिता का विवरण दिनांक 31 मार्च, 2018 को निम्नानुसार है :–


धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	शेयरों की संख्या	कुल का प्रतिशत	शेयरधारकों की संख्या	कुल का प्रतिशत
1	6384	0.00	6384	3.44
2-10	86286	0.00	14783	7.96
11-50	1564605	0.07	53040	28.57
51-100	2613073	0.12	34776	18.73
101-200	4982217	0.22	33922	18.27
201-750	12169045	0.54	33526	18.06
751-5000	11752320	0.52	7602	4.09
5001-10000	3178190	0.14	456	0.25
10001-15000	33942761	1.51	728	0.39
15001 और अधिक*	2184776052	96.88	455	0.25
कुल	**2255070933**	**100.00**	**185672**	**100.00**

*इसमें भारत के राष्ट्रपति द्वारा धारित 1208548124 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

- **31 मार्च, 2018 को 10 सर्वोच्च शेयरधारक**

क्र.सं.	शेयरधारक (कों) का नाम	शेयर (रों) का प्रतिशत	प्रतिशत
1	भारत के राष्ट्रपति	1208548124	53.59
2	ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लि.	108905462	4.83
3	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	54452730	2.41
4	भारतीय जीवन बीमा निगम	46414408	2.06
5	मैथ्यू पेसिफिक टाइगर फंड	29612492	1.31
6	एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड – एचडीएफसी प्रूडेंस फंड	27030286	1.20
7	गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल	26024224	1.15
8	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	24389313	1.08
9	सीपीएसई ईटीएफ	19407108	0.86
10	एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड –एचडीएफसी इक्विटी फंड	16043778	0.71

31 मार्च, 2018 को शेयरधारिता की रूपरेखा



- **शेयरों का डीमैटीरियलाइजेशन और नकदी**

  31 मार्च, 2018 को, आपकी कंपनी में 1,85,672 शेयरधारक थे, जिनमें से 1,84,899 शेयरधारकों के पास डीमैट रूप में शेयरधारिता थी तथा 773 शेयरधारकों के पास भौतिक रूप में इक्विटी शेयर थे। आपकी कंपनी की इक्विटी शेयर का डीमैट आईएसआईएन आईएनई129ए01019 और कंपनी का कार्पोरेट पहचान नंबर एल40200डीएल1984जीओआई018976 है, जिसे कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा आबंटित किया गया है।

31 मार्च 2018 को डिमैट / भौतिक विधि में शेयरधारिता



- **शेयर पूंजी लेखा–परीक्षा रिपोर्ट का समायोजन**

  एक योग्य प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव ने राष्ट्रीय सिक्युरिटिज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) और कुल निर्गम और सूचीबद्ध पूंजी वाले कुल शेयर पूंजी के समाधान के लिए त्रैमासिक आधार पर शेयर पूंजी लेखा–परीक्षा का पुनर्मूल्यांकन किया। लेखापरीक्षा यह पुष्टि करती है कि कुल जारी / प्रदत्त पूंजी भौतिक रूपों में कुल शेयरों के अनुरूप है और एनएसडीएल और सीडीएसएल के पास कुल डिमटेरियलाइज्ड शेयर हैं।

- **कमाडिटी मूल्य जोखिम या विदेशी मुद्रा जोखिम और हैजिंग गतिविधियां**

  आपकी कंपनी में प्राकृतिक गैस को आयात करने के लिए मूल्य जोखिम का प्रबंधन करने हेतु एक अनुमोदित प्राकृतिक गैस मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी ने आयातित एलएनजी की खरीद और बिक्री से जुड़े विभिन्न सूचकांकों की अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए वर्ष के दौरान विभिन्न हेज लेनदेन किए हैं।

  इसके अलावा, आपकी कंपनी विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के संबंध में ब्याज और मुद्रा जोखिम का प्रबंधन करने के स्थान पर विदेशी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति को मंजूरी दे दी है। आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान किए गए विदेशी मुद्रा ऋण से संबंधित ब्याज और मुद्रा जोखिम को प्रबंधित किया है।

- **बकाया जीडीआर / एडीआर / वारंट या कनवर्टिबल प्रलेख**

  31 मार्च, 2018 को, 15283549 (0.68 प्रतिशत) का प्रतिनिधित्व करने वाले इक्विटी शेयरों में से कुल 2547258 जीडीआर बकाया थे। एक जीडीआर छः आधारभूत इक्विटी शेयरों का प्रतिनिधित्व करता है। जीडीआर को इक्विटी शेयरों में बदलने से कुल इक्विटी पूंजी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

  लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध जीडीआर का समापन मूल्य बताने वाले जीडीआर का निष्पादन नीचे दिया गया है :



- **प्रमुख संयंत्र स्थल**

  आपकी कंपनी के प्रमुख संयंत्र निम्न स्थलों पर स्थित हैं :

  यू.पी. पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पाता
  पो ओ. पाता–206241
  जिला औरैया (उ.प्र.)

  एलपीजी रिकवरी संयंत्र, विजयपुर
  गेल कॉम्प्लेक्स
  विजयपुर–473112,
  जिला–गुना (म.प्र.)

  एलपीजी रिकवरी प्लांट, वाघोडिया
  जीआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट
  वाघोडिया–391760
  जिला : बड़ौदा (गुजरात)

  एलपीजी रिकवरी परियोजना, गंधार
  गांव रोजा टंकारिया, तालुका आमोद
  जिला –भरुच–392140 (गुजरात)

- **पत्राचार के लिए पता**

  गेल (इंडिया) लिमिटेड
  16, भीकाजी कामा प्लेस,
  आर. के. पुरम,
  नई दिल्ली–110066
  फोन : 91–11–26172580 / 26182955
  फैक्स नं. : 91–11–26185941
  वेबसाइट : www.gailonline.com
  ई–मेल : shareholders@gail.co.in

  शेयरधारक कंपनी के आर एंड टीए से निम्न पते पर संपर्क कर सकते है :

  एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड
  यूनिट : गेल (इंडिया) लिमिटेड
  एफ–65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया,
  फेस–1, नई दिल्ली–110020
  फोन : 91–11–41406149 / 50 / 51 / 52
  फैक्स: 91–11–41709881
  वेबसाइट : www.mcsregistrars.com
  ई–मेल : admin@mcsregistrars.com

7. प्रकटन

A. नीतियां

क. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 23 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी ने संबंधित पार्टी लेन–देन नीति तैयार की है। यह नीति कंपनी की वेबसाइट http://www.gailonline.com/final_site/IZ-Policies.html पर उपलब्ध है।

ख. भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग पर प्रतिबंध) विनियम, 2015 के अनुसार, निदेशक मंडल द्वारा इनसाइडर ट्रेडिंग रोकने के लिए आचार संहिता और अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना के निष्पक्ष प्रकटन के लिए कार्य संहिता और प्रक्रिया निर्धारित की है जिसका उद्देश्य कंपनी में उनकी हैसियत के कारण उन्हें उपलब्ध होने वाली अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना के आधार पर कंपनी के निदेशकों / अधिकारियों / नामित कर्मचारियों को शेयरों की खरीद और / या बिक्री करने से रोकना है। इस संहिता का प्रयोजन मोटे तौर पर शेयरधारकों के हितों की रक्षा करना, किसी मूल्य संवेदी सूचना का दुरुपयोग रोकना तथा कंपनी के शेयरों में डीलिंग द्वारा किसी इनसाइडर ट्रेडिंग क्रियाकलाप को रोकना है। इनसाइडर ट्रेडिंग संहिता कंपनी की वेबसाइट http://www.gailonline.com/final_site/IZ-Policies.html पर उपलब्ध है।

ग. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को घटनाओं और सूचनाओं के प्रकटन की आवश्यकता का पता लगाने और सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 30 के उप–विनियम (4) के खंड (ii) में यथा निर्धारित घटनाओं और सूचना की मैटीरियलिटी का निर्धारण करने वाले मानदंडों को परिभाषित करने हेतु मैटीरियलिटी निर्धारण और प्रकटन के लिए एक नीति तैयार की है। यह नीति कंपनी की वेबसाइट http://www.gailonline.com/final_site/IZ-Policies.html पर उपलब्ध है।

घ. सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 43ए की आवश्यकता के अनुसार लाभांश वितरण नीति मौजूद है और यह http://www.gailonline.com/IZPolicies.html है।

B. अभिपुष्टि और अनुपालन

क. 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष तक की अवधि के लिए, कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 तथा यथा संशोधित रूप में कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित तदनुसार अधिसूचित लेखांकन मानकों के अनुसार अपने वित्तीय विवरण तैयार किए। कंपनी ने वित्तीय विवरण तैयार किए हैं जो 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि के लिए इंड–एएस के अनुरूप हैं, जैसा कि महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के सार में वर्णित है। इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में कंपनी का शुरुआती तुलन–पत्र 31 मार्च 2017 को तैयार किया गया था, जो इंड–एएस में परिवर्तित करने की कंपनी की तारीख थी। वर्ष के दौरान, ऐसा कोई भौतिक महत्वपूर्ण पार्टी लेनदेन नहीं है जिसका स्थूल रूप से कंपनी के हितों के साथ कोई महत्वपूर्ण विरोधाभास हो सकता है। संबंधित पार्टी प्रकटन के विवरण वार्षिक रिपोर्ट में लेखों की टिप्पणी संख्या 50 (अनुलग्नक ख) में दिए गए हैं। सरकारी उद्यम होने के नाते, संबंधित पार्टी लेनदेनों पर इंड एएस–24 के अनुसार सहायक कंपनियों सहित सरकारी उद्यमों के साथ लेनदेनों के संबंध में किसी प्रकार के प्रकटन नहीं किए गए हैं।

ख. कंपनी के निदेशक मंडल ने निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक के लिए आचार संहिता अपनाई है। यह कोड कार्यकारी और गैर–कार्यकारी निदेशकों के साथ–साथ वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक पर भी लागू होता है। सेबी के नियमों के मुताबिक, स्वतंत्र निदेशकों के कर्तव्यों को अधिनियम में निर्धारित कोड में उचित रूप से शामिल किया गया है। कोड की एक प्रति कंपनी के http://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/Code_of_Conduct_2014.pdf पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के सदस्य और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपकी कंपनी की आचार संहिता के साथ अनुपालन की पुष्टि की है।

ग. आपकी कंपनी ने निगमित नियंत्रण शासन की रिपोर्ट निर्धारित समय के अंदर निर्धारित फॉर्मेट पर स्टॉक एक्सचेंजों / पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय / डीपीआई को प्रस्तुत कर दी है।

घ. कंपनी के सीईओ और सीएफओ ने अन्य बातों के साथ–साथ सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत यथा आवश्यक वित्तीय विवरणियों की सत्यता, आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता की पुष्टि कर दी है तथा निदेशक मंडल तथा लेखापरीक्षा समिति को अन्य मामले सत्यापित कर दिए हैं।

ङ. आपकी कंपनी ने ऑनलाइन कानूनी अनुपालन प्रबंधन प्रणाली को कार्यान्वित कर दिया है जिसमें आपकी कंपनी पर लागू कानूनों का अनुपालन सम्मिलित होता है। अनुपालन रिपोर्ट तैयार की गई है तथा इसे निदेशक मंडल की समीक्षा के लिए छमाही आधार पर प्रस्तुत किया जाता है।

च. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान राष्ट्रपति के निदेशानुसार वेतन पुनरीक्षण कार्यान्वित कर दिया गया है।, आपकी कंपनी को राष्ट्रपति के कोई दिशानिर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।

छ लेखा पुस्तकों में व्यय के किसी मद को डेबिट नहीं किया गया है जिनका प्रयोजन व्यापार या व्ययों का नहीं है या जो व्यक्तिगत प्रकृति के हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रशासनिक और कार्यालय व्यय तथा वित्तीय व्यय घटक 2017–18 के लिए कुल व्ययों का क्रमशः 4.60 प्रतिशत और 0.6 प्रतिशत है जबकि 2016–17 में ये 4.24 प्रतिशत और 1.08 प्रतिशत थे।

ज. बोर्ड की बैठक और वार्षिक सामान्य बैठक पर सभी लागू सचिवीय मानकों का पालन किया जाता है।

ग. लंबित मामलों का प्रकटन / अनुपालन न करने के उदाहरण

क. गैल स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशकों की अपेक्षित संख्या के संबंध में निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित आवश्यकता को छोड़ कर सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित विवरण नीचे दिया गया है :–

अवधि	सेबी (एलओडीआर) विनियम के अनुसार निगमित नियंत्रण पर डीपीई दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यकता	कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार अपेक्षित	वास्तविक
01.04.2016-21.09.2017	7	4	5
22.09.2017-31.03.2018	7	4	7

सुश्री इंद्राणी कौशल, कंपनी के निदेशक मंडल में 22.09.2017 से एक महिला निदेशक के रूप में शामिल हुई थीं।

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 की अनुसूची 5 के भाग ग की अनिवार्य आवश्यकताओं को छोड़कर, अनुसूची–।। के भाग ई में यथा निर्धारित निम्नलिखित विवेकाधीन आवश्यकताओं को निम्न सीमा तक क्रियान्वित कर दिया गया है :–

- कंपनी के प्रमुख अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं जो कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं और इनकी नियुक्ति कंपनी के आर्टिकल ऑफ असोसिएशन के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा की गई है।
- वित्तीय परिणामों का प्रकाशन बहुत व्यापक तौर पर किया जा रहा है तथा इन्हें कंपनी की वेबसाइट पर भी डाला जा रहा है।
- कंपनी को वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए इसकी वित्तीय विवरणियों पर सांविधिक लेखापरीक्षकों से कोई विशिष्टता प्राप्त नहीं हुई है।
- कंपनी में एक आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो लेखापरीक्षा समिति को कार्यात्मक तौर पर और सीएमडी को प्रशासनिक तौर पर रिपोर्ट करता है।
- पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले में कंपनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों या निदेशक मंडल अथवा किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी को कोई दंड अथवा आलोचना प्राप्त नहीं हुई है;

ख. लोक उद्यम विभाग ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए कारपोरेट कार्य पर दिशानिर्देश, 2010 तैयार किए हैं। आपकी कंपनी निदेशक मंडल की संरचना को छोड़कर इन दिशानिर्देशों का पालन कर रही है।

8. सहायक कंपनियां – निगरानी रूपरेखा

कंपनी अपने प्रतिनिधियों को सहायक कंपनियों के निदेशक मंडल में नामित करती है। इसके अलावा, सहायक कंपनियों के निदेशक मंडलों की बैठकों के कार्यवृत्त सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 24 के प्रावधानों और निगमित नियंत्रण पर लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार समय–समय पर कंपनी के निदेशक मंडल को प्रस्तुत किए जाने के साथ–साथ लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल द्वारा निम्नानुसार सहायक कंपनियों के निष्पादन की समीक्षा की जाती है:–

(i) सूचीबद्ध न की गई सहायक कंपनियों द्वारा किए गए निवेश,

(ii) सहायक कंपनियों आदि की वित्तीय विवरणियों वाली समेकित वित्तीय विवरणियां,

(iii) महत्वपूर्ण लेनदेनों की आवधिक विवरणियां और व्यवस्थाएं आपकी कंपनी की सहायक कंपनियों द्वारा की गईं।

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 46 के अनुसार, आपकी कंपनी ने 'सामग्री सहायक कंपनी (कंपनियों) के लिए नीति बनाई है। यह कंपनी की वेबसाइट http://www.gailonline.com/final_site/IZ-Policies.html पर उपलब्ध है। कंपनी के पास सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के प्रावधानों और कारपोरेट शासन पर केन्द्रीय लोक उद्यम 2010 के दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भौतिक असूचीबद्ध सहायक कंपनियां नहीं हैं।

9. अनुपालन प्रमाणपत्र

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसूची 5 (ई) के तहत निर्धारित नैगम शासन की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए कंपनी के लेखा परीक्षकों से प्रमाणपत्र, इस रिपोर्ट से जुड़ा हुआ है।

कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के लागू प्रावधानों और निगमित नियंत्रण पर लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों तथा पूंजी बाजार से संबंधित अन्य संबंधित नियमों और विनियमों पर कंपनी सचिव द्वारा अनुपालन की पुष्टि करने वाली सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट निदेशक मंडल की रिपोर्ट का भाग है।

अनुलग्नक–ग

निगमित अभिशासन पर लेखापरीक्षकों का प्रमाण–पत्र

गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों के लिए

हमने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 यथा संशोधित (सूचीकरण विनियम 2015) और लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी केंद्रीय लोक क्षेत्र उद्यमों के लिए निगमित शासन दिशानिर्देश 2010 में निर्धारित अनुसार 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड ('कंपनी') के निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है।

प्रबंधन का दायित्व

निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी में आंतरिक नियंत्रण की संकल्पना, कार्यान्वयन और रखरखाव तथा निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शामिल है, जैसा सूचीकरण विनियम – 2015 एवं डीपीई में निर्दिष्ट किया गया है।

लेखा परीक्षकों का दायित्व

1. हमारा दायित्व कम्पनी द्वारा तथा निगमित अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं की जांच और इसका कार्यान्वयन करने तक सीमित है। यह न तो एक लेखा परीक्षा है और न ही कम्पनी के वित्तीय कथनों पर राय व्यक्त करना है।
2. हमने कंपनी द्वारा निगमित शासन की आवश्यकताओं की शर्तों के अनुपालन पर उचित आश्वासन देने के लिए कम्पनी द्वारा अनुरक्षित लेखाबहियों और अन्य संगत रिकॉर्ड तथा दस्तावेजों की जांच की है।
3. हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी विशेष प्रयोजन (संशोधित 2016) के लिए रिपोर्ट पर मार्गदर्शन टिप्पणी या प्रमाणपत्र के अनुसार कंपनी के संगत रिकॉर्ड की जांच की है। मार्गदर्शन टिप्पणी के लिए आवश्यक है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता की नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें। हमने गुणवत्ता मानक (एसक्यूसी) 1, फर्मों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण की लागू होने वाली संगत आवश्यकताओं का पालन करें, जो ऐतिहासिक वित्तीय जानकारी, और अन्य आश्वासन तथा संबंधित सेवा संलग्नता का लेखा परीक्षण एवं समीक्षा करते हैं।

राय

हमारी राय में और हमारी सबसे अच्छी जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, हम यह प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने निम्नलिखित को छोड़कर सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन आवश्यकता) विनियम, 2015 और डीपीई में निर्दिष्ट निगमित अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है :

क) जैसा कि निगमित अभिशासन रिपोर्ट के पैरा 2 (ii) में बताया गया है, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान सूचीकरण – 2015 के विनियम 17 (1) की आवश्यकताओं का अनुपालन निदेशक मंडल की संरचना में 1 अप्रैल 2017 से 21 सितंबर 2017 की अवधि के लिए गैर कार्यपालक निदेशकों की न्यूनतम 50 प्रतिशत संख्या और कम से कम एक महिला निदेशक के संबंध में लिखित नियमों की शर्तों का अनुपालन नहीं किया है।

ख) जैसा कि निगमित अभिशासन रिपोर्ट के पैरा 2 (ii) में बताया गया है, कंपनी ने सूचीकरण – 2015 में निर्दिष्ट समय अवधि के अंदर स्वतंत्र निदेशकों की सेवा निवृत्ति या त्यागपत्र के कारण उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए सूचीकरण – 2015 के विनियम 25 (6) की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है।

ग) जैसा कि निगमित शासन रिपोर्ट के पैरा 3 ग (2) में बताया गया है, कंपनी ने सूचीकरण – 2015 विनियम 17 (10) का अनुपालन नहीं किया है, जिसमें निदेशकों के पूरे बोर्ड के द्वारा स्वतंत्र निदेशकों के कार्य निष्पादन मूल्यांकन की आवश्यकता होती है और कम्पनी ने सूचीकरण विनियम – 2015 के विनियम 25 (4) की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है, जिसमें गैर–स्वतंत्र निदेशकों, अध्यक्ष और कुल मिलाकर संपूर्ण बोर्ड निदेशकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा करने की जरूरत होती है।

हम आगे कहते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता का कोई आश्वासन है, जिसके आधार पर प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

उपयोग पर प्रतिबंध

प्रमाणपत्र सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन आवश्यकता) विनियम, 2015 और डीपीई दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट आवश्यकताओं का पालन करने के एकमात्र प्रयोजन के लिए कम्पनी के सदस्यों को संबोधित और प्रदान किया गया है और इसे अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार, हम किसी अन्य प्रयोजन के लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए अपनी कोई जिम्मेदारी या कर्तव्य स्वीकार नहीं करते हैं जिसे यह रिपोर्ट दिखाई जाती है या अन्य किसी के हाथ में जाती है जो लिखित में हमारी पूर्व सहमति के बिना आता है।

कृते
ओ. पी. बागला एंड कंपनी एलएलपी
(पूर्व ओ. पी. बागला एंड कंपनी)
चार्टर्ड एकाउंटेंट
फर्म संख्या : 000018एन / एन500091

हस्ता.
राकेश कुमार
(भागीदार)
सदस्यता सं.: 087537

कृते
एएसए एंड एसोसिएट्स एलएलपी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
फर्म सं. 009571एन / एन500006

हस्ता.
प्रवीण कुमार
(भागीदार)
सदस्यता सं.: 088810

स्थान : **नई दिल्ली**
दिनांक : **02 जुलाई, 2018**

अनुलग्नक–घ

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) और कंपनी
(प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में)

सेवा में,
सदस्य,
गेल (इंडिया) लिमिटेड

हमने लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन में और **गेल (इंडिया) लिमिटेड** (जिसे इसके बाद से गेल / कंपनी कहा गया है) द्वारा अच्छी कॉर्पोरेट प्रथाओं के अनुपालन में सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई कि इसने हमें कॉर्पोरेट संचालन / वैधानिक अनुपालन के मूल्यांकन के लिए उचित आधार प्रदान किया और इस पर मैंने अपनी राय व्यक्त की है।

गेल के बही खातों, कागजात, लघु बही खातों, फॉर्म और दाखिल की गई विवरणी तथा अन्य अभिलेखों के सत्यापन के आधार पर और कंपनी द्वारा बनाए गए अन्य रिकॉर्ड और कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों को सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान, हम एतद्द्वारा यह रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह कि कंपनी में उचित बोर्ड–प्रक्रिया और अनुपालन–प्रणाली विद्यमान है और उसका नीचे दर्शाए अनुसार अनुपालन किया गया है :

हमने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए गेल द्वारा रखे गए बही–खातों, कागज़ातों लघु बही खातों, फार्मों, दाखिल की गई विवरणी और अन्य अभिलेखों की निम्न अनुसार जांच की है :

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(iii) डिपॉजिटरिज अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत बनाए गए विनियम और उप–नियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, प्रत्यक्ष विदेश में निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार की सीमा तक इसके अधीन बनाए गए नियम एवं विनियम;

(v) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित नियम और दिशानिर्देश: –

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015;

(ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं विनियम, 2009;

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश, 1999;

(ङ.) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूति निर्गम और इनकी सूचीबद्धता) विनियम, 2008;

(च) कंपनी अधिनियम और ग्राहक से निपटने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता) विनियम, 1993;

(छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की असूचीबद्धता) विनियम, 2009;

(ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना) विनियम, 1998;

(vi) कंपनी के निदेशक मंडल को प्रस्तुत की गई आंतरिक अनुपालन व्यवस्था के अंतर्गत आवधिक प्रमाण–पत्र के आधार पर कंपनी को सूचीबद्ध करने के लिए, नीचे सूचीबद्ध किए गए अन्य विशिष्ट लागू कानूनों (उद्योग के लिए लागू) के अधीन अनुपालन / प्रक्रिया / प्रणाली :

1) पेट्रोलियम अधिनियम, 1934

2) पेट्रोलियम नियम, 2002

3) ऑयलफील्ड (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948

4) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959

5) पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में प्रयोक्ता के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962

6) विस्फोटक अधिनियम 1884 और भारतीय विस्फोटक नियम 1983

7) गैस सिलेण्डर नियम 2004

8) तेल उद्योग विकास अधिनियम, 1974

9) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006

10) सॉल्वेंट, राफिनेट एंड स्लॉप (अधिग्रहण, बिक्री, संग्रहण और ऑटोमोबाइल में उपयोग की रोकथाम) आदेश, 2000

11) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शहर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008

12) पेट्रोलियम उत्पाद (उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति का रखरखाव) आदेश, 1999

13) पयार्वरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986

14) खतरनाक अपशिष्ट (मैनेजमेंट एंड हैंडलिंग) नियम, 1989

15) ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000

16) जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) उपकर नियम, 1978

17) बैटरीज (मैनेजमेंट एंड हैंडलिंग) नियम, 2001

18) केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989

19) जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974

20) वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974

21) खतरनाक रसायन निर्माण, संग्रहण और आयात नियम, 1989

22) एसएमपीवी (यू) नियम, 1999 द्वारा संशोधित अनुसार स्थिर और मोबाइल दबाव वेसल्स (अनफायर्ड) नियम, 1981

23) भारतीय वन अधिनियम, 1927

24) ओजोन अवमूल्यन पदार्थ (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000

25) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000

26) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय टेलीग्राफ नियम, 1951

27) भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी (वैश्विक समुद्री संकट और सुरक्षा प्रणाली का संचालन के लिए वाणिज्यिक रेडियो ऑपरेटर प्रमाण–पत्र दक्षता और लाइसेंस) नियम, 1994

28) भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933

29) खान अधिनियम, 1952

30) शस्त्र अधिनियम, 1959

हमने लागू खंडों के अनुपालन की भी निम्नानुसार जांच की है:

(क) भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानदंड – आम तौर पर जिनका अनुपालन किया जाता है।

(ख) भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन आवश्यकता विनियम, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के साथ इक्विटी सूचीकरण करार, एनएसई के साथ ऋण सूचीकरण करार तथा लंदन स्टॉक एक्सचेंज के साथ जीडीआर सूचीकरण करार।

(ग) सीपीएसई (डीपीई दिशानिर्देश) के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशानिर्देश।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने निम्नलिखित अवलोकनों के अधीन उपर्युक्त अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

निरीक्षण संख्या 1. भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताएं विनियम, 2015 के नियम 17 (10) और 25 (4) के तहत कंपनी ने निदेशकों का प्रदर्शन मूल्यांकन नहीं किया है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी ने 01.04.2017 से 21.09.2017 तक की अवधि को छोड़कर निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013, डीपीई

दिशानिर्देश और एसईबीआई (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम के अनुसार गठित किया जाना है। उक्त अवधि में अनुपालन नहीं करने का कारण स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या तथा महिला निदेशक की कमी थी। समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुए निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किए गए थे।

आम तौर पर, सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकों, कार्यसूची और विस्तृत नोटों को तय करने के लिए एजेंडा को कम से कम सात दिन पहले अग्रिम में भेज दिया गया था, और बैठक से पहले कार्यसूची की मदों पर अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए एक प्रणाली विद्यमान है। यदि कार्यसूची को अल्प सूचना पर भेजने के साथ बैठक को बुलाया गया तो उसके आयोजन के लिए उपस्थित सदस्यों की सहमति ली गई थी।

बैठक के दौरान उपस्थित सभी निदेशकों / सदस्यों की सर्वसम्मति से बोर्ड / समिति की बैठक(कों) में सभी निर्णय लिए गए।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी में पर्याप्त व्यवस्था और प्रक्रियाएं मौजूद हैं जो कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप हैं, ताकि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की निगरानी की जा सके और अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखा–परीक्षा की अवधि के दौरान, कंपनी ने अपने नियमों और विनियमों के अनुपालन में अपने सदस्यों द्वारा धारित तीन इक्विटी शेयरों के लिए एक इक्विटी शेयर के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी किए हैं।

कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स,
कंपनी सचिव,

हस्ता.
सीएस सचिन अग्रवाल
भागीदार
एफसीएस सं.: 5774
सी.पी.सं.: 5910

दिनांक : **8 जून, 2018**
स्थान : **नई दिल्ली**

इस रिपोर्ट को हमारे सम दिनांकित पत्र के साथ पढ़ा जाना चाहिए जो "अनुलग्नक 1" के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्सा है।

अनुलग्नक–1

सेवा में,
सदस्य,
गेल (इंडिया) लिमिटेड

हमारी सम दिनांकित रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

1. सचिवीय रिकॉर्ड रखना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय रिकॉर्ड पर राय व्यक्त करना है।

2. हमने लेखापरीक्षा प्रथाओं और प्रक्रियाओं का पालन किया है, जैसा कि सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की सटीकता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना उचित था। सत्यापन यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण के आधार पर किया गया था कि सचिवालय के अभिलेखों में सही तथ्य दर्ज किए गए थे। हमारा मानना है कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का अनुसरण किया है, वे हमारी राय व्यक्त करने के लिए उचित आधार प्रदान करते हैं।

3. हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और बही खातों की सटीकता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।

4. जहां–कहीं भी आवश्यक है, हमने कानूनों नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं आदि के बारे में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।

5. कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

6. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के रूप में कोई आश्वासन है, जिसके आधार पर प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स,
कंपनी सचिव

हस्ता.
सीएस सचिन अग्रवाल
भागीदार
एफसीएस सं.: 5774
सी.पी.सं.: 5910

दिनांक : **8 जून, 2018**
स्थान : **नई दिल्ली**

सीएसआर कार्यकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट 2017–18

अनुलग्नक–ङ

1. सीएसआर नीति और परियोजनाओं संबंधी संक्षिप्त रूपरेखा अथवा प्रारंभ किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम

गेल विभिन्न पहलों जैसे ऊष्मा पुनः प्राप्ति भाप उत्पादन (एचआरएसजी), बहिःस्राव उपचार संयंत्र (ईटीपी), मलजल उपचार संयंत्र (एसटीपी), अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी), वर्षा जल का संचयन आदि के माध्यम से संसाधनों की उत्पादकता का इष्टतम प्रयोग करने का प्रयास करता है।

गेल ने जीएचजी उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए अपने एलपीजी संयंत्र विजयपुर में फ्लेयर गैस रिकवरी सुविधाओं की स्थापना की है।

जल प्रबंधन : विविध गतिविधियों के भाग के रूप में उत्पन्न अपशिष्ट जल को बहिःस्राव उपचार संयंत्र (ईटीपी) के माध्यम से उपचारित किया जाता है। उपचारित जल को विभिन्न गैर–पेय योग्य प्रयोगों जैसे बागवानी आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

गेल सुनिश्चित करता है कि इसकी संस्थापनों में अपशिष्ट जल की अधिकतम मात्रा का प्रयोग हो।

अपशिष्ट प्रबंधन : गेल संयंत्रों में अपशिष्ट निपटान सुविधा मौजूद है जिसमें प्राकृतिक उपयोगिता रहित और खतरनाक प्रतीत होने वाले संयंत्र अपशिष्ट का अनुमोदित एजेंसी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से निपटान किया जाता है।

ई–अपशिष्ट प्रबंधन : ई–अपशिष्ट का प्रबंधन वापसी खरीद प्रणाली के माध्यम से वापस करके या राज्य एजेंसियों द्वारा स्वीकृत पुनः चक्रणकर्ताओं माध्यम से निपटान किया जाता है।

टिप्पणी 2 देखें

सिद्धांत 3 :

कारोबार को सभी कर्मचारियों की भलाई को बढ़ावा देना चाहिए

1. **कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या निर्दिष्ट करें।**

   4486 (31.03.2018 तक पूर्णकालिक निदेशक बोर्ड और सीएमडी, सीवीओ सहित)

2. **कृपया अस्थायी/संविदा पर/कैजुअल आधार पर रखे गए कुल कर्मचारियों की संख्या निर्दिष्ट करें।**

   15405

3. **कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या निर्दिष्ट करें।**

   272

4. **कृपया अशक्तता वाले स्थायी कर्मचारियों की संख्या निर्दिष्ट करें।**

   95

5. **क्या आपके यहां प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त एक कर्मचारी संघ है?**

   जी हाँ, गेल संघ की स्वतंत्रता का समर्थन करता है और कर्मचारी संघों, अधिकारी संघों, महिला फोरम, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों आदि द्वारा सामूहिक बारगेनिंग को मान्यता देता है।

   गेल में दो संघ हैं (1) गेल कर्मचारी संघ (जीईए) और (2) गेल कर्मचारी संघ (जीकेएस), जो अपने संबंधित कामगारों/स्टाफ के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। गेल कर्मचारी संघ (जीईए) निगमित कार्यालय के अलावा पूरे देश में विभिन्न फील्ड कार्यालयों/ संयंत्रों/प्रतिष्ठानों में नियुक्त गैर–कार्यपालकों का प्रतिनिधित्व करता है। निगमित कार्यालय में नियुक्त गैर–कार्यकारियों का प्रतिनिधित्व गेल कर्मचारी संघ (जीकेएस) द्वारा किया जाता है।

6. **आपके स्थायी कर्मचारियों का कितने प्रतिशत मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं?**

   इन मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघों के सदस्य के रूप में नियमित कर्मचारियों का प्रतिशत 18.65 प्रतिशत है।

7. **पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान और वित्तीय वर्ष के अंत में विचाराधीन बाल श्रम, जबरन श्रम, अनैच्छिक श्रम, यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की संख्या निर्दिष्ट करें।**

श्रेणी	वित्तीय वर्ष के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या
क. बाल श्रम/जबरन श्रम/ अनैच्छिक श्रम	शून्य	शून्य
ख. यौन उत्पीड़न	शून्य	शून्य
ग. विभेदकारी रोजगार	शून्य	शून्य

8. **नीचे उल्लिखित आपके कितने प्रतिशत कर्मचारियों को पिछले वर्ष सुरक्षा और कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया?**

क	स्थायी कर्मचारी	कुल : 95.31 प्रतिशत
ख	स्थायी महिला कर्मचारी	कुल : 94.23 प्रतिशत
ग	अशक्तता वाले स्थायी कर्मचारी	कुल : 100 प्रतिशत – सुरक्षा जागरूकता
घ	अशक्त कर्मचारी	कुल : 99 प्रतिशत

टिप्पणी – 95.38 प्रतिशत पुरुष स्थायी कर्मचारियों को पिछले वर्ष सुरक्षा तथा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

साइटों और परियोजना में नियुक्त किए गए सभी कर्मचारियों को अनिवार्य सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन निर्धारित प्रशिक्षणों के अलावा, कर्मचारियों को विभिन्न अवसरों जैसे सुरक्षा सप्ताह, राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस आदि पर आयोजित किए जाने वाले नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रमों, ऑनलाइन क्विज और प्रतिस्पर्धी आयोजनों के माध्यम से कार्यक्षेत्रों तथा व्यवहार पहलुओं में सुरक्षा तथा कौशल उन्नयन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

सिद्धांत 4 :

व्यापार को सभी पणधारकों, विशेष तौर पर वंचित, कमजोर और उपेक्षितों के हितों की रक्षा के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए।

1. **क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाहरी पणधारकों को सुव्यवस्थित किया है? हां/नहीं**

   जी हाँ, गेल ने अपने मुख्य आन्तरिक तथा बाहरी पणधारकों की पहचान की है, जिसमें बाहरी पणधारक जैसे सरकार / नियामक, ग्राहक, निवेशकर्ता, आपूर्तिकर्ता कार्यान्वयन एजेंसी, सेवा प्रदाता, स्थानीय समुदाय, सिविल सोसायटी, मीडिया, उपभोक्ता, प्रतिपालन समूह के रूप में शामिल हैं। सभी कर्मचारी आन्तरिक पणधारक हैं।

2. **उपर्युक्त में से क्या कंपनी ने वंचित, कमजोर और उपेक्षित पणधारकों की पहचान की है?**

   जी हाँ, गेल ने कम्पनी की मौजूदा सीएसआर नीति के अनुसार उपेक्षित, कमजोर और अधिकारों से वंचित पणधारकों की पहचान की है।

   कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की अनुसूची 7 के प्रावधानों और नियमों के अंतर्गत इनकी पहचान की गई है। इसके अतिरिक्त 2014 के डीपीई सीएसआर और वहनीयता दिशानिर्देशों का भी अनुसरण किया गया है। इनमें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोग, दिव्यांग, महिला तथा बाल, जनजातीय, अ. जा.–अ. ज. जा, ओबीसी अल्पसंख्यक, सुविधा वंचित युवा, वरिष्ठ नागरिक, एचआईवी प्रभावित लोग, हिंसा से प्रभावित लोग शामिल हैं। उपरोक्त के अलावा, गेल के प्रचालन के केन्द्र में समुदाय के प्रति सौहार्दपूर्ण संबंध निहित होता है।

   गेल द्वारा प्रारम्भ की गई सभी सीएसआर परियोजनाओं का उद्देश्य सुविधा वंचित, कमजोर तथा अधिकारों से वंचित पणधारकों को बेहतर जीवन प्रदान करना है। अधिकारों से वंचित समूहों और समुदाय के व्यापक रूप से संपूर्ण और चिरस्थायी विकास के लिए गेल द्वारा विशिष्ट मध्यवर्तन तैयार किए गए हैं।

3. **क्या कंपनी द्वारा वंचित, कमजोर और उपेक्षित पणधारकोंको लगाने के लिए कोई विशेष पहल की गई है। यदि हां, तो लगभग 50 शब्दों में उसके विवरण दें।**

   जी हां, गेल ने सामाजिक मुद्दों को हल करने और वंचित, कमजोर और उपेक्षित पणधारक के साथ जुड़ाव के लिए समावेशी विकास का मार्ग अपनाया है।

   गेल ने कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची 7 में चुने गए क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाएं करता है, जिसमें कल्याण, शिक्षा पहलें, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण, बुजुर्गों और दिव्यांगों की देखभाल और पर्यावरण केंद्रित पहलों पर विशेष ध्यान।

   गेल की सीएसआर नीति (खंड 2.2.1) के अनुसार, कंपनी सीएसआर परियोजनाएं विशेष रूप से बीपीएल, अनु. जाति, अनु. जन जाति, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी, और गेल आदि के कार्य केंद्रों के आसपास के समुदायों सहित मान्यता प्राप्त लक्षित समूहों पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके अतिरिक्त गेल द्वारा विशिष्ट कार्यकलाप तैयार किए गए हैं और उन्हें कार्यान्वित किया गया है ताकि उपेक्षित पणधारक समूहों और समुदाय का बड़े पैमाने पर समग्र और स्थायी विकास हो सके।

   सिद्धांत के अनुसार जो समावेशी और न्यायसंगत विकास का समर्थन करता है, यह ध्यान दिया जा सकता है कि गेल की सीएसआर उपस्थिति अखिल–भारत में है।

सिद्धांत 5 :

व्यापारों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए

1. **क्या मानव अधिकारों पर कंपनी की नीति केवल कंपनी को कवर करती हैं या समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/संविदाकारों/**

गैर–सरकारी संगठनों / अन्यों तक भी उसका विस्तार है?

हां, गेल की नीति में मानवाधिकार से संबंधित सभी कानूनी आवश्यकताओं को शामिल किया गया है। नीति सभी संयुक्त उद्यमों, सहायक कंपनियों, गेल के संविदाकारों पर लागू होती है।

गेल हमेशा अपने सभी परिचालनों में मानवाधिकारों को कायम रखता है। गेल यूएनजीसी सिद्धांतों पर एक हस्ताक्षरकर्ता है, जो मानव अधिकारों की रक्षा के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। गेल की नीतियां उपयुक्त रूप से तैयार की गई हैं और मानव अधिकार सिद्धान्तों, भारतीय संविधान और श्रम कानूनों का पूर्ण रूप से पालन करती हैं।

हमारे सभी पणधारकों द्वारा उठाए गए मुद्दों के निपटान के लिए एक समर्पित शिकायत समाधान प्रणाली स्थापित की गई है। गेल भारत सरकार के अल्पसंख्यकों और समाज के आर्थिक रूप से अधिकारविहीन वर्गों के विकास के प्रयास का समर्थन करता है। जेंडर को मुख्यधारा में लाने के विषयक, समावेशी और सकारात्मक कार्यक्रम भी गेल में शुरू किए गए हैं।

महिला कर्मचारियों की विकास संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गेल महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। प्रकोष्ठ महिला कार्यबल तक पहुंचने पर ध्यान केन्द्रित करता है, कार्यस्थल पर भेदभाव बरतने और यौन उत्पीड़न सहित उनकी समस्याओं पर विचार–विमर्श करता है और उनका पर्याप्त रूप से समाधान करता है। गेल सभी लिंगों के समान अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है और यह हमारे कर्मचारियों की मुआवजे की नीति में परिलक्षित होता है।

गेल यह सुनिश्चित करता है कि भारत भर के विभिन्न राज्यों में स्थित सभी सुविधाएं न्यूनतम पारिश्रमिक अधिनियम, 1948 के अनुसार न्यूनतम मजदूरी आवश्यकताओं का अनुपालन करती हैं।

कंपनी के सभी कार्य संविदाओं और समझौतों में मानव अधिकारों को बनाए रखने के लिए खंड निहित हैं। गेल में बाल श्रम (निशेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 और उसके बाद के संशोधनों का सख्ती से पालन किया जाता है और उसके सभी प्रचालनों / सुविधाओं में बालक या बलपूर्वक श्रम पर शून्य–सहनशीलता दृष्टिकोण का पालन किया जाता है।

गेल में सामूहिक मोल तोल किया जाता है जो कामगार संघों की मान्यता और संवर्धन के माध्यम से अपने सभी प्रचालनों में एक कामगार का महत्वपूर्ण अधिकार है। गेल द्वारा मानव अधिकारों और श्रम प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का प्रदर्शन करने के लिए नीचे दी गई कई पहलें की गई हैं :

- कर्मचारी संगठनों के साथ नियमित संवाद
- श्रम प्राधिकरणों के साथ समन्वय
- औद्योगिक विवादों का निपटारा
- कार्य केन्द्र स्तरीय मुद्दों की रिकार्डिंग व विश्लेषण
- संघों के साथ दीर्घकालीन निपटान

2. **पिछले वित्तीय वर्ष में कितने पणधारकों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं और कितने प्रतिशत को प्रबंधन द्वारा संतोषजनक ढंग से हल किया गया था?**

यदि हां, तो लगभग 50 शब्दों में उसके विवरण दें।

कृपया सिद्धांत 1 देखें, उत्तर 2।

सिद्धांत 6 :

कारोबार को पर्यावरण की बहाली के लिए सम्मान, संरक्षण और प्रयास करने चाहिए

1. **क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति केवल कंपनी को कवर करती हैं या समूह / संयुक्त उद्यम / आपूर्तिकर्ता / संविदाकारों / गैर–सरकारी संगठनों / अन्यों तक विस्तार करती हैं?**

जी हां, नीति केवल कम्पनी को ही नहीं बल्कि संयुक्त उद्यमों को छोड़कर इसके अन्य पणधारकों को भी शामिल करती है।

2. **क्या कंपनी के पास जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, आदि के रूप में वैश्विक पर्यावरण के मुद्दों से निपटने के लिए कार्यनीति / पहल है? हां / नहीं**

यदि हां, तो कृपया वेब पेज आदि के लिए हाइपरलिंक दें।

जी हां, गेल की स्थायित्व रिपोर्ट 2017–18 को विवरण के लिए देखा जा सकता है जो इस लिंक http://www.gailonline.com/final_site/SB-Reports.html पर उपलब्ध।

3. **क्या कंपनी संभावित पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करके उनका आकलन करती है? हां / नहीं।**

जी, हां

उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति कुछ संयंत्रों और कार्यालयों को छोड़कर सभी परिसंपत्तियों में संगठन में लागू की गई है। मुख्य जोखिम अधिकारी और साइट स्तरीय जोखिम संचालन समिति (एसएलआरएससी) द्वारा जोखिमों की उच्च, मध्यम और निम्न श्रेणियों की समीक्षा की जाती है। अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति के अनुसार, कॉर्पोरेट स्तर पर जोखिम संचालन समिति (सीएलआरएससी) को त्रैमासिक आधार पर कॉर्पोरेट स्तर की प्रमुख जोखिमों की स्थिति की समीक्षा करने की आवश्यकता है। लेखापरीक्षा समिति के समक्ष पेश करने से पहले, जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) में द्वि–वार्षिक आधार पर स्थिति पर विचार–विमर्श किया जाता है। स्थिति वार्षिक रूप से बोर्ड के सामने रखी जाती है। इसके अलावा, लेखापरीक्षा समिति और निदेशक मंडल समय–समय पर नीति और प्रक्रियाओं की भी समीक्षा करते हैं।

यूनिट स्तरीय जोखिम संचालन समिति सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमों और सहित त्रैमासिक आधार पर प्रमुख जोखिमों के शमन उपायों तथा गैर–प्रमुख जोखिम की वार्षिक आधार पर निगरानी करती है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट समूहों से जुड़े जोखिम संबंधित विभाग द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं और प्रबंधन को इस पर अपडेट दिया जाता है।

जलवायु परिवर्तन अध्ययन के लिए एफआईपीआई (पूर्व पेट्रोफेड) और टेरी के बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान; कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री और श्री के. डी. त्रिपाठी, सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ ही तेल और गैस उद्योग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

अध्ययन 'जलवायु परिवर्तन जोखिमः तेल और गैस क्षेत्र की तैयारी' का लक्ष्य निम्नलिखित को प्रदान करना है :

- तेल और गैस क्षेत्र तथा प्रतिभागी कम्पनियों के लिए जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों का व्यापक विश्लेषण प्रदान करना;
- जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों और जोखिमों से निपटने का भावी मार्ग;
- जीडीपी के उत्सर्जन की तीव्रता को कम करने के लक्ष्य को 2005 से 33 से 35 प्रतिशत के स्तर से कम करके 2030 तक भारत के आईएनडीसी लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु तेल और गैस क्षेत्र के लिए उचित उपाय करना।
- वैश्विक जलवायु नीति उपायों के परिणामस्वरूप वैश्विक बाजार और तकनीकी विकल्प में किस तरह के बदलावा आएंगे; और ग्लोबल वार्मिंग के 1.5 डिग्री और 2 डिग्री बढ़ने के परिदृश्य में भारत के विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में बुनियादी संरचना और कार्य किस तरह प्रभावित होने की संभावना है।

4. **क्या कंपनी की स्वच्छ विकास से संबंधित कोई परियोजना है?**

यदि ऐसा है तो इसके बारे में लगभग 50 शब्दों में विवरण प्रस्तुत करें।

यदि हां, तो क्या कोई पर्यावरणीय रिपोर्ट दायर की गई है?

जी हां, गेल की निम्नानुसार वर्णित दो सीडीएम परियोजनाएं हैं –

(1) **गाजीपुर, दिल्ली में लैंडफिल गैस परियोजना का उपयोगः** गेल ने गाजीपुर लैंड फिल साइट पर एक प्रायोगिक परियोजना लैंड फिल गैस (एलएफजी) को कार्यान्वित किया है। वर्तमान में, पुनः प्राप्त की गई एलएफजी के भाग को एक बंद प्रदीप्त प्रणाली में सुरक्षित रूप से नष्ट किया जा रहा है और इसके एक भाग का प्रयोग लघु टर्बाइन के माध्यम से बिजली पैदा करने के लिए भी किया जा रहा है। एलएफजी में मीथेन होता है जो एक ग्रीन हाउस गैस है और ग्लोबल वार्मिंग करने में कार्बन डाईआक्साइड से 25 गुना अधिक शक्तिशाली है। एलएफजी परियोजना न सिर्फ वातावरण में मीथेन के निकास को रोकती है, बल्कि इसे नष्ट भी करती है। अतः यह जीएचजी उत्सर्जनों में मदद करती है। एलएमजी परियोजना को स्वच्छ विकास प्रणाली के तहत कार्बन क्रेडिटों का लाभ लेने के लिए यूएनएफ

सीसीसी में सितम्बर 2014 में सफलतापूर्वक पंजीकृत किया जा चुका है।

परियोजना से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है जो समाज के प्रति गेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

जी हां, पर्यावरण मंजूरी प्राप्त की गई थी। साथ ही, "स्थापना हेतु सहमति" और "प्रचालन हेतु सहमति" दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) से प्राप्त की गई है।

(ii) **गेल द्वारा जैसलमेर में संस्थापित 5 मेगावॉट सौर विद्युत प्लांट परियोजना** : यह परियोजना यूएनएफसीसीसी द्वारा सीडीएम परियोजना के रूप में पंजीकृत थी।

जी हां, परियोजना को शुरू करने के लिए सभी विनियामक मंजूरियां ली गई थीं।

5. **क्या कंपनी ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के संबंध में कई पहल की है? हां/नहीं।**

यदि हां, तो कृपया वेब पेज आदि के लिए हाइपरलिंक दें।

कुछ पहलें नीचे सूचीबद्ध की गई हैं: जी हां, गेल स्वच्छ तकनीक तथा ऊर्जा दक्षता पर विभिन्न पहल कार्यान्वित कर रहा है।

1. गेल ने पाता में देश के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस आधारित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में 5.76 MWP का भारत का दूसरा सबसे बड़ा सौर पीवी रूफ टॉप संयंत्र स्थापित किया।
2. शुष्क बर्फ बनाने के लिए इसका उपयोग करके कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन शमन पर आर एंड डी पहल।
3. दिन के दौरान लाइट पाइपिंग व्यवस्था (पायलट): लाइट पाइप या दिन के दौरान कार्यस्थल के लिए उन्नत दिन के प्रकाश समाधान के माध्यम से प्राकृतिक सूर्य प्रकाश परिसंचरण जिससे प्रकाश की आवश्यकताओं और रखरखाव को कम किया जाता है।
4. बागवानी उद्देश्यों के लिए उपचारित पानी का पुनर्चक्रण।
5. गेल के विभिन्न स्थानों पर संयंत्र और टाउनशिप से खाद्य और बागवानी प्लांट अपशिष्ट को खाद में बदलने के लिए विजयपुर ऑर्गेनिक अपशिष्ट कंपोजिटिंग (ओडब्ल्यूसी) यूनिट, सी 2 सी 3 फ्लेयर सिस्टम में फ्लेयर गैस प्राप्ति।

(अधिक जानकारी के लिए सतत् विकास रिपोर्ट 2012–13, 2013–14, 2014–15, 2015–16, 2016–17, 2017–18 को देखें)

गेल की सतत् विकास रिपोर्ट http:// www.gailonline.com/ final_site/SB-Reports.html पर देखी जा सकती है:–

6. **क्या उत्सर्जन/अपशिष्ट वित्तीय वर्ष के लिए सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा दी गई अनुज्ञेय सीमाओं के अंदर रिपोर्ट किए गए हैं?**

जी हां।

7. **वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त कारण बताओ/कानूनी नोटिसों की संख्या जो लंबित है (अर्थात संतुष्टि के मुताबिक हल नहीं हैं)?**

शून्य

सिद्धांत 7 :

कारोबार, जब प्रभावशाली जन तथा विनियामक नीति से जुड़ा हो, तो उसे उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना चाहिए।

1. **क्या आपकी कंपनी किसी भी व्यापार और चैंबर या संघ की सदस्य है?**

यदि हां, तो केवल उन मुख्य के नाम दें जिनके साथ आपका कारोबार व्यवहार रहता है।

जी हां, गेल निम्नलिखित संगठनों का सदस्य है :

क. अंतरराष्ट्रीय गैस यूनियन (आईजीयू)
ख. लोक उद्यमों की स्टैंडिंग कांफ्रेंस (स्कोप)
ग. ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई)
घ. ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क ऑफ इंडिया
ङ. टेरी स्थायी व्यवसाय परिषद
च. भारतीय पेट्रोलियम उद्योग मंडल (एमआईपीआई)
छ. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)
ज. जीआईआईजीएनएल, दि इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ लिक्विफायड नेचुरल गैस इम्पोर्टर्स
झ. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग चैम्बर्स परिसंघ (फिक्की)
ञ. ग्लोबल रिपोर्टिंग इनीशियएटिव (जीआरआई) फोकल पॉइंट इंडिया फाउंडिंग मेम्बर
ट. सीपीएमए केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मेनुफैक्चरर्स एसोसिएशन।

2. **क्या आपने जनहित की उन्नति या सुधार के लिए उपर्युक्त संघों के माध्यम से वकालत/पैरवी की है? हां/नहीं,**

यदि हां तो व्यापक क्षेत्र (ड्रॉप बॉक्स : शासन और प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीतियों, ऊर्जा सुरक्षा, जल, खाद्य सुरक्षा, पोषणीय कारोबार सिद्धांत, अन्य) निर्दिष्ट करें।

जी हां।

गेल बेहतर संयुक्त नीतियां बनाने और सुधार लाने के लिए औद्योगिक मुद्दों पर चर्चा करने और सरकार तक सामूहिक रूप से उद्योग की आवाज पहुंचाने के लिए मंच प्रदान करने वाले विभिन्न औद्योगिक निकायों और संघों का भाग है। यह जनकल्याण की प्रगति के लिए एक सार्थक आधार तैयार करता है। गेल, नियमित रूप से पीएनजीआरबी, विनियामक निकाय से संपर्क करता है, ताकि उन्हें वर्तमान स्थिति और उद्योग के दृष्टिकोण पर अपडेट किया जा सके। वित्तीय वर्ष 2017–18 में, गेल निम्नलिखित संघों का हिस्सा था :

अंतरराष्ट्रीय गैस यूनियन (आईजीयू), जो एक वैश्विक संघ है जिसका लक्ष्य गैस उद्योग की तकनीकी और आर्थिक प्रगति को प्रोत्साहित करना है, के भारत के गैस क्षेत्र में विकास के लिए गेल के साथ नजदीकी संबंध हैं। गेल भारत का आईजीयू में 'चार्टर सदस्य' के रूप में प्रतिनिधित्व करता है। गेल आईजीयू के साथ द्वि–वर्षीय ग्लोबल सम्मेलन 'एशिया गैस भागीदारी समिट' को प्रोत्साहित करता है, जिसका उद्देश्य एशिया में औद्योगिक मुद्दों पर चर्चा करना और गैस बाजार को विकसित करना है।

गेल भारत में द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आयातकों (जीआईआईजीएनएल) के अंतरराष्ट्रीय समूह के तीन पूर्ण सदस्यों में से एक है। जीआईआईजीएनएल एलएनजी आयात गतिविधियों की सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ाने और एलएनजी आयात टर्मिनलों के संचालन के लिए समकक्ष उद्योगों के बीच सूचना और अनुभव के आदान–प्रदान के लिए गेल को एक मंच प्रदान करता है।

गेल फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (एफआईपीआई) का सदस्य और गवर्निंग काउंसिल का हिस्सा है। एफआईपीआई में गेल के सदस्य प्रतिनिधित्व के साथ गेल की रुचि की कई विशिष्ट कार्यकारी समितियां हैं। एफआईपीआई भारत में सरकार, नियामक प्राधिकरण, सार्वजनिक और व्यापारों की लोक और प्रतिनिधि निकायों के साथ तेल उद्योग इंटरफेस के रूप में कार्य करता है जो संसाधनों के अनुकूलन, सुरक्षा, टैरिफ, निवेश, स्वस्थ पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने, जैसे उद्योग से वर्धन संबंधित अन्य मुद्दों के बीच मुद्दों पर काम करता है।

गेल, टीईआरआई–सीबीएस (टेरी–स्थायी विकास संबंधी व्यावसायिक परिषद) का भी सदस्य है, जो स्थायी पेशेवरों का एक उद्योग आधारित सहायता संघ है। गेल ने टेरी के साथ मिलकर एक दस्तावेज तैयार किया है जो जलवायु परिवर्तन से निपटने तथा इस दिशा में सरकारी योजनाओं के साथ विजन को संरेखित करने के विभिन्न पहलुओं पर भारतीय कॉर्पोरेट विजन को दर्शाता है।

गेल लोक उद्यमों के स्थायी कांफ्रेंस (स्कोप) का एक सक्रिय सदस्य है जो भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) के पूरे स्पेक्ट्रम का प्रतिनिधित्व करने वाला सर्वोच्च संस्थान है। स्कोप ने विभिन्न उच्च स्तरीय समितियों/बोर्डों में प्रतिनिधित्व किया है और इसके सदस्य पीएसयू को विभिन्न मंचों में अपना मत व्यक्त करने में मदद करते हैं।

सीएमडी, गेल, इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (फिक्की) कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और फिक्की हाइड्रोकार्बन समिति के सह–अध्यक्ष हैं। हाइड्रोकार्बन समिति ने देश की ऊर्जा से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श करने का प्रयास किया है और अपने बौद्धिक इनपुट के जरिए इस क्षेत्र में कार्यरत भारत सरकार तथा अन्य निकायों के विभिन्न प्रयासों को पूरा करने का प्रयास किया है। सीएमडी गेल, तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) के भी सदस्य हैं।

गेल विश्व ऊर्जा परिषद (डब्ल्यूईसी) भारत के अधिशासन निकाय, डब्ल्यूईसी के कंट्री मेंबर है और भारत में प्राकृतिक गैस के विकास के लिए डब्ल्यूईसी की गतिविधियों की सक्रिय भागीदारी करता है।

गेल सीपीएमए (केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) का सदस्य है जो भारतीय पेट्रोकेमिकल उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाला सर्वोच्च मंच है। 1993 में स्थापित, एसोसिएशन अपने सदस्यों को सामूहिक रूप से संगत विचारों पर अपने विचार, आवाज चिंताओं और प्रासंगिक मामलों पर सुझाव प्रस्तुत करने के लिए एक मंच तैयार करता है। यह उद्योग, सरकार और समाज के बीच एक संबंध प्रदान करता है। यह सामंजस्यपूर्ण और अनुकूल व्यापार स्थितियों को विकसित करने और बनाए रखने के लिए नीति प्राधिकरणों और उद्योग संघों के साथ बातचीत करता है।

इसके अलावा, गेल संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यूएनजीसी) का हस्ताक्षरकर्ता है जो मानवाधिकार, श्रम मानकों, पर्यावरण और भ्रष्टाचार विरोधी क्षेत्र में काम करती है। गेल यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (यूएनजीसीएनआई) का गवर्निंग काउंसिल सदस्य है। गेल ने यूएनजीसीएनआई 12वें राष्ट्रीय सम्मेलन का समर्थन किया। इसके अलावा, गेल ने यूएनजीसीएनआई के 12वें राष्ट्रीय सम्मेलन के हिस्से के रूप में 'गैस की सभी भूमिकाओं के लिए सतत ऊर्जा' पर एक सत्र भी आयोजित किया।

सिद्धांत 8 :

कारोबार के समग्र और समावेशी विकास का समर्थन करना चाहिए

1. **क्या कंपनी ने सिद्धांत 8 से संबंधित नीति की खोज में कार्यक्रमों / पहलों / परियोजनाओं को निर्दिष्ट किया है?**

   यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है।

   हां, गेल, नियम 8 में यथा–सूचीबद्ध लक्ष्यों के अनुसरण में देश के सर्वाधिक लाभ वंचित और सुभेद्य वर्गों पर सीएसआर प्रयास केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण एवं न्यायसंगत विकास सुनिश्चित करता है।

   गेल सीएसआर नीति (खंड 2.2.1) के अनुसार, गेल सीएसआर परियोजनाओं का संचालन करती है, विशेष रूप से खंड में मान्यता–प्राप्त लक्ष्य समूहों उदाहरण के लिए गेल आदि के कार्य केंद्रों के आसपास बीपीएल, अ.जा., अ.ज.जा., ओबीएस, पीडब्ल्यूडी और समुदाय पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

   गेल की सकारात्मक नीतियां भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, विविधता और समानता को बढ़ावा देती हैं और साथ ही उनकी जाति, नस्ल धर्म, रंग, वंश, वैवाहिक स्थिति, लिंग, आयु और राष्ट्रीयता के बावजूद योग्यता और कौशल सेट के आधार पर लोगों को मान्यता दी जाती हैं। अखिल भारतीय आधार पर सभी रिक्तियों को अधिसूचित किया गया है। गेल की जनशक्ति में समाज के सभी क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। गेल अर्द्ध कुशल और गैर–कुशल संविदा कर्मियों के लिए न्यूनतम मजदूरी मुआवजे के मामले में उद्योग से संबंधित सख्त नियमों का भी पालन करता है।

   गेल ने 7 चुने गए फोकस क्षेत्रों में सामाजिक निवेश किया गया है, जिनमें से प्रत्येक को उनके प्राप्त होने वाले उद्देश्य का शीर्षक दिया गया है। नीचे दी गई तालिका में फोकस क्षेत्रों का एक प्रदान किया गया है।

क्र.सं.	फोकस क्षेत्र	उद्देश्य
क)	**आरोग्य** (कल्याण)	पोषण, स्वास्थ्य और पेयजल तथा स्वच्छता परियोजनाएं
ख)	**उज्जवल** (सुनहरे भविष्य की ओर)	शिक्षा केन्द्रित पहलें
ग)	**कौशल** (कौशल)	आजीविका सृजन तथा कौशल विकास पहलें
घ)	**उन्नति** (प्रगति)	ग्राम विकास पहल
ङ)	**सशक्त** (सशक्तीकरण)	महिला सशक्तीकरण
च)	**सक्षम**	बुजुर्ग तथा दिव्यांगों की देखभाल
छ)	**हरित**	पर्यावरण केन्द्रित पहलें

तीन विशिष्ट प्रयास किए गए हैं – "उज्जवल" "सक्षम" "कौशल" समावेशी वृद्धि को मजबूत बनाने के लिए एक उद्देश्य के साथ लागू किए गए थे।

- "उज्जवल" पहल का उद्देश्य उपेक्षित और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा केंद्र की पहल करना है।
- "सक्षम" के माध्यम से, दिव्यांगों के लिए विशेष शिक्षा पहलें की जाती है।
- "कौशल" के तहत शुरू की गई पहल, वंचित क्षेत्रों, विशेष रूप से युवा और महिलाओं का व्यावसायिक कौशल बढ़ाकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना है।

उपरोक्त के अलावा कम्पनी ने योग्यता के आधार पर जरूरतमंद बच्चों को वित्तीय सहायता देने के लिए गेल चेरिटेबल एंड एजुकेशन ट्रस्ट भी स्थापित किया है।

2. **क्या कार्यक्रमों / परियोजनाएं घरेलू टीम / निजी फाउंडेशन / बाहरी गैर सरकारी संगठन / सरकारी संरचनाओं / किसी भी अन्य संगठन के माध्यम से किए जाते हैं?**

   गेल में सीएसआर परियोजनाएं पेशेवर रूप से योग्य तथा अनुभवी बाहरी एजेंसियों जैसे एनजीओ, ट्रस्ट, प्रतिष्ठानों, सरकारी एजेंसियों, पीएसयू, निजी कम्पनियों आदि के माध्यम से कम्पनी (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) नियम, 2014 में आदेशानुसार संबंधित डोमेन में 3 साल के स्थापित ट्रैक रिकार्ड के साथ कार्यान्वित की जाती है।

   अपनी सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने के प्रयास में, गेल अपने कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए एक बहु–पणधारी पहल अपनाता है। गेल ज्वलंत मुद्दों की पहचान करने, परियोजनाओं को विकसित करने और चुनौतियों का प्रभावी रूप से सामना करने के लिए समुदायों, सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों, शैक्षिणिक संस्थानों तथा अन्य के साथ मिलकर काम करता है। हस्तक्षेपों / पहलों की पहचान हो जाने पर उनकी गेल के समर्पित सीएसआर पेशेवरों द्वारा कॉरपोरेट तथा साइट स्तर दोनों पर नजदीकी गहन निगरानी की जाती है।

   इसके अलावा, गेल ने अपने गेल चैरिटेबल और एजुकेशन ट्रस्ट के माध्यम से पिछले कुछ सालों में कई सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी में कई शिक्षा केंद्रित पहल की हैं।

3. **क्या आपने अपनी पहल का कोई प्रभाव आकलन किया है?**

   हां।

   गेल सीएसआर नीति के संशोधन के बाद, तीसरा पक्ष स्वतंत्र प्रभाव मूल्यांकन 2 करोड़ रुपए (खंड 5.2 और 5.3) के संचयी मूल्य सहित सभी सीएसआर परियोजनाओं के लिए अधिदेश दिया गया है प्रभाव आकलन को परियोजना के पूरा होने के बाद शुरू किया जाता है ताकि परियोजना के प्रभाव का स्पष्ट प्रभाव–सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्राप्त हो सके।

   ये प्रभाव आकलन अध्ययन एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से अधिमानतः प्रतिष्ठित अकादमिक संस्थानों या सरकारी एजेंसियों के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं।

   तीसरे पक्ष के निर्धारक प्रत्येक कार्यक्रम से संबंधित अच्छाइयों, कमजोरियों, सुधार के अवसर या कार्यक्रम के संशोधनों (यदि कोई हो) और चुनौतियों या खतरे (यदि कोई हो) से संबंधित फीडबैक प्रदान करते हैं। उद्देश्य को समझने के लिए प्रकरण अध्ययन के रूप में फीडबैक भी प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम को अधिक टिकाऊ प्रकार का बनाने के उद्देश्य से "कार्यक्रमों की स्थिरता" से संबंधित तीसरे पक्ष के निर्धारक द्वारा विशिष्ट प्रतिक्रिया और सिफारिशें साझा की जाती हैं।

   प्रभावी मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए परियोजना कार्यान्वयन में और सुधार के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के साथ साझा किए जाने वाले प्रभाव मूल्यांकन के पूरा होने के बाद मूल्यांकन रिपोर्ट में गेल के साथ समेकित प्रतिक्रिया साझा की जाती है।

   आरोग्य अध्ययन के हाल प्रभाव आकलन अध्ययन में यह पाया गया कि लगभग 98.3 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे एमएमयू द्वारा दिए गए उपचार के बाद ठीक हो गए। इसके अलावा, 94.24 प्रतिशत लोगों के लिए एमएमयू जुड़ने का पहला बिंदु बन गया है। यह लोगों की उक्त अग्रणी कार्यक्रम में आस्था और निर्भरता को दर्शाता है।

   इसी प्रकार, डीएसएसडब्ल्यू द्वारा किए गए सृजन के प्रभाव आकलन अध्ययन में 4000 लाभार्थियों के लिए वार्षिक आय में प्रति व्यक्ति 9,000 रुपए की वृद्धि दर्ज की गई।

4. **समुदाय विकास परियोजनाओं को आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है – भारतीय रुपए में राशि और चलाई जा रही परियोजनाओं के ब्यौरे दें?**

समुदाय पहल किसी 'समुदाय' चुनौती या आवश्यकता का समाधान करने के लिए प्रारंभ की गई परियोजनाओं से संबंधित है। एक जैसी भूगोल या सामाजिक–राजनीतिक परिस्थितियों को साझा करने वाले लोग समान समस्याओं को साझा करते हैं। इसलिए सामुदायिक पहल की सुविधा प्रदान करने वाली योजनाओं की प्रकृति उपयोगी होती है।

गेल ने मुख्य रूप से गेल संस्थापनाओं के आसपास समुदायों को विकसित करने के लिए कई सीएसआर परियोजनाएं शुरू की हैं।

उदाहरण के लिए, गेल मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (वर्तमान में 31 एमएमयू) के संचालन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है, जो नौ राज्यों में फैली हुई हैं, जिसमें प्रति एमएमयू अनुमानित 20,000 लाभार्थियों को शामिल किया गया है, जिससे प्राथमिक और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को संबोधित करने के लिए सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल के तहत 2014–15 से 2017–18 तक 14.5 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। टीबी मुफ्त पाता (उ. प्र. के औरैया जिले में) परियोजना इस तरह उल्लेखनीय है कि इसमें 25000 से अधिक परिवारों की स्क्रीनिंग से, लाखों से अधिक आबादी को कवर करके और लक्षित जनसंख्या के बीच क्षय रोग का प्रारंभिक निदान और उपचार सुनिश्चित करके सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार करने का लक्ष्य रखा गया है। यह 2025 तक भारत टीबी मुक्त करने के लिए 13 मार्च 2018 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रम के अनुसरण में भी है।

निर्धारित फोकस क्षेत्रों में कार्यकलापों पर किए गए सीएसआर व्यय का विवरण निम्नानुसार है:–

क) उन्नति – ग्रामीण विकास पहल – 970.62 लाख रुपए

ख) आरोग्य (कुल) – पोषण, स्वास्थ्य और पेयजल और स्वच्छता पहल, स्वच्छ भारत सहित – 2,712.88 लाख रुपए।

ग) गेल कौशल – कौशल विकास और आजीविका सृजन पहल – 770.56 लाख रुपए

घ) उज्ज्वल – शिक्षा केंद्रित पहल – 810.78 लाख रुपए

च) सशक्त – महिला सशक्तीकरण – 75.65 लाख रुपए

छ) क्षमता निर्माण – गेल सीएसआर नीति के लिए संचालन दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यकता/प्रभाव, ओवरहैड्स, दस्तावेजीकरण और अन्य विविध गतिविधियां : 60.83 करोड़ रुपए

ज) अन्य–ग्रामीण खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रशिक्षण, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता–प्राप्त खेल, पैरालम्पिक स्पोर्ट्स और ओलंपिक खेल–3,763. 34 लाख रुपए

5. **क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि इस समुदाय की विकास पहलों को समुदाय द्वारा सफलतापूर्वक अपनाया जाता है? कृपया 50 शब्दों में स्पष्ट करें।**

जी हां, सभी समुदाय विकास पहलें समुदाय भागीदारी/पारस्परिक बातचीत, जागरूकता पैदा करने, नियुक्ति, पणधारकों से परस्पर बातचीत और क्षमता निर्माण को आयाम प्रदान करती हैं और उन्हें शामिल करती हैं। पहलों को सामूहिक प्रयासों और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर प्रक्रिया के जरिए शुरू किया जाता है, जिसमें स्थानीय नियंत्रण संरचना एवं संस्थान शामिल होते हैं। स्वयं अवधारणा निर्माण की अवस्था पर अंतर्निर्मित होते हैं। कंपनी स्वयं कार्यक्रम अथवा सेवा प्रचालित करने के लिए सामुदायिक प्रेरणा तथा क्षमता का निर्माण करते हुए क्रियान्वयन एजेंसी को चरणबद्ध तरीके से समुदाय में शामिल होने पर भी जोर देती है।

सिद्धांत 9 :

व्यापार को जिम्मेदार ढंग से अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं को उपयोगिता प्रदान करने में लगना चाहिए।

1. **वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कितने प्रतिशत ग्राहकों की शिकायतें/उपभोक्ता मामले लंबित हैं?**

ग्राहक	प्राप्त शिकायतें	लंबित शिकायतें	लंबित प्रतिशत
	40	0	0

2. **क्या कंपनी स्थानीय कानूनों में अनिवार्यता के अलावा उत्पाद लेबल पर उत्पाद जानकारी प्रदर्शित करती हैं? हां/नहीं लागू नहीं/टिप्पणियां (अतिरिक्त सूचना)**

पॉलीमर्स के मामले में, गेल का लोगो, उत्पाद का नाम, लॉट नम्बर, निर्माण तारीख, संयंत्र का पता, ग्रेड नाम का मार्क तथा बैच संख्या का बैगों पर उल्लेख किया जाता है। गेल का पॉलीमर उत्पादों को पाता प्लांट में 25 किग्रा के बुने हुए बैगों में पैक किया जा रहा है।

इसके अलावा, विस्तृत विनिर्देशन, उत्पाद एप्लीकेशन आदि मुद्रित उत्पाद विवरणिका में और गेल की वेबसाइट लिंक http://www.gailonline.com /final_site/BV-Petrochemicals.html पर उपलब्ध हैं।

तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादों का गेल द्वारा सिर्फ थोक विपणन किया जाता है और ग्राहकों द्वारा उपलब्ध रोड टैंकरों और/अथवा रेलवे वैगनों में एक्स वर्क आधार पर बेचा जाता है। ले जा रहे उत्पाद पर तकनीकी/सुरक्षा से संबंधित जानकारी को ट्रक टैंकर/रेल वैगन पर स्थानीय कानूनों के अनुसार प्रदर्शित किया जाता है और संबंधित ग्राहक/ट्रांसपोर्टर द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादों के थोक में परिवहन होने से उत्पाद विशेष जानकारी को प्रदर्शित करने के लिए अलग लेबल नहीं होते हैं।

जब एलएचसी को रोड टैंकरों के जरिए ले जाया जाता है और यदि "उत्पाद ज्वलनशील" हो, तो टैंकरों पर स्पष्ट रूप से लिखा जाता है जो ग्राहकों द्वारा नामित होते हैं। इसके अतिरिक्त उत्पाद का नाम, सुरक्षा चिन्ह, खतरनाक रसायन संकेत, आपात सम्पर्क नं., ट्रांसपोर्टर का नाम और सम्पर्क नं., टैंकरों पर प्रदर्शित किया जाता है।

इसके अलावा, कंपनी विभिन्न फोरमों जैसे कि बैठकों में, आमने–सामने परस्पर बातचीत तथा उत्पाद की जानकारी प्रदान करने हेतु दूरभाष वार्ता, अतिरिक्त अनिवार्य अपेक्षा हेतु ग्राहकों को स्वेच्छा से शामिल होने का प्रयास करती है।

पॉलीमर उत्पाद गुणवत्ता के संबंध में ग्राहकों की चिंता को दूर करने के लिए "गेल पॉलीमर प्रौद्योगिकी सेंटर" (जीपीटीसी) नामक विशेष केंद्र है। जीपीटीसी द्वारा मामला आधार पर गुणवत्ता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाता है।

3. **क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुचित व्यापार के बारे में कंपनी के गैर जिम्मेदाराना विज्ञापन और/या प्रतिस्पर्धा विरोधी व्यवहार के खिलाफ किसी भी शेयरधारक द्वारा कोई केस दायर किया गया है और वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कोई लंबित है। यदि ऐसा है तो इसके बारे में लगभग 50 शब्दों में विवरण दें।**

जी हां, हम निम्नलिखित मामलों की स्थिति, जिनका अनुचित ट्रेड पद्धतियों, प्रतिस्पर्धारोधी व्यवहार, एकाधिकरण के संबंध में निपटान किया गया था / लंबित थे, जैसा कि गेल के खिलाफ पहचान की गई है, प्रदान करते हैं :

i. जीएसपीसीएल ने पीएनजीआरबी में गेल–पीएलएल से जीएसपीएल–पीएलएल कनेक्टिविटी तक कनेक्टिविटी बदलने की अनुमति नहीं देने के लिए प्रतिबंधित ट्रेड पद्धति (आरटीपी) का दावा करते हुए गेल के खिलाफ एक मामला दायर किया, जिसमें पीएनजीआर के द्वारा उनके पक्ष में निर्णय दिया गया। गेल ने निर्णय के खिलाफ एपीटीईएल में अपील की और एपीटीईएल ने पीएनजीआरबी के निर्णय को बदलते हुए गेल के पक्ष में निर्णय दिया। अब जीएसपीसीएल ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है और यह उच्चतम न्यायालय में निपटान हेतु लंबित है।

ii. जीएसपीसी गैस ने आरटीपी का दावा करते हुए गेल की तुलना में पीएनजीआरबी में मामला दायर किया परंतु इसे गेल के पक्ष में निर्णित किया गया था। जीएसपीसी गैस ने उक्त आदेश के खिलाफ एपीटीईएल में अपील दायर की है और पीएनजीआरबी का आदेश पलट दिया गया। अब गेल ने उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की है, जो लंबित है।

iii. जीएसपीसीएल ने आरटीपी का दावा करते हुए पीएनजीआरबी में गेल के खिलाफ आरोप लगाते हुए मामला दायर किया था कि उचित प्रयास (आरई) आधार पर उनकी बुकिंग क्षमता के अनुरोध को गेल ने अस्वीकार कर दिया है, जो आरटीपी पर आरोपित है। पीएनजीआरबी ने गेल के खिलाफ निर्णय दिया। गेल ने उक्त आदेश के खिलाफ

एपीटीईएल तथा उच्चतम न्यायालय में अपील की, (दिनांक 13.01.2016 का आदेश के माध्यम से) जिसने पीएनजीआरबी के आदेश को खारिज कर दिया और पीएनजीआरबी को पुनर्विचार के लिए शिकायत वापस भेज दी। पीएनजीआरबी ने दुबारा गेल के विरूद्ध निर्णय दिया। गेल ने एपीटीईएल में अपील की है जो लंबित है।

iv. साबरमती ने गेल एवं बीपीसीएल के खिलाफ पीएनजीआरबी में आरटीपी का दावा करते हुए मामला दायर किया, जिसे पीएनजीआरबी ने बीपीसीएल के पक्ष में आरटीपी का समर्थन किया और गेल के पक्ष में नहीं। बीपीसीएल ने निर्णय के खिलाफ एपीटीईएल में अपील की है और गेल को पक्ष बनाया है और यह निपटान हेतु लंबित है।

v. स्रावंथी एनर्जी प्रा. लि., बीटा इन्फ्राटेक प्रा. लि. और गामा इन्फ्राप्रोप प्रा. लि. ने पीएनजीआरबी में आरटीपी का आरोप लगाते हुए गेल के विरूद्ध शिकायत दायर की है, जिसमें पीएनजीआरबी ने (दिनांक 11.04.2016 का आदेश) के माध्यम से गेल के खिलाफ निर्णय दिया और गेल को 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया तथा गेल को आरटीपी बंद करने व हर पक्ष को 2 लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही पक्षों को बीजी व एसडी वापस करने का निर्देश दिया। गेल ने एपीटीईएल में मामला दायर किया है जो लंबित है।

vi. ओमेक्स ऑटो और रिको ने गेल के खिलाफ सीसीआई के समक्ष शिकायत दर्ज की थी जिसमें बाजार में प्रमुख स्थिति के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। सीसीआई ने दिनांक 16.10.2016 के आदेश के जरिए डीजीआई को इस तरह के दुरुपयोग के लिए गेल के खिलाफ जांच करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान राठी स्टील और मोहन मीकिन लिमिटेड द्वारा दायर 2 और मामलों को डीजीआई के पास जांच के लिए भी भेजा गया था। उक्त जांच पूरी हो चुकी है जिसमें गेल ने डीजीआई द्वारा आवश्यक सभी संगत सूचनाओं और दस्तावेजों को प्रस्तुत करके डीजीआई के साथ सहयोग किया है। डीजीआई ने सीसीआई के पास विचार हेतु रिपोर्ट जमा की है।

vii. जीआईपीसीएल : जीआईपीसीएल ने भी सीसीआई के समक्ष गेल की शिकायत की थी जिसमें उन्होंने बाजार में प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। हालांकि, सीसीआई ने शिकायत को अस्वीकार कर दिया। लेकिन जीआईपीसीएल ने सीओएमपीएटी के समक्ष उस उस आदेश के खिलाफ अपील की थी जिस पर डीजीआई ने इस तरह के दुरुपयोग के लिए गेल के खिलाफ जांच का निर्देश दिया था। गेल ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उक्त आदेश के खिलाफ अपील दायर की है जिसमें जांच पर रोक लगा दी गई है और मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है।

viii. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा गेल के खिलाफ एक आरटीपी शिकायत दर्ज की गई है। गेल ने पीएनजीआरबी के समक्ष आवेदन दिया और विवाद को मध्यस्थ को भेजने का आग्रह किया जिसे पीएनजीआरबी ने 22.12.2016 के आदेश के जरिए खारिज कर दिया था, इसलिए, गेल ने पीएनजीआरबी के आदेश के खिलाफ एपीटीईएल में अपील की है। एपीटीईएल ने अपील को पीएनजीआरबी को वापस विचार के लिए संदर्भित किया है। पीएनजीआरबी ने 04.05.2018 को अपनी सुनवाई में दलों को इस मुद्दे को परस्पर सहमति से सुलझाने के लिए निर्देशित किया। मामला अब 30.07.2018 को निपटारे पर अपडेट के लिए सूचीबद्ध है।

ix. मे. पॉयनियर गैस पावर लिमिटेड ने जीटीए के तहत भेजने या भुगतान शुल्क चार्ज करने के लिए गेल के विरुद्ध आरटीपी का आरोप लगाते हुए एक शिकायत दायर की है। कथित शिकायत पीएनजीआरबी से समक्ष लंबित है।

विशेष रूप से 2017–18 के दौरान निम्नलिखित मामला सुलझाया गया था।

i) 2016–17 में गेल के खिलाफ पेसिफिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आरटीपी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसे परस्पर सहमति से सुलझाया गया था और बाद में पेसिफिक डेवलपमेंट ने 06.02.2018 को पीएनजीआरबी से अपनी शिकायत वापस ले ली है।

4. क्या आपकी कंपनी ने किसी उपभोक्ता सर्वेक्षण/उपभोक्ता संतुष्टि के रुझानों को आयोजित किया है?

जी हां, गेल के पास स्टेकहोल्डर संतुष्टि सूचकांक (एसएसआई) के माध्यम से ग्राहक की प्रतिक्रिया/रेस्पांस प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन एसएपी आधारित सर्वेक्षण है। एक उपकरण के रूप में एसएसआई विभिन्न व्यावसायिक खंडों में कंपनी के उत्पादों और सेवाओं पर ग्राहक के दृष्टिकोण प्राप्त करता है। सर्वेक्षण भरने के लिए ई–मेल के माध्यम से ग्राहकों के साथ एक वेब लिंक साझा किया जाता है। गुणवत्ता, वितरण, सेवा, तकनीकी सहायता इत्यादि से संबंधित विभिन्न मानकों पर ग्राहक की प्रतिक्रिया / प्रतिक्रियाएं ग्राहक संतुष्टि के बढ़ते स्तर का प्रतिनिधित्व करने वाले 1 से 10 के पैमाने पर प्राप्त की जाती है। एसएसआई ग्राहकों द्वारा उपरोक्त मानकों पर दिए गए स्कोर से लिया गया है। एसएसआई–सर्वेक्षण अर्ध वार्षिक आधार पर किया जाता है। वित्त वर्ष 2017–18 के लिए, वेटेज औसत एसएसआई स्कोर 88.30 प्रतिशत है।

टिप्पणी 2 : प्रस्तुत डेटा में निम्नलिखित गेल यूनिटें शामिल हैं :

- गंधार, पाता, उसर, वाघोडिया एवं विजयपुर में गैस प्रसंस्करण यूनिट (जीपीयू);
- पाता में पेट्रोकेमिकल यूनिट और पाता और विजयपुर में सी2/सी3 संयंत्र;
- दिबियापुर, छांयसा, कैलारस, हजीरा, झाबुआ, खेड़ा, वघोडिया एवं विजयपुर में प्राकृतिक गैस कम्प्रेशर स्टेशन;
- आबू रोड चेर्लापल्ली, जी कोडुंरू, जामनगर, कांडला, लोनी, मनसारामपुरा, नसीराबाद, समाखियाली एवं विज़ाग में एलपीजी पम्पिंग/प्राप्ति स्टेशन;
- अगरतला, बड़ौदा, मुम्बई, कावेरी, राजामुंद्री एवं कोच्चि में क्षेत्रीय पाइपलाइन कार्यालय;
- ई एण्ड पी नोएडा;
- जयपुर एवं नोएडा में गेल प्रशिक्षण संस्थान (जीटीआई);
- नई दिल्ली में निगमित कार्यालय; और
- नोएडा में जुबली टॉवर/इन्फो हब; और
- दिल्ली, कोलकाता (पश्चिम बंगाल), चेन्नई (तमिलनाडु), बैंगलुरू (कर्नाटक), भोपाल (मध्य प्रदेश), चंडीगढ़ (हरियाणा), जयपुर (राजस्थान), हैदराबाद (आंध्र प्रदेश), लखनऊ, (उत्तर प्रदेश), मुम्बई, (महाराष्ट्र), अहमदाबाद (गुजरात) में 11 ज़ोनल विपणन कार्यालय।


टिप्पणी 3 : ऊर्जा, सामग्री एवं जल के प्रयोग की उपभोक्ता–वार कमी विस्तार में उपलब्ध नहीं की गई है क्योंकि गेल में उपभोक्ता स्तर पर ऊर्जा, सामग्री एवं जल प्रयोग में कमी का पता लगाने के लिए प्रणाली नहीं है।

पंचवर्षीय रूपरेखा



31 मार्च, 2018 को परिसम्पत्तियों एवं देयताओं का विवरण

(करोड़ रुपए में)



पंचवर्षीय रूपरेखा (एकल)

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16*	2016-17**	2017-18*
(क) वास्तविक निष्पादन					
1. प्राकृतिक गैस विपणन (एमएमएससीएमडी में)	79.18	72.07	73.67	81.21	85.01
2. प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन (एमएमएससीएमडी में)	96.22	92.10	92.09	100.38	105.23
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	206.03	206.03	206.03	206.03	206.03
क्षमता उपयोग प्रतिशत	46.70%	44.70%	44.70%	48.72%	51.08%
3. एलपीजी ट्रांसमिशन (टीएमटी में)	3145	3093	2819	3362	3721
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	3780	3780	3780	3780	3780
क्षमता उपयोग प्रतिशत	83.20%	81.83%	74.57%	88.93%	98.44%
4. एलपीजी उत्पादन (टीएमटी में)	1,027	1,039	855	862	989
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	1,112	1,112	1,112	1,040	1,068
क्षमता उपयोग प्रतिशत	92.28%	93.45%	76.84%	82.83%	92.62%
5. एसबीपी सॉल्वेंट / नाफ्था उत्पादन (टीएमटी में)	120	99	83	82	94
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	128	128	128	98	124
क्षमता उपयोग प्रतिशत	93.69%	77.28%	65.16%	83.93%	76.30%
6. पेंटेन उत्पादन (टीएमटी में)	22	23	23	24	30
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	74	74	74	74	58
क्षमता उपयोग प्रतिशत	29.46%	30.94%	30.89%	32.17%	51.33%
7. प्रोपेन उत्पादन (टीएमटी में)	134	116	128	144	165
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	201	201	201	306	257
क्षमता उपयोग प्रतिशत	66.84%	57.59%	63.68%	46.99%	64.18%
8. पॉलीमर (टीएमटी में)	440	452	344	604	671
स्थापित क्षमता (टीएमटी में)	410	810	810	810	810
क्षमता उपयोग प्रतिशत	107.35%	55.76%	42.49%	74.58%	82.84%
(ख) आय विवरण					
सकल बिक्री	**58,012.06**	**57,291.97**	**52,003.40**	**48,788.75**	**53,690.03**
उत्पाद शुल्क	766.96	722.52	474.71	734.14	163.91
निवल बिक्री	**57,245.10**	**56,569.45**	**51,528.69**	**48,054.61**	**53,526.12**
सकल मार्जिन (ईबीआईडीटीए)	**7,944.66**	**5,619.92**	**5,171.62**	**7,286.96**	**8,648.62**
मूल्य ह्रास और ऋण परिशोधन	1,176.15	974.26	1,309.79	1,396.78	1,415.14
वित्त लागत	366.19	361.30	799.86	479.36	275.11
कर पूर्व लाभ / (हानि)	**6,402.32**	**4,284.36**	**3,061.97**	**5,410.82**	**6,958.37**
कर पश्चात लाभ / (हानि)	**4,375.27**	**3,039.17**	**2,226.43**	**3,502.91**	**4,618.41**
अंतरिम लाभांश सहित लाभांश	1,319.21	761.08	697.66	1,458.78	1,750.50
कॉर्पोरेट लाभांश कर	224.20	153.56	142.03	295.35	352.53
(ग) इक्विटी, देयताएं और परिसंपत्तियां					
इक्विटी					
इक्विटी शेयर पूंजी	1,268.48	1,268.48	1,268.48	1,691.30	2,255.07
अन्य इक्विटी	25,803.85	27,851.04	33,826.07	36,458.07	38,073.05
शेयरधारक निधि	**27,072.33**	**29,119.52**	**35,094.55**	**38,149.37**	**40,328.12**
देयताएं					
प्रतिभूत ऋण	4,679.75	3,651.00	2,893.91	1,749.13	499.49
अप्रतिभूत ऋण	5,588.33	5,904.92	5,165.34	3,313.01	1,580.12
आस्थगित कर देयता (निवल)	2,566.37	3,308.65	4,071.38	3,722.88	4,630.93
अन्य गैर वर्तमान देयताएं	1,175.21	2,658.33	1,728.52	2,086.28	2,246.31
वर्तमान देयताएं (दीर्घावधि ऋण की वर्तमान परिपक्वता को छोड़कर	8,729.34	8,250.81	6,843.70	6,316.29	8,797.21
कुल इक्विटी और देयताएं	**49,811.33**	**52,893.23**	**55,797.40**	**55,336.96**	**58,082.18**

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16*	2016-17**	2017-18*
परिसंपत्तियां					
निवल संयंत्र संपत्ति और उपकरण (अमूर्त परिसंपत्तियों सहित)	21,476.63	27,759.69	28,466.95	28,506.19	28,789.77
पूंजीगत कार्य प्रगत्यधीन (अमूर्त परिसंपत्तियों सहित)	9,757.19	4,360.03	3,420.20	3,803.39	5,514.02
निवेश	4,288.70	4,322.36	8,572.38	9,377.08	9,571.60
अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां	3,038.49	5,855.82	5,929.42	4,519.08	4,098.16
वर्तमान परिसंपत्तियां	11,250.32	10,595.33	9,408.45	9,131.22	10,108.63
कुल परिसंपत्तियां	**49,811.33**	**52,893.23**	**55,797.40**	**55,336.96**	**58,082.18**
निवल मूल्य	**26,858**	**28,888**	**30,699**	**32,350**	**35,142**
निवेश की गई पूंजी	**39,907**	**41,984**	**47,226**	**46,934**	**47,039**
राष्ट्रीय राजकोष का अंशदान	**6,993**	**5,788**	**4,929**	**5,909**	**6,782**
बाजार पूंजीकरण–बीएसई	**47,701**	**49,192**	**45,209**	**63,669**	**74,102**
कर्मचारियों की संख्या	**4,022**	**4,267**	**4,321**	**4,355**	**4,486**
वर्धित मूल्य	**9,663**	**7,413**	**7,129**	**9,510**	**10,725**
प्रति कर्मचारी मूल्य वर्धित	**2.40**	**1.74**	**1.65**	**2.18**	**2.39**
वर्ष के दौरान पूंजीगत व्यय	**4,398**	**3,392**	**1,460**	**1,929**	**3,567**
(घ) नकद प्रवाह					
उपलब्ध कराया गया निवल नकद / (में प्रयुक्त)					
प्रचालन गतिविधियां	4,921.57	2,444.07	4,070.62	5,760.94	8,662.60
निवेश गतिविधियां	(3,231.73)	(964.43)	(670.88)	(380.07)	(2,567.95)
वित्तीय गतिविधियां	(1,396.80)	(2,988.98)	(3,318.03)	(5,238.31)	(5,470.45)
(ङ.) मुख्य वित्तीय संकेतक					
प्रदत्त पूंजी का निवल मूल्य प्रति रुपए	21.17	22.77	24.20	19.13	15.58
ऋण से इक्विटी अनुपात	0.38	0.33	0.26	0.16	0.06
ईबीआईडीटीए / सकल कारोबार (प्रतिशत)	13.69	9.81	9.94	14.94	16.11
पूंजी निवेश पर प्रतिलाभ (प्रतिशत)	16.96	11.07	8.18	12.55	15.38
निवल मूल्य पर प्रतिलाभ (प्रतिशत)	16.29	10.52	7.25	10.83	13.14
पूंजी निवेश पर सकल बिक्री (प्रतिशत)	145.37	136.46	110.12	103.95	114.14
लाभांश भुगतान अनुपात (प्रतिशत) (लाभांश कर सहित)	35.28	30.10	37.71	50.08	45.54
आय प्रति शेयर (रुपए)	34.49	23.96	17.55	20.71	20.48
लाभांश प्रति शेयर (रुपए)	10.40	6.00	5.50	8.63	7.76

*इन वर्षों के आंकड़े कंपनी अधिनियम, 2013 के भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) और अनुसूची III के अनुसार हैं। इन वर्षों के लिए सभी अनुपात की गणना इंड एएस के अनुसार आंकड़ों के आधार पर की जाती है। इसलिए यह संख्या पिछले वर्षों के साथ पूरी तरह से तुलना नहीं की जा सकती।

**पिछले वर्ष (अर्थात् 2016–17) आंकड़े को वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण / प्रकटीकरण के अनुरूप होने के लिए जहां भी जरूरी हो, फिर से वर्गीकृत / पुनः वर्गीकृत किया गया है।

टिप्पणियां

उधार	प्रतिभूत और अप्रतिभूत दोनों ऋणों में दीर्घावधि ऋण और वर्तमान ऋण शामिल हैं।
पूंजी निवेश	इक्विटी शेयर पूंजी + अन्य इक्विटी + दीर्घावधि ऋण + आस्थगित कर देयता (निवल) + दीर्घावधि ऋण की वर्तमान परिपक्वता
निवल मूल्य	इक्विटी शेयर पूंजी + अन्य इक्विटी (परिवर्तन रिजर्व, अन्य व्यापक आय और बॉन्ड मोचन रिजर्व)
प्रदत्त पूंजी का निवल मूल्य प्रति रुपए	निवल मूल्य / इक्विटी शेयर पूंजी
ईबीआईडीटीए / सकल कारोबार (प्रतिशत)	ईबीडीआईटीए / सकल कारोबार
निवेश की गई पूंजी पर प्रतिलाभ (प्रतिशत)	पीबीआईटी / निवेश की गई पूंजी
निवल मूल्य पर प्रतिलाभ (प्रतिशत)	पीएटी / निवल मूल्य
पूंजी निवेश पर सकल बिक्री (प्रतिशत)	सकल बिक्री / निवेश की गई पूंजी
लाभांश भुगतान अनुपात (प्रतिशत) (लाभांश कर सहित)	(लाभांश + कॉर्पोरेट लाभांश कर) / पीएटी
प्रति शेयर आय (रुपए)	अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों का पीएटी / भारित औसत
लाभांश प्रति शेयर (रुपए)	लाभांश / इक्विटी शेयरों की संख्या

पांच वर्ष की रूपरेखा (एकल)

(यूएस डॉलर मिलियन में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16*	2016-17**	2017-18*
(क) आय विवरण					
सकल बिक्री	9,571.37	9,066.62	7,773.30	7,456.63	8,180.71
उत्पाद शुल्क	126.54	114.34	70.96	112.20	24.97
निवल बिक्री	**9,444.83**	**8,952.28**	**7,702.35**	**7,344.43**	**8,155.74**
सकल मार्जिन (ईबीआईडीटीए)	**1,310.78**	**889.37**	**773.04**	**1,113.70**	**1,317.78**
मूल्य ह्रास और परिशोधन	194.05	154.18	195.78	213.48	215.62
वित्त लागत	60.42	57.18	119.56	73.26	41.92
कर पूर्व लाभ/(हानि)	**1,056.31**	**678.01**	**457.69**	**826.96**	**1,060.24**
कर पश्चात् लाभ/(हानि)	**721.87**	**480.96**	**332.80**	**535.37**	**703.70**
अंतरिम लाभांश सहित लाभांश	217.66	120.44	104.28	222.95	266.72
कॉर्पोरेट लाभांश कर	36.99	24.30	21.23	45.14	53.71
(ख) इक्विटी, देनदारियां और परिसंपत्तियां					
इक्विटी					
इक्विटी शेयर पूंजी	209.29	200.74	189.61	258.49	343.60
अन्य इक्विटी	4,257.36	4,407.51	5,056.21	5,572.07	5,801.17
शेयरधारक निधि	**4,466.64**	**4,608.25**	**5,245.82**	**5,830.56**	**6,144.77**
देनदारियां					
प्रतिभूत ऋण	772.11	577.78	432.57	267.33	76.11
अप्रतिभूत ऋण	922.01	934.47	772.10	506.34	240.76
आस्थगित कर देयता (निवल)	423.42	523.60	608.58	568.99	705.61
अन्य गैर वर्तमान देनदारियां	193.90	420.69	258.37	318.86	342.27
वर्तमान देनदारियां (दीर्घावधि ऋण की वर्तमान परिपक्वता को छोड़कर)	1,440.25	1,305.71	1,022.97	965.35	1,340.43
कुल इक्विटी और देनदारियां	**8,218.34**	**8,370.51**	**8,340.42**	**8,457.43**	**8,849.94**
परिसंपत्तियां					
निवल संयंत्र संपत्ति और उपकरण (अमूर्त परिसंपत्तियों सहित)	3,543.41	4,393.05	4,255.15	4,356.75	4,386.68
प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य	1,609.83	689.99	511.24	581.29	840.17
निवेश	707.59	684.03	1,281.37	1,433.15	1,458.42
अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां	501.32	926.70	886.31	690.67	624.43
वर्तमान परिसंपत्तियां	1,856.18	1,676.74	1,406.35	1,395.57	1,540.25
कुल परिसंपत्तियां	**8,218.34**	**8,370.51**	**8,340.42**	**8,457.43**	**8,849.94**
निवल मूल्य	**4,431.30**	**4,571.66**	**4,588.85**	**4,944.18**	**5,354.62**
निवेश की गई पूंजी	**6,584.19**	**6,644.10**	**7,059.20**	**7,173.22**	**7,167.25**
राष्ट्रीय राजकोष का अंशदान	**1,153.77**	**915.97**	**736.77**	**903.10**	**1,033.32**
बाजार पूंजीकरण–बीएसई	**7,870.15**	**7,784.78**	**6,757.70**	**9,730.86**	**11,290.87**
कर्मचारियों की संख्या	**4,022**	**4,267**	**4,321**	**4,355**	**4,486**
वर्धित मूल्य	**1,594.29**	**1,173.13**	**1,065.62**	**1,453.46**	**1,634.13**
प्रति कर्मचारी मूल्य वर्धित	**0.40**	**0.27**	**0.25**	**0.33**	**0.36**
वर्ष के दौरान पूंजीगत व्यय	**725.69**	**536.82**	**218.29**	**294.85**	**543.48**
(ग) नकद प्रवाह					
उपलब्ध कराया गया निवल नकद/(में प्रयुक्त)					
प्रचालन कार्यकलाप	812.01	386.78	608.46	880.47	1,319.91
निवेश कार्यकलाप	(533.20)	(152.62)	(100.28)	(58.09)	(391.28)
वित्तीय कार्यकलाप	(230.46)	(473.01)	(495.97)	(800.60)	(833.53)
# संबंधित वित्तीय वर्ष की 31 मार्च को प्रचलित विनिमय दर में अमेरिकी डॉलर में परिवर्तित रुपए	60.61	63.19	66.90	65.43	65.63

* इन वर्षों के आंकड़े कंपनी अधिनियम, 2013 के भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) और अनुसूची III के अनुसार हैं। इन वर्षों के लिए सभी अनुपात की गणना इंड एएस के अनुसार आंकड़ों के आधार पर की जाती है। इसलिए इस संख्या की पिछले वर्षों के साथ पूरी तरह से तुलना नहीं की जा सकती।

पिछले वर्ष (अर्थात वित्तीय वर्ष 2016–17) के आंकड़े को पुनः समूहित/पुनः वर्गीकृत किया गया है जहां भी आवश्यक हो वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण/प्रकटीकरण के अनुरूप है।

पांच वर्ष की रूपरेखा (समेकित)

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16*	2016-17**	2017-18*
(क) आय विवरण					
सकल बिक्री	**62,598.79**	**61,428.73**	**52,355.08**	**49,236.70**	**54,556.09**
उत्पाद शुल्क	955.29	914.00	499.80	761.80	197.96
निवल बिक्री	**61,643.50**	**60,514.73**	**51,855.28**	**48,474.90**	**54,358.13**
सकल मार्जिन (ईबीआईडीटीए)	**9,254.63**	**6,576.76**	**5,283.16**	**7,237.28**	**8,757.56**
मूल्य ह्रास और ऋण परिशोधन	1,663.50	1,432.57	1,495.60	1,543.01	1,526.89
वित्त लागत	668.71	651.83	821.83	510.99	294.91
कर पूर्व लाभ/(हानि)	**6,922.42**	**4,492.36**	**2,965.73**	**5,183.28**	**6,935.76**
कर पश्चात् लाभ/(हानि) (अल्पसंख्यक ब्याज को छोड़कर)	**4,786.22**	**3,160.05**	**1,869.22**	**3,368.16**	**4,799.07**
अंतरिम लाभांश सहित लाभांश	1,319.21	761.08	697.66	1,458.75	1,750.50
कॉर्पोरेट लाभांश कर	224.20	153.56	142.03	295.33	356.36
(ख) इक्विटी, देनदारियां और परिसंपत्तियां					
इक्विटी					
इक्विटी शेयर पूंजी	1,268.48	1,268.48	1,268.48	1,691.30	2,255.07
अन्य इक्विटी	31,188.47	32,754.19	35,134.93	37,613.59	39,423.50
शेयरधारक निधि	**32,456.95**	**34,022.67**	**36,403.41**	**39,304.89**	**41,678.57**
गैर नियंत्रक ब्याज	**1,758.78**	**1,758.30**	**27.24**	**33.00**	**38.92**
देनदारियां					
प्रतिभूति ऋण	11,793.64	11,237.71	2,893.91	1,914.22	653.17
अप्रतिभूति ऋण	6,743.30	7,053.64	6,156.86	4,096.28	2,565.72
आस्थगित कर देयता (निवल)	2,730.35	3,547.69	4,824.81	5,293.07	5,039.11
प्रावधानों सहित अन्य गैर वर्तमान देनदारियां	1,314.52	2,851.76	1,751.04	2,112.24	2,273.45
"प्रावधानों सहित वर्तमान देनदारियां (दीर्घावधि ऋण और अल्पावधि उधारों की वर्तमान परिपक्वता को छोड़कर)"	10,044.39	9,173.48	6,980.31	6,465.37	9,085.20
कुल इक्विटी और देनदारियां	**66,841.9**	**69,645.3**	**59,037.6**	**59,219.1**	**61,334.14**
परिसंपत्तियां					
"निवल संयंत्र संपत्ति और उपकरण (अमूर्त परिसंपत्तियों सहित)	27,779.37	33,850.05	29,946.45	30,091.84	30,480.29
प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य	20,400.43	16,247.80	3,406.14	3,956.08	5,938.39
"निवेश के लिए निवेश/अग्रिम (लंबित आबंटन और अल्पावधि निवेश सहित)"	1,476.85	1,633.06	9,844.40	10,268.13	10,559.43
"अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां (समेकन पर ख्याति सहित)"	3,032.90	5,550.71	6,228.24	5,524.29	3,467.61
वर्तमान परिसंपत्तियां	14,152.38	12,363.63	9,612.36	9,378.73	10,888.42
कुल परिसंपत्तियां	**66,841.93**	**69,645.25**	**59,037.59**	**59,219.07**	**61,334.14**
निवल मूल्य	28,958	30,420	31,989	33,492	36,464
निर्माण और निवेशों के तहत परिसंपत्तियों सहित नियोजित पूंजी	55,483	57,620	50,307	49,913	49,686
(ग) नकद प्रवाह					
उपलब्ध कराया गया निवल नकद/(में प्रयुक्त)					
प्रचालन कार्यकलाप	4,615.18	4,214.12	3,960.36	6,078.90	8,768.71
निवेश कार्यकलाप	(4,142.13)	(2,115.66)	(903.73)	(833.73)	(2,631.60)
वित्तीय कार्यकलाप	(2.59)	(3,058.47)	(3,027.60)	(4,830.34)	(5,251.62)
(घ) मुख्य वित्तीय संकेतक					
प्रदत्त पूंजी का निवल मूल्य प्रति रुपए (रु.)	22.83	23.98	25.22	19.80	16.17
ईबीआईडीटीए/सकल कारोबार (प्रतिशत)	14.78	10.71	10.09	14.70	16.05
पूंजी निवेश पर प्रतिलाभ (प्रतिशत)	13.68	8.93	7.53	11.41	14.55
निवल मूल्य पर प्रतिलाभ (प्रतिशत)	16.53	10.39	5.84	10.06	13.16
नियोजित पूंजी पर सकल बिक्री (प्रतिशत)	112.83	106.61	104.07	98.65	109.80
लाभांश भुगतान अनुपात (प्रतिशत) (लाभांश कर सहित)	32.25	28.94	44.92	52.08	43.90
आय प्रति शेयर (रु.)	37.73	24.91	14.74	19.91	21.28
लाभांश प्रति शेयर (रु.)	10.40	6.00	5.50	8.63	7.76

*इन वर्षों के आंकड़े कंपनी अधिनियम, 2013 के भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) और अनुसूची III के अनुसार हैं। इन वर्षों के लिए सभी अनुपात की गणना इंड एएस के अनुसार आंकड़ों के आधार पर की जाती है। इसलिए इस संख्या की पिछले वर्षों के साथ पूरी तरह से तुलना नहीं की जा सकती।
कृपया विभिन्न अनुपात के फार्मूला के लिए पांच वर्ष की रूपरेखा (पृथक) देखें।
*3. वर्ष के दौरान एनसीएलएटी से अनुमोदन के बाद रत्नागिरी गैस एंड पावर प्रा. लि. (आरजीपीपीएल) को दो कंपनियों में डीमर्ज कर दिया गया है, कोंकण एलएनजी प्रा. लि. जिसका एलएनजी पुनः गैसीकरण टर्मिनल और रत्नागिरी गैस एंड पावर प्रा. लि. की परिसंपत्तियों पर अधिकार बरकरार है।

*4. गेल द्वारा 32.93 प्रतिशत की धारिता है और 17.07 प्रतिशत गेल गैस लिमिटेड के माध्यम से धारित की जाती है।

*5. पूरी तरह से तनुकृत आधार पर 8.86 प्रतिशत धारिता।

*6. वित्त वर्ष 2016–17 तक एक सहयोगी के रूप में समेकित।

अब तक कोई निवेश नहीं किया गया है।

ख) गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक, तापी पाइपलाइन कंपनी लि. और फेयम गैस कंपनी (जिनके लिए लेखा संबंधित देशों में स्थानीय रिपोर्टिंग की आवश्यकता के कारण 31 दिसंबर 2017 तक लिया जाता है) को छोड़कर मूल कंपनी (अर्थात् 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष) के रूप में इसकी रिपोर्टिंग तारीख तक सभी समूह कंपनियों, इसके संयुक्त उद्यमों तथा सहयोगी कंपनियों के लेखा लिए जाते हैं तथा चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड, जिसकी रिपोर्टिंग अवधि 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुई है, लेकिन स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं के कारण समेकन के समय तक वित्तीय स्थिति उपलब्ध नहीं करा सकी, अत: प्रबंधन ने 31 दिसंबर, 2017 तक वित्तीय सूचना प्रदान की तथा इसका इस्तेमाल समेकन में किया गया है। इस तारीख के बाद कोई समायोजन (लाभांश और आंतरिक समूह लेनदेन को छोड़कर) नहीं किया गया है, क्योंकि संबंधित कंपनी के प्रबंधन द्वारा सूचित अनुसार कोई महत्वपूर्ण सामग्री लेनदेन नहीं होता है।

ग) 23 मई, 2018 तक उपलब्ध खातों के लिए गैर लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और संगत टिप्पणियों को सहायक त्रिपुरा नेचुरल गैस लिमिटेड और संयुक्त उद्यम / सहयोगियों जैसे रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, कोंकण एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड, तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड, वडोदरा गैस लिमिटेड, चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड और तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड के संबंध में समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में ध्यान में रखा गया है।

घ) सामग्री गैर–नियंत्रण हित वाली आंशिक रूप से स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के बारे में सूचना अनुलग्नक–क में दी गई है।

घ) संयुक्त उद्यमों तथा सहयोगी कंपनियों की संक्षिप्त वित्तीय सूचना अनुलग्नक–ख में दी गई है।

च) समूह 31 मार्च 2018 के अनुसार 739.57 करोड़ रुपए की राशि रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में और 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए उनके गैर लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार कोंकण एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में 234.20 करोड़ रुपए और उस तिथि के रूप में कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड के लिए 529.29 करोड़ रुपए की कमी को मान्यता प्राप्त नहीं है। इसे समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता नहीं मिली है, क्योंकि समूह की हानि संयुक्त उद्यमों में समूह के ब्याज से अधिक है।

छ) समेकन में किए गए महत्वपूर्ण निर्णय और धारणाएं :–

क) समूह में त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड (टीएनजीसीएल) के 48.98 प्रतिशत इक्विटी शेयर हैं, लेकिन भारतीय लेखांकन मानक 110 'समेकित वित्तीय विवरण' के तहत किए गए नियंत्रण मूल्यांकन के आधार पर, टीएनजीसीएल को कंपनी की सहायक कंपनी माना जाता है क्योंकि टीएनजीसीएल की संगत गतिविधियों को निर्देशित करने के लिए कंपनी के पास पर्याप्त प्रभावशाली वोटिंग हित है।

ख) ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) में, समूह में कंपनी का 70.74 प्रतिशत इक्विटी शेयर है लेकिन भारतीय लेखांकन मानक 110 'समेकित वित्तीय विवरण' के तहत किए गए नियंत्रण मूल्यांकन के आधार पर बीसीपीएल को एक सहयोगी माना जाता है क्योंकि कंपनी बीसीपीएल की संगत गतिविधियों के प्रबंधन पर पूर्ण शक्ति नहीं है, लेकिन संगत गतिविधियों के निर्णय लेने में भाग लेती है।

ग) चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड समूह में 3.02 प्रतिशत इक्विटी शेयर हैं, लेकिन इसका मूल्यांकन इंड एएस 28 के अनुसार सहयोगी के रूप में किया गया है क्योंकि समूह का "सहयोगी और संयुक्त उद्यमों में निवेश" के रूप में कंपनी के निदेशक मंडल में प्रतिनिधित्व है।

31) आकस्मिक देयताएं और प्रतिबद्धताएं (काफी हद तक उपलब्ध नहीं है) :

I. आकस्मिक दायित्व

(क) कंपनी के खिलाफ दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है :–

(i) व्यापार द्वारा परिसमाप्ति क्षति / मूल्य न्यूनीकरण अनुसूची, प्राकृतिक गैस मूल्य अंतरण आदि के कारण देय तथा प्राकृतिक गैस संचरण प्रभार आदि के लिए ग्राहकों द्वारा देय 1,805.11 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष: 1,622.61 करोड़ रुपए) के कानूनी मामलों के दावे।

(ii) 1138.04 करोड़ रुपए की आयकर मांग (254.33 करोड़ रुपए के निवल प्रावधान) (209.33 करोड़ रुपए के प्रावधान के निवल पिछले वर्ष 1128.26 करोड़ रुपए) जिसके विरुद्ध कंपनी ने अपीलीय प्राधिकरण और अदालत में अपील दायर की है। इसके अलावा, आयकर विभाग ने सीआईटी (अपील) द्वारा कंपनी को 674.89 करोड़ रुपए (ब्याज सहित) की दी गई राहत के खिलाफ आईटीएटी में अपील दायर की है (पिछले वर्ष : 628.09 करोड़ रुपए)।

(iii) विवादित अप्रत्यक्ष कर की मांग निम्नानुसार है :

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2018 को	31 मार्च, 2017 को
1	सीमा शुल्क	8.96	8.55
2	उत्पाद शुल्क	3,476.69	3,296.34
3	बिक्री कर / वैट	145.62	358.91
4	प्रवेश कर	26.10	11.42
5	सेवा कर	2,856.80	1,363.99
	कुल	**6,514.17**	**5,039.21**

(iv) 160.81 करोड़ रुपए के विविध दावे (पिछले वर्ष : 162.84 करोड़ रुपए) विभिन्न श्रेणियों के तहत (i) से (iv) से उपरोक्त आकस्मिक देयताओं का आवागमन नीचे सारणीबद्ध किया गया है :

श्रेणियां	आरंभिक शेष	जमा राशियां	विलोपन	समापन शेष
केंद्र सरकार	6,521.90	1,969.01	263.31	8,227.60
राज्य सरकार	427.67	28.37	222.60	233.44
सीपीएसई	2.15	-	-	2.15
अन्य	1,629.29	364.79	164.26	1,829.82
कुल	**8,581.01**	**2,362.17**	**650.17**	**10,293.01**

(v) कुछ ग्राहकों ने प्रेषण या भुगतान शुल्क / गैस की आपूर्ति न करने के लिए परिणामी नुकसान के लिए 15,028 करोड़ रुपए के काउंटर दावों को जमा किया है। कानूनी राय के अनुसार इस तरह के दावों को मध्यस्थता / सीमा से प्रतिबंधित नहीं किया जाता है।

(ख) समूह कंपनियों की आकस्मिक देनदारियों में उनकी लेखा–परीक्षित / गैर–लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण के आधार पर हिस्सेदारी निम्नानुसार है:–

(करोड़ रु. में)

विवरण	2017-18	2016-17
क) सहायक कंपनियां	6,860.87	6,765.45
ख) संयुक्त उद्यम	321.99	335.75
ग) सहयोगी कंपनियां	819.52	621.88

II. पूंजीगत प्रतिबद्धताएं :–

(क) संविदाओं की अनुमानित राशि (निवल अग्रिम) जो पूंजीगत खाते पर निष्पादित होगा और उपलब्ध नहीं कराया गया है: 7,472.82 करोड़ रुपए (पूर्व वर्ष : 3,128.92 करोड़ रुपए)।

(ख) संविदाओं की अनुमानित राशि में कंपनी का शेयर पूंजीगत लेखाओं में निष्पादित किया जाना है और समूह कंपनियों के लेखा–परीक्षित / गैर–लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण के लिए उपलब्ध नहीं है:–

(करोड़ रु. में)

विवरण	2017-18	2016-17
क) सहायक कंपनियां	455.19	280.54
ख) संयुक्त उद्यम	154.39	414.21
ग) सहयोगी कंपनियां	303.68	205.74

ग) अन्य प्रतिबद्धताएं : –

i. कंपनी की सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम, सहयोगी कंपनियों और अन्य कंपनियों में आगे निवेश और ऋण के वितरण के लिए 771.56 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 740.15 करोड़ रुपए) की प्रतिबद्धता है।

32) कम्पनी द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के दिशानिर्देशों के अनुसार उर्वरक कंपनियों द्वारा गैर–विशिष्ट उद्देश्यों के लिए एपीएम गैस के इस्तेमाल हेतु कंपनी द्वारा प्रस्तुत चालान की वसूली के लिए कुछ ग्राहकों के संबंध में अदालत में लंबित मामलों को देखते हुए कंपनी ने एफआईसीसी द्वारा कंपनी को प्रदान की गई जानकारी के आधार पर 2990.39 करोड़ रुपए की राशि के दावा पत्र जारी किए हैं।

33) मूल्य निर्धारण और टैरिफ :–

(क) पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल), जो आर–एलएनजी का आपूर्तिकर्ता है, कुछ मामलों पर अनंतिम आधार पर कंपनी को चालान प्रस्तुत कर रही है और इसे देखते हुए कंपनी अपने ग्राहकों को आर–एलएनजी की बिक्री के लिए अनंतिम चालान प्रस्तुत कर रही है। ऐसे अनंतिम चालानों में किसी भी परिवर्तन का प्रभाव लिया जाता है और जब कभी इनका निपटान किया जाता है। प्रबंधन के विचार से, अंतर की राशि अहम नहीं होगी।

(ख) 1 अप्रैल, 2002 से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमतों को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है और यह अब तेल विपणन कंपनियों द्वारा निर्धारित आयात समता कीमतों पर आधारित है। हालांकि, मूल्य निर्धारण तंत्र अनंतिम है और इसे अभी तक एमओपीएनजी द्वारा अंतिम रूप दिया जाना है। मूल्य निर्धारण पर प्रभाव, यदि कोई हो, को मामले को अंतिम रूप देने पर मान्यता दी जाएगी।

(ग) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ तथा पेट्रोलियम एवं पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परिवहन टैरिफ समय–समय पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियमन बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा जारी किए गए विभिन्न विनियमों के अधीन हैं। लाभ पर प्रभाव, यदि कोई हो, पर पीएनजीआरबी आदेशों के द्वारा पाइपलाइन के टैरिफ में संशोधन करके लगातार स्वीकार किया जा रहा है।

(घ) अपीलीय अधिकरण (एपीटेल) के निदेशों के अनुसार, अब तक, पीएनजीआरबी ने वित्त वर्ष 2016–17 के लिए लागू 06 (छह) अंतिम टैरिफ आदेश जारी किए हैं। कंपनी ने टैरिफ आदेशों में पीएनजीआरबी द्वारा किए गए विभिन्न संचालनों के खिलाफ अपीलीय अधिकरण (एपीटेल) से पहले अपील दायर की है। अग्रिम अपील निपटान के लिए लंबित हैं। इसके बावजूद, लाभों पर असर, यदि कोई हो, तो पीएनजीआरबी के आदेशों द्वारा पाइपलाइन टैरिफ को संशोधित किया जाता है। अनंतिम आदेशों के संबंध में, पीएनजीआरबी ने अभी तक अपने अंतिम आदेश जारी नहीं किए हैं।

(ड.) पाइपलाइनों के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण पर पीएनजीआरबी के क्षेत्राधिकार को चुनौती देने वाले माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में पहले, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान एक रिट याचिका दायर की है। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने उपर्युक्त रिट याचिका को 11.04.2017 के अपने आदेश के अनुसार खारिज कर दिया है। इस संबंध में, कंपनी ने 12 मई 2017 को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक समीक्षा याचिका दायर की है जिसे माननीय न्यायालय द्वारा समीक्षा के लिए जमा कराया गया है।

34) निर्धारित बकाया

(क) 22.80 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 21.80 करोड़ रुपए) (टिप्पणी सं. 11क में दर्शाई गई है) के पन्ना मुक्ता ताप्ती (पीएमटी) संयुक्त उद्यम परिसंघ की शेष राशि को बैंकों में अल्पावधि जमा के रूप में निर्धारित बकाया के रूप में रखा जाता है। इसमें अर्जित ब्याज शामिल है, लेकिन यह 0.20 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 0.15 करोड़ रुपए) के कारण नहीं है। ब्याज से प्राप्त यह आय कंपनी की नहीं है और इसे आय नहीं माना जा सकता।

(ख) 'गैस पूल खाता' के कारण 299.93 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 268.56 करोड़ रुपए) (टिप्पणी सं. 11क में दर्शाए गए अनुसार) की देयता कंपनी द्वारा एमओपीएनए के निर्देशों के अनुसार अभिरक्षक के रूप में रखी गई राशि को दर्शाती है। प्राप्त राशि बैंकों में अल्पावधि जमा राशि के रूप में निर्धारित निधि के रूप में रखी जाती है (टिप्पणी सं. 11क में दर्शाए अनुसार)। इसमें ब्याज भी शामिल है लेकिन यह रु. 7.79 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 4.55 करोड़ रुपए) के कारण नहीं है। ब्याज से प्राप्त यह आय कंपनी की नहीं है और इसे आय नहीं माना जा सकता।

(ग) व्यापार प्राप्य (कुछ ग्राहकों के मामले में वर्ष के दौरान रिवर्सल के बाद) के अंतर्गत संबंधित डेबिट सहित 654.83 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष : 655.48 करोड़ रुपए) (टिप्पणी सं. 16 में दर्शाए अनुसार) 'अन्य दीर्घावधि देयताओं' के तहत गैस पूल धनराशि (अनंतिम) का ग्राहकों से राशि प्राप्त होने पर निवेश/भुगतान किया जाएगा।

(घ) पाइपलाइन बिछाने में अधिक समय लगना तथा अनिश्चित प्रभार के कारण 112.30 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 99.74 करोड़ रूपए) (टिप्पणी सं. 11क में दर्शाए गए अनुसार) की देयता कंपनी द्वारा पीएनजीआरबी के निर्देशों के अनुसार अभिरक्षक के रूप में रखी गई राशि दर्शाती है। प्राप्त राशि बैंकों में अल्पावधि जमा राशि के रूप में निर्धारित निधि के रूप में रखी गई है (टिप्पणी सं. 11क में दर्शाया गया है)। इसमें अर्जित ब्याज शामिल है लेकिन अल्पावधि जमा पर 3.21 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 3.82 करोड़ रुपए) देय नहीं है। ब्याज से प्राप्त यह आय कंपनी की नहीं है और इसे आय नहीं माना जा सकता।

35) कंपनी ने संयुक्त उद्यम कंपनी रत्नागिरि गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड (आरजीपीपीएल) में 974.31 करोड़ रुपए की इक्विटी निवेश की है, जो आरजीपीपीएल की प्रदत्त इक्विटी पूंजी लगभग 25.50 प्रतिशत के बराबर है। वर्ष के दौरान आरजीपीपीएल की डीमर्जर योजना को दिनांक 28.02.2018 के आदेश के अनुसार एनसीएलएटी द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस योजना के अनुसार, एलएनजी व्यापार की परिसंपत्तियों और देयताओं को विघटित इकाई कोंकण एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड (केएलपीएल) में स्थानांतरित कर दिया गया है और आरजीपीपीएल की भुगतानित शेयर पूंजी आरजीपीपीएल के शेयरधारकों को केएलपीएल के शेयरों के संगत निर्गत के साथ कम कर दी गई थी। तदनुसार, कंपनी द्वारा आरजीपीपीएल में 974.21 करोड़ रुपए के कुल निवेश से केएलपीएल में 139.75 करोड़ रुपए के निवेश को हस्तांतरित किया गया था।

36) (क) गेल भारत सरकार के निर्णय के अनुसार यूरिया संयंत्रों के लिए प्राकृतिक गैस की पूलिंग हेतु पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहा है। इस योजना में उद्योग के लिए भारित औसत मूल्य की तुलना में प्रत्येक संयंत्र के भारित औसत मूल्य में अंतर के निपटान के जरिए यूरिया उत्पादन हेतु गैस की समान लागत पर विचार किया गया है। तदनुसार, 31 मार्च 2018 तक, 368.37 करोड़ रुपए की राशि (पिछले वर्ष 78.34 करोड़ रुपए) यूरिया संयंत्रों से देय है और तदनुसार प्राप्य है। देय और प्राप्य राशि के समायोजन के बाद, वित्तीय विवरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(ख) गेल भारत सरकार के निर्णय के अनुसार अधिसूचित गैस आधारित बिजली संयंत्रों के क्षमता उपयोग के लिए पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहा है। यह योजना 31 मार्च 2017 तक लागू थी, और इसमें भारत सरकार के विद्युत क्षेत्र विकास निधि (पीएसडीएफ) से विद्युत संयंत्रों को सहायता देने की परिकल्पना की गई है। गैस की आपूर्तियां अस्थायी/अनुमानित मूल्य पर आधारित थीं, जिन्हें वास्तविक लागत के आधार पर पुनः समायोजित किया जाना था। तदनुसार, वर्तमान देयताओं में 31 मार्च 2018 को इस खाते में 87.63 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 87.63 करोड़ रुपए) की राशि शामिल है जो उपरोक्त विद्युत संयंत्रों और/या भारत सरकार को देय है।

37) वर्ष के दौरान कंपनी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ 255.36 करोड़ की राशि प्रेषण या भुगतान शुल्क के अपने विवादित दावे के संबंध में निपटारे में प्रवेश किया है। समझौते के मुताबिक कंपनी को उपर्युक्त राशि के प्रति 175 करोड़ रुपए मिल गए हैं और उसने 80.36

करोड़ रुपए की शेष राशि के लिए क्रेडिट नोट जारी किए हैं और वर्ष के लिए आय में इसे समायोजित किया है।

38) भारतीय लेखांकन मानक 109 (वित्तीय उपकरण) के प्रावधान के अनुसार, कंपनी ने 1 अक्टूबर 2017 को या उसके बाद दर्ज किए गए व्युत्पन्न संविदाओं के लिए हेज लेखा अपनाया है क्योंकि वस्तु हेजिंग लेनदेन में पर्याप्त वृद्धि हुई है। 1 अक्टूबर 2017 से पहले व्युत्पन्न संविदाओं को व्युत्पन्न के रूप में गणना के लिए जारी रखा जाएगा। उपरोक्त उल्लिखित परिवर्तनों के अनुसार, 1 अक्टूबर 2017 से प्राप्त व्युत्पन्न संविदाओं से संबंधित 81.05 करोड़ रुपए के स्थगित कर के 150.90 करोड़ रुपए के बाजार घाटे में अंकित 31 मार्च 2018 तक अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त है।

39) पीएनजीआरबी ने 19.02.2014 को संशोधित संबद्ध आचार संहिता विनियमों में विनियमन 5क के सम्मिलन को अधिसूचित किया है कि प्राकृतिक गैस के विपणन और परिवहन दोनों में संलग्न इकाई दिनांक 31.03.2017 को या उससे पहले एक अलग विधिक इकाई का सृजन करेगी, ताकि प्राकृतिक गैस परिवहन की गतिविधि ऐसी अलग विधिक इकाई द्वारा की जाएगी और पहले उपयोग का अधिकार, हालांकि, इस तरह की अगल विधिक इकाई के सहयोगी के पास रहेगा। कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके उक्त पीएनजीआरबी विनियमों को चुनौती दी गई है और मामला लंबित है।

40) वर्ष के दौरान कंपनी को वाराणसी, भुवनेश्वर, कटक, जमशेदपुर, रांची और पटना के शहरों में 6 सीजीडी परियोजनाओं के विकास का कार्य सौंपा गया हैं। इन 6 सीजीडी के लिए कंपनी को पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकरण पत्र पहले ही जारी कर दिया गया है और इन सीजीडी को निर्धारित समयरेखा के बाद पीएनजीआरबी द्वारा निर्धारित न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार विकसित किया जाना है।

41) तुर्कमेनिस्तान–अफगानिस्तान–पाकिस्तान–भारत (तापी) गैस पाइपलाइन का निर्माण, संचालन और रख–रखाव करने के लिए नवंबर, 2014 में कंपनी के एक संयुक्त उद्यम तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) का निगमन किया गया था। वर्तमान में गेल के 10 अमेरिकी डॉलर प्रति शेयर मूल्य के 265,000 इक्विटी शेयर और टीपीसीएल में शून्य मूल्य के 25 इक्विटी शेयर हैं, जैसा कि टिप्पणी सं. 5 (क) 10 में दर्शाया गया है।

31 मार्च 2018 के अनुसार, कंपनी ने उपर्युक्त परियोजना के परियोजना–पूर्व व्यय के लिए 26.87 करोड़ रुपए का कुल भुगतान किया है जो 4.15 मिलियन अमेरिकी डालर (पिछले वर्ष 26.87 करोड़ रुपए, अर्थात् 4.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर) के बराबर है, जिसमें से 17.70 करोड़ रुपए, 2.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समकक्ष राशि को वर्ष के दौरान आबंटित किया गया है और शेष 9.17 करोड़ रुपए, 1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समकक्ष राशि टिप्पणी सं. 8 में इक्विटी के प्रति अग्रिम के रूप में दर्शाई गई है।

42) पिछले वर्षों में दक्षिण पूर्व एशिया गैस पाइपलाइन (एसईएजीपी) को चुकाए गए इक्विटी लंबित आबंटन की तुलना में अग्रिम राशि 108.70 करोड़ रु. 22,528,552 अमेरिकी डॉलर के बराबर थी। एसईएजीपी के निदेशक मंडल और शेयरधारकों ने 11.4.2018 को आयोजित बैठक में इक्विटी की तुलना में इस अग्रिम की आंशिक राशि की वापसी की मंजूरी दे दी। तदनुसार, 2,240,334.80 अमेरिकी डॉलर के बराबर 14.48 करोड़ रुपए की कंपनी द्वारा पुनर्प्राप्ति राशि वर्ष के अंत में वर्तमान वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में दिखायी जाती है और 20,282,217.20 अमेरिकी डॉलर के बराबर 95.78 करोड़ रुपए की शेष राशि को टिप्पणी संख्या 8 में इक्विटी लंबित आबंटन की तुलना में अग्रिम के रूप में दिखाया गया है।

43) संयुक्त उद्यम कंपनी, भाग्य नगर गैस लिमिटेड (बीजीएल) द्वारा देय 120 करोड़ रुपए के सेतु ऋण (45 करोड़ रुपए के अर्जित ब्याज के साथ मूल धन 75 करोड़ रुपए) के सेतु ऋण की वसूली के लिए कंपनी को 10 रुपए प्रत्येक के 2,11,50,000 इक्विटी शेयर प्राप्त हुए हैं जो वर्ष के दौरान बीजीएल के 105.75 करोड़ रुपए की 40 रुपए प्रति शेयर के प्रीमियम पर रहे और 14.24 करोड़ रु. की शेष राशि बीजीएल द्वारा वापस की गई थी।

44) दिनांक 31.03.2018 तक 561.80 करोड रुपए की पुनः गैसीकरण क्षमता की बुकिंग के लिए पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) को ब्याज–मुक्त अग्रिम दिया गया है (पिछले वर्ष 561.80 करोड़ रुपए)। पीएलएल के विनियामक चालान के खिलाफ उक्त अग्रिम को 15 वर्षों के अंदर समायोजित किया जाना है। उपरोक्त अग्रिम में, पीएलएल ने वर्ष के दौरान (पिछले वर्ष 9.55 करोड़ रुपए) 38.20 करोड़ रुपए का समायोजन किया है। 514.80 करोड़ रुपए की शेष राशि (पिछले वर्ष 552.25 करोड़ रुपए) को टिप्पणी सं. 12 और 12ए में अग्रिम रूप में अग्रेनीत किया गया है।

45) 21 सितंबर 2016 को हुई बैठक में आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए), भारत सरकार ने अनुमानित पूंजीगत लागत के 40 प्रतिशत पूंजी अनुदान को मंजूरी दी है, जो कि 12,940 करोड़ रुपए है, अर्थात् कंपनी को जगदीशपुर हल्दिया बोकारो धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल) के निष्पादन के लिए 5,176 करोड़ रुपए दिए गए हैं। कंपनी को 31.03.2018 तक उपरोक्त जमीन पर पूंजी अनुदान की ओर 850 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 450 करोड़ रुपए) प्राप्त हुआ है। वर्ष के दौरान, कंपनी ने पूंजीगत अनुदान के जीवन के आधार पर 0.24 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष शून्य) की पूंजी अनुदान को अमूर्त किया है।

46) अन्य संगत टिप्पणियों को कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों में संदर्भित किया जा सकता है, क्योंकि समूह के समेकित वित्तीय विवरणों में केवल चुनिंदा टिप्पणियां दोहराई जाती हैं।

47) सहायक और संयुक्त उद्यमों / सहयोगी कंपनियों के संबंध में, लेखाओं में निम्नलिखित प्रमुख टिप्पाणियों का प्रकटन किया गया है।

I) गैल गैस लिमिटेड

क) कंपनी ने 31.07.2017 को गेल गैस लिमिटेड और राजस्थान स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की संयुक्त उद्यम कंपनी मेसर्स राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) को कोटा सीजीडी बिजनेस (प्राकृतिक गैस व्यापार में काम करने) को व्यापार हस्तांतरण समझौते (बीटीए) के अनुसार कुल 80 करोड़ रुपए में बेच दिया गया है। कंपनी ने 31.07.2017 को संयुक्त उद्यम कंपनी को भूमि, भवन, संयंत्र और मशीनरी, सीडब्ल्यूआईपी आदि सहित सभी संपत्तियों को स्थानांतरित कर दिया है और 4.71 करोड़ रुपए के निवल लाभ (कर का निवल) को 31.03.2018 को समाप्त अवधि के लिए लाभ और हानि विवरण में निरंतर संचालन से आय के रूप में दिखाया गया है, भारतीय लेखांकन मानक 105 द्वारा आवश्यक एक विश्लेषण नीचे दिया गया है :–

(करोड़ रु. में)

विवरण	31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष	31 मार्च 2017 को को समाप्त वर्ष
I. प्रचालनों से राजस्व (सकल)	8.21	22.15
II. अन्य आय	0.03	0.06
III कुल आय (I+II)	**8.24**	**22.21**
IV व्यय		
गैस खपत	4.50	12.10
उत्पाद शुल्क	0.72	1.86
कर्मचारी लाभ व्यय	0.38	1.74
वित्त लागत	0.37	2.05
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	0.65	1.94
अन्य व्यय	1.58	3.28
कुल व्यय	**8.20**	**22.97**
V समाप्त प्रचालनों से कर पूर्व लाभ	0.04	(0.76)
VI समाप्त प्रचालन पर कर पूर्व लाभ (हानि)	12.53	-
कुल	**12.57**	**(0.76)**
VII कर व्यय		
समाप्त प्रचालन		
-वर्तमान	0.01	-
-आस्थगित		
-समाप्त प्रचालन का निपटान	7.85	
कुल	**7.86**	-
VIII समाप्त प्रचालन से कर पश्चात लाभ	**4.71**	**(0.76)**

बिक्री के विवरण निम्नानुसार हैं :

विवरण	31.03.2018	31.03.2017
नकद प्राप्ति	40.00	-
इक्विटी शेयर प्राप्ति	40.00	-
कुल गणना प्राप्त	80.00	-
बिक्री की तिथि पर निवल परिसंपत्तियों की ली गई राशि	67.47	-
आय कर से पूर्व बिक्री पर लाभ	12.53	-
व्यापार की बिक्री पर लाभ पर आय कर	7.85	-
आय कर के पश्चात बिक्री पर लाभ	4.68	-

बिक्री (31.07.2017) की तारीख के अनुसार परिसंपत्तियों और देनदारियों की आगे ले जाई गई राशि का विवरण निम्नानुसार है : – ख

विवरण	राशि
संपत्ति संयंत्र और उपकरण	53.91
पूंजी कार्य प्रगति पर	11.69
मालसूचियां	0.08
अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां	1.79
कुल परिसंपत्तियां	67.47
अन्य वर्तमान देयताएं	-
निवल परिसंपत्तियां	67.47

इसके अलावा, बीटीए से संबंधित अन्य गतिविधियां विभिन्न ग्राहकों से आरएसजीएल तक कंपनी द्वारा प्राप्त 0.92 करोड़ रुपए की प्रतिभूति जमा के हस्तांतरण सहित प्रक्रिया में हैं।

ख) कंपनी ने ऋण समझौते के अनुसार संपूर्ण अवधि ऋण के लिए एचडीएफसी बैंक से प्राप्त 61.33 करोड़ रुपए की राशि वर्ष के दौरान प्रीपेड की है जो सोनीपत, मेरठ, देवास और कोटा की सभी परिसंपत्तियों के विरुद्ध रक्षित की गई थीं।

ग) वर्ष के दौरान, पीएनजीआरबी ने 03.11.2017 के न्यायालय आदेश के संदर्भ में टीटीजेड सीजीडी के लिए न्यूनतम कार्य प्रतिबद्धता कार्यक्रम को पूरा नहीं करने के लिए 0.74 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी को भुनाया और इसे पूंजीगत कार्य में प्रगति पर रखा गया है।

घ) निवेश में कंपनी द्वारा संयुक्त उद्यम कंपनी में से एक केरल गेल गैस लिमिटेड (केजीजीएल) में इक्विटी निवेश के रूप में 11.93 करोड़ रुपए की राशि शामिल है, जो स्वैच्छिक समापन और इक्विटी शेयर पूंजी में कमी की प्रक्रिया में है। निवेश के मूल्य में कोई कमी नहीं देखी गई है और निवेश की कीमत पर मूल्य निर्धारण किया गया है क्योंकि केजीजीएल की परिसंपत्तियां मुख्य रूप से अनुसूची वाणिज्यिक बैंकों के साथ जमा के रूप में वर्तमान परिसंपत्तियां होती हैं और इस तरह सूचना देने की नियत तिथि पर जमा पर मूल्य में कोई कमी नहीं होती है।

II) महानगर गैस लिमिटेड

क) 05 जनवरी, 2016 को मौजूदा शेयरधारकों ने 94,92,545 आरक्षित अनिवार्य डिबेंचर (यूसीसीडी) (अंकित मूल्य प्रति 10/– रुपए) का प्रत्येक 10/– रुपए के अंकित मूल्य के 160 (एक सौ साठ) इक्विटी शेयर के लिए 17 (सत्रह) आरक्षित सीसीडी के अनुपात में अधिकार आधार पर प्रस्ताव किया गया था। महाराष्ट्र सरकार को उनके आवेदन पर 94,36,178 आरक्षित सीसीडी आबंटित किए गए और शेष 56,367 आरक्षित सीसीडी रद्द किए गए थे। महाराष्ट्र सरकार को आबंटित इन आरक्षित सीसीडी को 7 जून, 2016 को समान संख्या के इक्विटी शेयरों के समकक्ष परिवर्तित किया गया था।

III) इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड

क) 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए पिछले वर्ष के दौरान, 31.51 करोड़ रुपए की राशि के लिए पिछले वर्ष में उनके साथ जारी बातचीत के आधार पर उनके संबंधित आउटलेट से सीएनजी की बिक्री के लिए व्यापार मार्जिन में अनुमानित संशोधन और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को देय सुविधा शुल्क के लिए बही खातों में प्रदान की गई थी। वर्तमान वर्ष के दौरान, उपर्युक्त व्यापार मार्जिन और सुविधा शुल्क के लिए दरों को पूर्व प्रभाव से अंतिम रूप दिया गया है और तदनुसार, पिछले वर्षों से संबंधित 15.92 करोड़ रुपए और 0.30 करोड़ रुपए की राशि को संबंधित शीर्षों से बट्टे खाते में डाला गया है।

IV) ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड

क) मैसर्स फर्नास कंस्ट्रक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एकीकृत उपयोगिताओं और ऑफसाइट (आईयू और ओ) के लिए 1,910 करोड़ रुपए (अनुमोदित परिवर्तन आदेश सहित) के लिए इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर संविदा प्रदान की गई थी। ईआईएल के कहने पर फर्नास पर योग्यता और आईयू और ओ पैकेज प्रदान करने की जांच सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई है। फर्नास की जांच में पाया गया है कि योग्यता के मामले में प्रस्तुत कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र फर्जी है क्योंकि यह अधिकारी और कर्मचारी के साथ मिलकर प्राप्त किया गया था। सूचना के अनुसार, फर्नास और ईआईएल के प्रतिनिधियों के लिए आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई है और मामला न्यायाधीन है। संविदा के उल्लंघन के कारण संविदा में उपलब्ध उपायों के अनुसार कंपनी ने 27 अप्रैल 2017 के अपने पत्र संख्या ओपल/बीडीए/सीईओ/पीसीसी/325/16–17 के माध्यम से संविदाकार को निष्कासित कर दिया है। कंपनी ने संविदाकार के खिलाफ अपने कब्जे में 184.44 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी की मांग की है। प्रबंधन इस संबंध में किसी भी भौतिक वित्तीय देयता की परिकल्पना नहीं करता है।

V) ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड

क) वर्ष के दौरान कंपनी को असम गैस क्रैकर परियोजना के संशोधित परियोजना लागत (9,965.00 करोड़ रुपए) के प्रति भारत सरकार (जीओआई) से 14.87 करोड़ रुपए का शेष इक्विटी योगदान प्राप्त हुआ है। इस योगदान के साथ, 1,045.00 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई लागत के लिए अनुमोदित वित्त पोषण का इक्विटी भाग पूरा कर लिया गया है। हालांकि, कंपनी को शेष पूंजीगत सब्सिडी (549.45 करोड़ रुपए) के लिए वित्त वर्ष 2017–18 में केवल 100.00 करोड़ रुपए प्राप्त हुआ है और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए आरई में शेष राशि आबंटित होने की उम्मीद है।

ख) परियोजना के अनुमोदन की प्रारंभिक स्थिति और भारत सरकार (जीओआई) की अंतर–मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की सिफारिश के आधार पर, कंपनी ने प्राकृतिक गैस मूल्य के 40 प्रतिशत की फीड स्टॉक सब्सिडी की स्वीकृति के लिए अपना दावा जमा कर दिया है। सटीक राशि सिद्धांत स्वीकृत और वास्तविक दावे के आधार पर निर्धारित की जाएगी, आवश्यक लेखांकन प्रभावी किया जाएगा।

VI) ग्रीन गैस लिमिटेड

क) कंपनी के संविदाकार मेसर्स टोरेंट प्रोजेक्ट लिमिटेड को आगरा में स्टील पाइपलाइन बिछाने और संबद्ध कार्य के लिए तीन ठेके दिए गए थे। संविदाकार ने बाद में उक्त परियोजना कंपनी से संबंधित विविध प्रभारों के लिए 5.32 करोड़ रुपए का दावा किया था और उनका मानना था कि उक्त दावे संगत नहीं थे और ये मनमानी और काल्पनिक तथ्यों पर आधारित हैं। इसके अलावा, कंपनी ने परियोजना में विलंब के लिए संविदाकार पर 10.32 करोड़ रुपए का प्रति दावा किया तथा यह मामला एकमात्र मध्यस्थ के अधीन है। कार्यवाही दिसंबर 2016 से चल रही हैं।

VII) भाग्यनगर गैस लिमिटेड

क) संबंधित पार्टियों गेल (इंडिया) लिमिटेड और एचपीसीएल से उधार लिए गए अरक्षित सेतु ऋण का पुनर्भुगतान।

i) साधारण ब्याज दर पर उधार लिया गया सेतु ऋण 30.04.2017 से शुरू होने वाली पांच समान मासिक किस्तों में ब्याज के साथ पुनः भुगतान किया जाना है और 31.08.2017 से समाप्त होना या इक्विटी में ऋण का रूपांतरण किया जाना है, इनमें से जो भी पहले हो।

ii) चक्रवृद्धि ब्याज दर पर उधार लिया गया सेतु ऋण अधिकतम दो किस्तों में 2 साल की अधिस्थगन अवधि के बाद पुनः भुगतान किया जाना है।

iii) जनवरी 2018 के दौरान, दोनों प्रवर्तकों अर्थात गेल और एचपीसीएल ने सहमति व्यक्त की और बीजीएल द्वारा इक्विटी पूंजी के राइट इशू के खिलाफ अर्जित ब्याज और इसके परिणामस्वरूप गेल और एचपीसीएल दोनों से संपूर्ण सेतु ऋण पर सही आधार पर इक्विटी शेयर और ऋण की शेष राशि जारी ब्याज के साथ निपटान किया गया था और बीजीएल द्वारा उस तारीख तक इक्विटी के प्रति नकद में बकाया ब्याज का समायोजन किया गया है।

VIII) कोंकण एलएनजी प्रा. लि.

क) केएलपीएल (आरजीपीपीएल के पूर्व एलएनजी टर्मिनल) ने पिछले कुछ वर्षों में घाटे का सामना किया है जिसके परिणामस्वरूप कंपनी के निवल मूल्य का क्षरण हुआ है। इसके अलावा, समय बीतने या सामान्य उपयोग के परिणामस्वरूप अपेक्षा की गई अवधि के मुकाबले केएलपीएल की परिसंपत्तियों का मूल्य घट गया है। इसके अलावा, केएलपीएल के एलएनजी टर्मिनल पिछले कई वर्षों से अपने स्थापित क्षमता से कम पर काम कर रहे हैं। इस निवेश की वसूली योग्य राशि का आकलन 3442.90 करोड़ रुपए किया गया है और तदनुसार कंपनी ने इस तरह के निवेश के संबंध में 509.90 करोड़ रुपए की हानि को पहचाना है और लाभ और हानि के विवरण में "क्षति हानि" के रूप में इसे प्रकट किया गया है।

48) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अंतर्गत अधिसूचित अनुसार 'प्रचालन खंड' पर इंड – एएस 108 के अनुपालन में, अपेक्षित सूचना इस अनुसूची के अनुलग्नक–ग में दी गई है।

प्रचालन खंड : प्रचालन खंड का निम्न प्रकार से चयन किया गया है:–

(ट्रांसमिशन सेवाएं

क) प्राकृतिक गैस

ख) एलपीजी

(ii) प्राकृतिक गैस ट्रेडिंग

(iii) पेट्रोकेमिकल्स

(iv) एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन

(v) शहर गैस वितरण

(vi) अन्य खंड (गेलटेल, ई एंड पी और पावर जनरेशन सहित)

कंपनी में कोई भौगोलिक खंड नहीं हैं।

49) 'संबंधित पक्ष प्रकटीकरण' पर इंड – एएस 24 के अनुपालन में, संबंधित पार्टियों का नाम, संबंध की प्रकृति और उनके साथ दर्ज लेनदेन का विवरण **अनुबंध–घ** में दिया गया है।

50) "प्रति शेयर आय" पर इंड एएस–33 के अनुपालन में, वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा कंपनी के इक्विटी धारकों को देय वर्ष के लाभ को विभाजित करके मूल और प्रति शेयर कम की गई ईपीएस राशियों को विभाजित करके गणना की जाती है। प्रति शेयर कम की गई ईपीएस की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से कंपनी के इक्विटी धारकों के लिए वर्ष के लाभ को विभाजित करके की जाती है जो कि इक्विटी शेयरों की तुलना में प्रति शेयर कम की गई सभी संभावित इक्विटी के रूपांतरण पर जारी की जाएगी।

मूल और प्रति शेयर कम की गई ईपीएस गणना में प्रयुक्त आय और शेयर डेटा निम्नलिखित को दर्शाते हैं:

विवरण	2017-18	2016-17
जारी प्रचालन से कर पश्चात निवल लाभ	4794.36	3,368.92
समाप्त प्रचालन से कर पश्चात निवल लाभ / (हानि) – (करोड़ रु.)	4.71	(0.76)
इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या को भाजक के रूप में उपयोग किया जाता है*	2,25,50,70,933.00	2,25,50,70,933.00
प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य	10	10
जारी प्रचालन से अर्जित प्रति शेयर (मूल और तनुकृत) – (रुपए)	21.26	14.94
समाप्त प्रचालन से अर्जित प्रति शेयर (मूल और तनुकृत) – (रुपए)	0.02	0.00
जारी और समाप्त प्रचालन से अर्जित प्रति शेयर (मूल और तनुकृत)–(रुपए)	21.28	14.94

*प्रत्येक तीन शेयर के लिए एक इक्विटी शेयर के अनुपात में इक्विटी शेयरों के बोनस जारी होने के कारण भारतीय लेखांकन मानक 33 के अनुसार प्रस्तुत सभी तुलनात्मक अवधि के लिए प्रति शेयर अर्जित किया गया है।

51) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची– ।।। के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार सहायक कंपनियों / सहयोगी कंपनियों / संयुक्त उद्यमों के समेकित उद्यमों की अतिरिक्त सूचना को अनुलग्नक–ड. में दर्शाया गया है।

52) वित्तीय जोखिम प्रबंधन

कंपनी प्राकृतिक व्यवसाय के जोखिम से उत्पन्न विभिन्न वित्तीय जोखिमों के साथ–साथ वस्तु की कीमतें, विदेशी मुद्रा विनिमय और ब्याज दरों से संबंधित बाजार जोखिम; ऋण जोखिम और तरलता जोखिम सहित वित्तीय साधनों के उपयोग से प्रभावित होती हैं।

I) बाजार जोखिम

बाजार जोखिम ऐसा जोखिम है जिसमें बाजार की कीमतों में होने वाले संवेदनशीलता के कारण भावी नकद प्रवाह के उचित मूल्य में संवेदनशील हो जाता है। बाजार जोखिम में तीन प्रकार के जोखिम शामिल हैं : ब्याज दर जोखिम, मुद्रा जोखिम और अन्य मूल्य जोखिम, जैसे इक्विटी मूल्य जोखिम और वस्तु जोखिम। बाजार जोखिम से प्रभावित वित्तीय साधनों में ऋण और उधार, जमा, तथा व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल हैं।

क) ब्याज दर जोखिम :–

ब्याज दर जोखिम वह जोखिम है जिसमें वित्तीय साधन के उचित मूल्य या भावी नकदी प्रवाह में बाजार की ब्याज दर में परिवर्तन के कारण संवेदनशील होता है। बाजार की ब्याज दरों में होने वाले परिवर्तनों के जोखिम के लिए कंपनी का जोखिम मुख्य रूप से अस्थायी ब्याज दरों के साथ दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा ऋण से संबंधित है। कंपनी अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित विदेशी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति के अनुसार अपनी ब्याज दर जोखिम का प्रबंधन करती है। बाजार में ब्याज दर जोखिम को उपयुक्त व्युत्पन्न और उत्पादों के माध्यम से कांट–छांट दिया जाता है, जैसेकि ब्याज दर स्वैप और पूर्ण मुद्रा स्वैप, जिसमें यह विनिर्दिष्ट अंतराल पर स्थायी और परिवर्तनीय दर ब्याज के बीच के अंतर के लिए सहमत मूल प्रधान राशि के आदान प्रदान हेतु सहमति देता है।

ब्याज दर संवेदनशीलता

स्वैप अनुबंधों के प्रभाव पर विचार करने के बाद, विदेशी मुद्रा ऋण और उधार के अस्थायी दर हिस्से पर ब्याज दरों में तर्कसंगत रूप से संभव परिवर्तन के लिए निम्न तालिका संवेदनशीलता को दर्शाती है :–

गेल के लिए :–

विवरण	31/03/2018			31/03/2017		
	अमेरिकी डॉलर	(मिबोर)	अन्य	अमेरिकी डॉलर	(लिबोर)	अन्य
वृद्धि / कमी (मूल बिंदु में)	10	-10	Nil	10	-10	Nil
कर पूर्व लाभ पर प्रभाव (करोड़ रुपए में)	-0.11	0.11		-0.49	0.49	

*लिबोर–लंदन इंटरबैंक प्रस्ताव दर

अन्य सभी परिवर्तनों के स्थिर होने पर, निम्न तालिका कॉर्पोरेट लिंक्ड जमा योजना (सीएलटीडी) पर ब्याज दरों में पर्याप्त संभव परिवर्तन के उतार–चढ़ाव को दर्शाती है :–

विवरण	31-03-2018			31-03-2017		
	आईएनआर (मिबोर)		अन्य	आईएनआर (मिबोर)		अन्य
वृद्धि / कमी (एमआईबीओआर)	+100	-100	Nil	+100	-100	Nil
कर पूर्व लाभ पर प्रभाव (करोड़ रुपए में)	8.66	-8.66		1.36	-1.36	

नीचे दी गई तालिका, समूह के कर पूर्व लाभ पर संभावित वृद्धि या कमी के प्रभाव को संक्षेप में दर्शाती है, जैसाकि ऋण और उधार पर ब्याज दरों के परिवर्तनीय घटकों पर लागू होता है। भारतीय रुपए में ऋण में संभावित ब्याज दर के प्रबंधन अनुमानों पर वृद्धि / कमी आधारित है।

गेल गैस लिमिटेड के लिए :–

विवरण	31/03/2018		31/03/2017	
	आईआर आधार बिंदु में वृद्धि / कमी			
वृद्धि / कमी (आधार बिंदु में)	+100	-100	+100	-100
कर पूर्व लाभ पर प्रभाव (करोड़ रु. में)	शून्य	शून्य	(0.81)	0.81

टीएनजीसीएल के लिए :–

विवरण	31/03/2018		31/03/2017	
	आईआर आधार बिंदु में वृद्धि / कमी			
वृद्धि / कमी (आधार बिंदु में)	+100	-100	+100	-100
कर पूर्व लाभ पर प्रभाव (करोड़ रु. में)	(0.07)	0.07	(0.08)	0.08

ख. विदेशी मुद्रा जोखिम

विदेशी मुद्रा जोखिम वह जोखिम है जिसमें विदेशी मुद्रा दरों में होने वाले बदलावों के कारण वित्तीय साधन के उचित मूल्य या भावी नकदी प्रवाह में संवेदनशील हो जाता है। कंपनी स्थानीय मुद्रा में और विदेशी मुद्रा में, मुख्यतः अमेरिकी डॉलर में व्यापार करती है। कंपनी ने विदेशी मुद्रा ऋण और विदेशी मुद्रा व्यापार का भुगतान और प्राप्तियां प्राप्त की हैं और इसलिए उसे विदेशी मुद्रा जोखिम हो सकता है। अपने बोर्ड की अनुमोदित नीति के अनुसार, कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिम को साधारण व्युत्पन्न उत्पादों जैसेकि विदेशी मुद्रा विकल्प अनुबंध, स्वैप अनुबंध या ऐसे जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए भावी अनुबंधों के माध्यम से कम कर सकती है। उचित मूल्य पर किए गए इन विदेशी मुद्रा अनुबंधों की अंतर्निहित अनुबंध की आवश्यकता और कंपनी की जोखिम प्रबंधन कार्यनीति के आधार पर अलग–अलग परिपक्वता हो सकती है।

विदेशी मुद्रा संवेदनशीलता

निम्न तालिका कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा में अमेरिकी डॉलर, यूरो और अन्य मुद्राओं में संवेदनशीलता को दर्शाती है, जबकि अन्य सभी परिवर्तन स्थिर हैं। कंपनी के कर पूर्व लाभ पर प्रभाव मौद्रिक परिसंपत्ति के उचित मूल्य और विदेशी मुद्रा व्युत्पन्न सहित देयताओं में परिवर्तन के कारण है।

गेल के लिए :–

विवरण	31-03-2018				31-03-2017			
	अमेरिकी डॉलर		अन्य मुद्रा		अमेरिकी डॉलर		अन्य मुद्रा	
विनिमय दर (प्रतिशत) में वृद्धि / कमी	1%	-1%	1%	-1%	1%	-1%	1%	-1%
कर पूर्व लाभ पर प्रभाव (करोड़ रुपए में)	-15.91	15.91	-0.98	0.98	-45.62	45.62	-1.86	1.86

जीजीएसपीएल के लिए :–

विवरण	31/03/2018				31/03/2017			
	ईजीपी		एसजीडी		ईजीपी		एसजीडी	
विनिमय दर (प्रतिशत) में वृद्धि / कमी	-3%	3%	-6%	6%	-51%	51%	-4%	4%
कर पूर्व लाभ पर प्रभाव (करोड़ रुपए में)	0.00	(0.00)	0.03	(0.03)	11.76	(11.76)	0.01	(0.01)

ग) वस्तु मूल्य जोखिम

कंपनी विपणन और अपनी आंतरिक खपत के आधार पर एलएनजी का आयात करती है तथा भारत में ग्राहकों को कीमतों में हुए उतार–चढ़ाव के बैक टू बैक प्रभाव से बचा कर रखा जाता है। हालांकि, आयातित मात्रा का एक हिस्सा बैक टू बैक आधार पर अनुबंधित नहीं होता। चूंकि अधिकतर एलएनजी खरीद अनुबंध की कीमतें कच्चा तेल आधारित सूचकांक पर आधारित हैं, इसलिए कंपनी कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव का सामना कर रही है। इस क्रूड लिंक्ड कीमत जोखिम को कम करने के लिए, कंपनी बोर्ड द्वारा अनुमोदित 'प्राकृतिक गैस मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति' के अनुरूप उचित व्युत्पन्न उत्पाद ले रही है।

31 मार्च 2018 को, खुले व्युत्पन्न अनुबंध के संबंध में कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं है।

घ. इक्विटी मूल्य जोखिम

कंपनी के सूचीबद्ध और गैर–सूचीबद्ध इक्विटी निवेश इन निवेशों के भावी मूल्यों के बारे में अनिश्चितता से उत्पन्न बाजार मूल्य जोखिम के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं। कंपनी नियमित आधार पर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा निवेश की समीक्षा के माध्यम से इक्विटी मूल्य जोखिम का प्रबंधन करती है। कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी के सभी इक्विटी निवेश निर्णयों की समीक्षा करता है और स्वीकृति प्रदान करता है।

किसी सूचित तारीख को, उचित मूल्य पर गैर–सूचीबद्ध न किया गया इक्विटी निवेश 172.90 करोड़ (पिछले वर्ष 188.07 करोड़ रुपए) था। सूचित तारीख को, उचित मूल्य पर सूचीबद्ध इक्विटी निवेश का जोखिम 5488.92 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 5712.87 करोड़ रुपए) था। स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध इक्विटी निवेश के शेयर मूल्य में (+/–) 10 प्रतिशत की विविधता ओसीआई पर लगभग (+/–) 549 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 571 करोड़ रुपए) और कंपनी के इक्विटी निवेश पर लगभग का प्रभाव हो सकता है। इन परिवर्तनों का लाभ या हानि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

II) नकदी जोखिम

नकदी वह जोखिम है जिसमें कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों के लिए वित्तपोषण के उपयुक्त स्रोत उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। कंपनी का उद्देश्य नकदी और अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नकदी का इष्टतम स्तर बनाए रखना है। कंपनी अपनी नकदी की स्थिति पर नजर रखती है और एक सुदृढ़ नकद प्रबंधन प्रणाली स्थापित करती है। यह अपनी अल्पावधि और दीर्घकालिक निधि आवश्यकताओं जैसे ओवरड्राफ्ट सुविधा और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के माध्यम से दीर्घकालिक उधार लेने के वित्तपोषण के पर्याप्त स्रोत भी रखता है।

गेल के लिए

नकदी जोखिम – 31.03.2018 के अनुसार परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

विवरण	मांग पर	3 माह से कम	3 से 12 माह	>1 से 5 वर्ष	>5 वर्ष	कुल
उधार (गैर–वर्तमान)#	-	-	-	727.66	266.20	993.86
उधार (वर्तमान) #	-	47.56	1086.55	-	-	1134.10
उधार पर ब्याज ##	-	30.79	102.89	228.31	31.82	393.82
व्यापार देयताएं	-	3881.55		-	-	3881.55
अन्य वित्तीय देयताएं (वर्तमान)	-	3983.89		-	-	3983.89
अन्य वित्तीय देयताएं (गैर–वर्तमान)	-	-	-	775.59	-	775.59
कुल	**-**	**7943.79**	**1189.44**	**1731.56**	**298.02**	**11162.81**

#उधार में व्युत्पन्न अनुबंधों का प्रभाव शामिल है।

##इसमें अर्जित ब्याज भी शामिल है, लेकिन यह 31.03.2018 को देय नहीं है बल्कि इसके ब्याज का भुगतान परिपक्वता पर किया जाएगा।

नकदी जोखिम – 31.03.2017 के अनुसार परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

विवरण	मांग पर	3 माह से कम	3 से 12 माह	>1 से 5 वर्ष	>5 वर्ष	कुल
उधार (गैर–वर्तमान)#	-	-	-	2652.22	391.20	3043.42
उधार (वर्तमान)#	-	235.97	1837.86	-	-	2073.83
उधार पर ब्याज ##	-	126.47	239.72	499.82	62.95	928.96
व्यापार देयताएं	-	2716.01	-	-	-	2,716.01
अन्य वित्तीय देयताएं (वर्तमान)	-	1744.48	-	-	-	1744.48
अन्य वित्तीय देयताएं (गैर–वर्तमान)	-	-	-	609.45	-	609.45
कुल	**-**	**4822.93**	**2077.58**	**3761.49**	**454.15**	**11116.15**

#उधार में व्युत्पन्न अनुबंधों का प्रभाव शामिल है।

इसमें अर्जित ब्याज भी शामिल है, लेकिन यह 31.03.2017 को देय नहीं है बल्कि इसके ब्याज का भुगतान परिपक्वता पर किया जाएगा।

गेल गैस के लिए :–

नकदी जोखिम – 31.03.2018 के अनुसार परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

31.03.2018 के अनुसार	मांग पर	3 माह से कम	3 –12 माह	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
ब्याज –युक्त ऋण और उधार	-	3.08	12.48	72.22	65.90	153.68
व्यापार और अन्य देय	-	235.72	-	-	-	235.72
अन्य वित्तीय देयताएं	72.48	0.34	31.44	-	-	104.26

नकदी जोखिम – 31.03.2017 के अनुसार परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

31.03.2017 के अनुसार	मांग पर	3 माह से कम	3 –12 माह	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
ब्याज –युक्त ऋण और उधार	9.48	17.02	38.81	167.37	36.98	269.66
व्यापार और अन्य देय	-	111.29	-	-	-	111.29
अन्य वित्तीय देयताएं	43.40	4.63	17.90	-	-	65.93

जीजीएसपीएल के लिए :–

नकदी जोखिम – परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

विवरण	1 वर्श से कम	1 और 5 वर्श के बीच	कुल
वित्त वर्ष 2017–18 के लिए			
यापार और अन्य देय	583.39	-	583.39
उधार	299.84	10.18	310.02
कुल गैर रियायती वित्तीय देयताएं	**883.23**	**10.18**	**893.41**
वित्त वर्ष 2016–17 के लिए			
व्यापार और अन्य देय	270.33	-	270.33
उधार	**0.39**	**16.69**	**17.09**
कुल गैर रियायती वित्तीय देयताएं	**270.72**	**16.69**	**287.42**

टीएनजीसीएल के लिए :–

नकदी जोखिम – 31.03.2018 के अनुसार परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

विवरण	मांग पर	3 माह से कम	3 –12 माह	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
ब्याज –युक्त ऋण और उधार – देय ब्याज	-	0.10	0.43	0.31	-	0.84
ब्याज –युक्त ऋण और उधार – देय मूल धन	-	0.30	1.57	4.93	-	6.80
व्यापार और अन्य देय	-	1.29	-	-	-	1.29
देय व्यय	-	1.76	-	-	-	1.76
पूंजी व्यय के लिए देयता	-	0.64	-	-	-	0.64
प्रतिभूति जमा (मुख्य उद्योग उपभोक्ताओं से)	0.15	-	-	-	-	0.15
ग्राहकों से प्रतिभूति जमा एकत्र किया गया	8.48	-	-	-	-	8.48
संविदाकारों से प्रतिभूति जमा एकत्र किया गया	-	3.39	0.71	-	-	4.10
धरोहर राशि जमा (ईएमडी)	-	-	0.32	-	-	0.32
प्रतिभूति जमा (गेलीलियो)	0.35	-	-	-	-	0.35
प्रतिभूति जमा / प्रतिधारण राशि (आपूर्तिकर्ता)	-	0.25	0.16	-	-	0.41
कुल	**8.97**	**7.73**	**3.19**	**5.24**	**-**	**25.14**

नकदी जोखिम – 31.03.2017 के अनुसार परिपक्वता रूपरेखा

(करोड़ रु. में)

विवरण	मांग पर	3 माह से कम	3 –12 माह	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
ब्याज –युक्त ऋण और उधार – देय ब्याज	-	0.19	0.47	-	-	0.66
ब्याज –युक्त ऋण और उधार – देय मूल धन	-	0.60	1.82	6.07	-	8.49
व्यापार और अन्य देय	-	1.10	-	-	-	1.10
व्यय देय	-	1.13	-	-	-	1.13
प्रतिभूति जमा (मुख्य उद्योग उपभोक्ताओं से)	0.15	-	-	-	-	0.15
ग्राहकों से प्रतिभूति जमा एकत्र किया गया	6.52	0.02	0.03	0.25	-	6.81
संविदाकारों से प्रतिभूति जमा एकत्र किया गया	3.25	-	-	-	-	3.25
धरोहर राशि जमा (ईएमडी)	0.36	-	-	-	-	0.36
प्रतिभूति जमा (गेलीलियो)	0.35	-	-	-	-	0.35
प्रतिभूति जमा / प्रतिधारण राशि (आपूर्तिकर्ता)	0.58	-	-	-	-	0.58
कुल	**11.20**	**3.03**	**2.32**	**6.32**	**-**	**22.87**

III) ऋण जोखिम

ऋण जोखिम वह जोखिम है जिसमें किसी वित्तीय साधन का कोई ग्राहक या प्रतिपक्ष निष्पादन करने में असफल हो जाता है या देय भुगतान करने में असफल हो जाता है, जिसके कारण कंपनी को वित्तीय नुकसान होता है जो नकदी और नकद समकक्ष, व्युत्पन्न वित्तीय साधनों और वित्तीय संस्थाओं के पास जमा राशि और मुख्य रूप से बकाया प्राप्तियों से संबंधित ग्राहकों को ऋण जोखिम से होता है। कंपनियों द्वारा जारी गारंटियों के संबंध में ऋण जोखिम भी विद्यमान रहता है। प्रत्येक खंड अपने स्वयं के ऋण जोखिम प्रबंधन और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार होता है। व्यापार करने के जोखिम–प्रतिफल बकाया के भाग को ऋण जोखिम माना जाता है। किसी भी व्यवसाय अनुबंध में प्रवेश करने पर कंपनी द्वारा जोखिम को ऋण जोखिम के रूप में उजागर किया जाता है।

व्यापार प्राप्ति योग्य

ग्राहक ऋण जोखिम का प्रबंधन कंपनी की स्थापित नीति, प्रक्रियाओं और ग्राहक ऋण जोखिम प्रबंधन से संबंधित प्रत्येक व्यवसाय यूनिट द्वारा किया जाता है। बकाया ग्राहक प्राप्तियों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। प्रमुख ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत आधार पर प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को हानि विश्लेषण किया जाता है।

एजिंग विश्लेषण गेल :–

(करोड़ रु. में)

विवरण	न विगत में देय और न ही क्षति	विगत में देय लेकिन क्षति नहीं				कुल
		30 दिन से कम	30 से 60 दिन	60 से 90 दिन	90 दिन से अधिक	
31 मार्च 2018 को	2,855.46	213.17	34.66	-	948.21	4051.50
31 मार्च 2017 को	2,259.71	153.46	311.37	-	1,103.66	3,828.20

संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

निम्नलिखित तालिका में व्यापार प्राप्तियों के लिए संदिग्ध लेखाओं के भत्तों में परिवर्तन को संक्षेप में दर्शाया गया है :

(करोड़ रु. में)

विवरण	31 मार्च 2018	31 मार्च 2017
वर्ष का प्रारंभ	703.52	797.63
क्षति के लिए प्रावधान	-33.02	-94.12
गैर–संग्रह के रूप में वर्ष के दौरान बट्टे खाते में डाली गई प्राप्तियां		
वापिस की गई अप्रयुक्त राशि		
वर्ष की समाप्ति	670.50	703.52

गेल गैस के लिए :–
एजिंग विश्लेषण

(करोड़ रु.में)

व्यापार देय	न विगत में देय और न ही क्षति	विगत में देय लेकिन क्षति नहीं				
		30 दिन से कम	30 से 60 दिन	60 से 90 दिन	90 दिन से अधिक	कुल
31.03.2018	257.81	2.90	3.13	0.63	6.03	270.50
31.03.2017	103.63	3.32	0.55	0.49	3.60	111.59

संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

(करोड़ रु.में)

विवरण	31 मार्च 2018	31 मार्च 2017
वर्ष का प्रारंभ	1.25	1.08
संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान	0.32	0.17
गैर–संग्रह के रूप में वर्ष के दौरान बट्टे खाते में डाली गई प्राप्तियां	-	-
वापिस की गई अप्रयुक्त राशि	-	-
वर्ष की समाप्ति	**1.57**	**1.25**

वित्तीय साधन और नकद जमा

बैंकों और वित्तीय संस्थानों में तुलन–पत्र से ऋण जोखिम का प्रबंधन कंपनी के निधि विभाग द्वारा प्रबंधित अधिशेष निधि और विदेशी मुद्रा लेनदेन के उद्देश्य से अपने पैनलबद्ध बैंक की अनुमोदित सीमा के अनुसार किया जाता है। विदेशी मुद्रा लेनदेन और अधिशेष निधियों का निवेश केवल पैनलबद्ध बैंकों के साथ किया जाता है। सभी बैंकों की ऋण सीमाओं की प्रबंधन द्वारा नियमित आधार पर समीक्षा की जाती है।

IV) पूंजी प्रबंधन

पूंजी प्रबंधन के उद्देश्य के लिए, पूंजी में निर्गम पूंजी और कंपनी के इक्विटी धारकों के लिए अन्य सभी इक्विटी रिजर्व शामिल हैं। कंपनी के पूंजी प्रबंधन का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वह अपने व्यवसाय का समर्थन करने और शेयरधारक मूल्य को अधिकतम करने के लिए ठोस ऋण दर और उचित पूंजी अनुपात बनाए रखे।

कंपनी अपने पूंजी मूलसंरचना का प्रबंधन करती है और आर्थिक स्थितियों में परिवर्तनों और वित्तीय करारों की आवश्यकताओं के अनुरूप समायोजन करती है। पूंजी मूलसंरचना को बनाए रखने या समायोजित करने के लिए, कंपनी शेयरधारकों के लाभांश भुगतान को समायोजित कर सकती है, शेयरधारकों को पूंजी वापस कर सकती है या नए शेयर जारी कर सकती है। रिपोर्टिंग वर्षों के दौरान उद्देश्यों, नीतियों या प्रक्रियाओं में कोई परिवर्तन नहीं किए गए थे।

53) कंपनी आईसीबी (अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली–प्रक्रिया) के माध्यम से दिए गए विक्रेताओं के साथ सूचकांक के रूप में इंड एएस 109 के कुछ अनुबंधों के प्रावधानों की प्रयोज्यता का मूल्यांकन कर रही है, जो तीसरी मुद्रा में अंकित हैं (अर्थात् एक मुद्रा जो अनुबंध में किसी भी पक्ष की कार्यात्मक मुद्रा नहीं है)। इस संबंध में, अन्य पीएसयू के अनुकूल, कंपनी ने उपरोक्त मामले में पत्र संख्या गेल / एनडी / एफ एंड ए / सीओ / ईएसी राय / 2018–19 दिनांक 21 मई 2018 के जरिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा गठित विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी) से राय मांगी है। ईएसी से राय / स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर, कंपनी इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

इसके अलावा कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान निम्नलिखित मुद्दों पर आईसीएआई के ईएसी की राय मांगी है जिसके लिए राय की प्रतीक्षा है :

क) अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की तरफ से प्रदर्शन बैंक गारंटी जारी करने के लिए बैंक को मूल कंपनी द्वारा जारी कॉर्पोरेट गारंटी की आकस्मिक देनदारियों के तहत वित्तीय विवरणों / समावेशन के टिप्पणियों में प्रकटीकरण।

ख) लाभ और हानि के बयान में असाधारण वस्तुओं के रूप में दीर्घकालिक निवेश पर हानि क्षति का प्रकटीकरण।

लंबित राय, कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष के अनुरूप इन मामलों के संबंध में इसे एक लेखांकन उपचार माना है।

54) लेखा वर्गीकरण और उचित मूल्य मापन

मूल्यांकन तकनीक द्वारा वित्तीय उपकरणों का उचित मूल्य निर्धारित करने और प्रकट करने के लिए कंपनी निम्नलिखित पदानुक्रम का उपयोग करती है :

स्तर 1 : समान परिसंपत्तियों या देनदारियों के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (बिना समायोजित) कीमतें।

स्तर 2 : अन्य तकनीकें, जिनके लिए सभी इनपुट, जिनका दर्ज किए गए उचित मूल्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और जिसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता हो।

स्तर 3 : ऐसी तकनीकें जो इनपुट का उपयोग करती हैं, जिनका दर्ज किए गए उचित मूल्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और जो प्रत्यक्ष बाजार डेटा पर आधारित न हो।

गेल के लिए :–

31 मार्च 2018 को कंपनी ने वित्तीय स्थिति के विवरण पर उचित मूल्य पर किए गए निम्नलिखित वित्तीय साधनों का पालन किया था :

संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

(करोड़ रु. में)

विवरण	अग्रेनीत राशि	उचित मूल्य		
	31 मार्च 2018	स्तर 1	स्तर 2	स्तर 3
परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां :				
गैर–वर्तमान				
ऋण	291.02	-	-	261.31
वर्तमान				
ऋण	72.64	-	-	74.98
लाभ और हानि खाते के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां :				
गैर–वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	3.31	-	3.31	-
निवेश				
वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	11.10	-	11.10	-
निवेश	381.47	381.47		
अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां :				
निवेश	5661.82	5488.92	-	172.90
परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं :				
गैर–वर्तमान				
ब्याज युक्त ऋण और उधार				
स्थायी	807.28			821.45
अस्थायी	167.99			167.99
वर्तमान				
ब्याज युक्त ऋण और उधार				
स्थायी	75.82			88.55
अस्थायी	1028.51			1028.51
लाभ और हानि खाते के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं :				
गैर–वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	39.01		39.01	
वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	316.09		316.09	

टिप्पणी :

1. ब्याज–आधारित ऋण और उधार लेने की लागत लगभग उनके उचित बाजार मूल्य के बराबर है।

2. व्यापार प्राप्तियां, नकद और नकद समकक्ष, अन्य बैंक शेष, अन्य प्राप्तियां, व्यापार देय, ब्याज अर्जित और देय, अन्य देनदारियों और अन्य वित्तीय देनदारियों की अग्रेशित राशि को उनकी अल्पकालिक प्रकृति के कारण उनके उचित मूल्य के समान माना जाता है।

3. ऋण के संबंध में, उचित मूल्य की गणना वर्तमान ऋण दर का उपयोग करके नकदी प्रवाह के आधार पर की गई है। काउंटर पार्टी क्रेडिट जोखिम सहित अनावश्यक इनपुट को शामिल करने के कारण उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम में स्तर 3 उचित मूल्यों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

31 मार्च 2017 तक, कंपनी के पास वित्तीय स्थिति विवरण पर उचित मूल्य पर निम्नलिखित वित्तीय साधन थे :

(करोड़ रु. में)

विवरण	अग्रेनीत राशि	उचित मूल्य		
	31 मार्च 2017	स्तर 1	स्तर 2	स्तर 3
परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां :				
गैर–वर्तमान				
ऋण	291.74	-	-	291.74
वर्तमान				
ऋण	68.77	-	-	68.77
लाभ और हानि खाते के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां :				
गैर–वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	6.87	-	6.87	-
निवेश -	-	-	-	
वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	57.39	-	57.39	-
निवेश	-	-	-	-
अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां :				
निवेश	5900.94	5712.87	-	188.07
परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं :				
गैर–वर्तमान				
ब्याज युक्त ऋण और उधार	3003.71	-	-	3003.71
वर्तमान				
ब्याज युक्त ऋण और उधार	2058.43	-	-	2058.43
लाभ और हानि खाते के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं :				
गैर–वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	75.18	-	75.18	-
वर्तमान				
व्युत्पन्न साधन	59.28	-	59.28	-

टिप्पणी :

1. ब्याज–आधारित ऋण और उधार लेने की लागत लगभग उनके उचित बाजार मूल्य के बराबर है।

2. व्यापार प्राप्तियां, नकद और नकद समकक्ष, अन्य बैंक शेष, अन्य प्राप्तियां, व्यापार देय, अन्य देय और अन्य वित्तीय देतयाओं की अग्रेशित राशि को उनकी अल्पकालिक प्रकृति के कारण उनके उचित मूल्य के समान माना जाता है।

3. ऋण के संबंध में, उचित मूल्य की गणना वर्तमान ऋण दर का उपयोग करके नकदी प्रवाह के आधार पर की गई है। काउंटर पार्टी क्रेडिट जोखिम सहित अनावश्यक इनपुट को शामिल करने के कारण उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम में स्तर 3 उचित मूल्यों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

   वित्तीय परिसम्पत्तियों और दायित्वों के उचित मूल्य राशि में शामिल है जिसमें फोर्स्ड या डिक्विडेशन विक्रय के अलावा इच्छुक पार्टियों के बीच वर्तमान लेन–देन में विनिमय किया जा सकता है।

मूल्यांकन के लिए उल्लेखनीय अप्रभावी इनपुट का वर्णन :

निम्नलिखित तालिका मूल्यांकन तकनीकों और वित्तीय साधनों के लिए प्रयुक्त इनपुट को दर्शाती है :

	31 मार्च 2018 को	31 मार्च 2017 को
निवेश	जोखिम समायोजित छूट दर का प्रयोग करके छूट प्राप्त नकद प्रवाह	

निम्न तालिका स्तर 3 के उचित मूल्यों के लिए समापन शेष की तुलना में प्रारंभिक बकाया का समायोजन दर्शाती है :

विवरण	राशि (करोड़ रुपए में)
31 मार्च 2017 को शेष	**188.07**
जमा : वर्ष के दौरान अतिरिक्त निवेश	2.02
घटाएं : अन्य व्यापक आय में मान्यता–प्राप्त उचित मूल्य हानि	17.19
31 मार्च 2018 को शेष	**172.90**

टीएनजीसीएल के लिए :–

31 मार्च 2018 को कंपनी ने वित्तीय स्थिति के विवरण पर उचित मूल्य पर किए गए निम्नलिखित वित्तीय साधनों का पालन किया था :

(₹ in Crore)

विवरण	अग्रेनीत राशि	उचित मूल्य	उचित मूल्य		
	31 मार्च 2018	31 मार्च 2018	स्तर 1	स्तर 2	स्तर 3
परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां :					
गैर–वर्तमान					
ऋण और प्राप्तियां	0.01	0.01			
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	0.87	0.87			
कुल	**0.88**	**0.88**	-	-	-
परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं :					
गैर–वर्तमान					
उधार	4.40	4.40			
कुल	**4.40**	**4.40**			-

व्यापार प्राप्तियां, नकद और नकद समकक्ष, अन्य बैंक शेष, ऋण, बैंक जमा, व्यापार देय और अन्य वित्तीय देतयाओं की अग्रेशित राशि को उनकी अल्पकालिक प्रकृति के कारण उनके उचित मूल्य के समान माना जाता है।

31 मार्च 2017 को कंपनी ने वित्तीय स्थिति के विवरण पर उचित मूल्य पर किए गए निम्नलिखित वित्तीय साधनों का पालन किया था :

विवरण	अग्रेनीत राशि	उचित मूल्य	उचित मूल्य		
	31 मार्च 2017	31 मार्च 2017	स्तर 1	स्तर 2	स्तर 3
परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां :					
गैर–वर्तमान					
ऋण और प्राप्तियां	0.01	0.01			
